

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 इंगलैंड का टेस्ट दौरा भारतीय क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण मोड़ है: पुजारा

नडडा टटोलेंगे संगठन की नब्ज, 31 मई को आएंगे जयपुर 12



वर्ष : 13 | अंक : 48 | पटना, गुरूवार, 29 मई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com


# पीएम मोदी के बिहार दौरे को लेकर सुरक्षा सख्त, यातायात व्यवस्था में बदलाव

**प्रातः किरण/एजेंसी**

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने दो दिवसीय बिहार दौरे पर गुरुवार, यानी आज पटना आ रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री का यह पहला बिहार दौरा है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त की गई है। प्रधानमंत्री 29 मई को पटना में एक साथ कई परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसके साथ ही पटना एयरपोर्ट से भारतीय जनता पार्टी कार्यालय तक रोड शो करेंगे। रोड शो के दौरान सुरक्षा को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। शहर के कई सड़कों पर यातायात भी प्रतिबंधित रहेगा, जिस कारण लोगों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना होगा। कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री गुरुवार शाम पटना एयरपोर्ट पहुंचेंगे और टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। साथ ही बिहटा एयरपोर्ट का शिलान्यास भी करेंगे। इसके बाद उनका रोड शो शुरू होगा, जो करीब 45 मिनट चलेगा। रोड शो में प्रधानमंत्री एयरपोर्ट से डुमरा चौकी, बेली रोड, आयकर गोलंबर होते हुए वीरचंद पटेल पथ स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे। रोड-शो के दौरान सुरक्षा को लेकर शहर में 200 मजिस्ट्रेट के साथ 3 हजार से ज्यादा पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। रोड-शो के रास्ते में पड़ने वाली इमारतों पर स्नाइपर की तैनाती रहेगी। देश के कई राज्यों में कोरोना के दस्तक को देखते हुए बिहार में प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान कोरोना जांच कराने को लेकर खास निर्देश दिये गये हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से निर्देशित किया गया है कि



प्रधानमंत्री के 100 मीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों की कोरोना जांच अनिवार्य होगी। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पटना और रोहतास के बिक्रमगंज में सभा के दौरान एनएसजी की टीम भी तैनात रहेगी। यातायात व्यवस्था में बदलाव प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था में गुरुवार शाम 4 से रात 8 बजे तक बदलाव किया गया है। बेली रोड पर डुमरा चौक से आयकर गोलंबर तक दोनों लेन में गाड़ियों का परिचालन बंद रहेगा। फुलवारी की ओर से एयरपोर्ट की तरफ आने वाले रास्ते को शाम 4 बजे के बाद पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। जगदेव पथ और आशियाना दीघा रोड से होकर उत्तर की ओर जा सकते हैं। चितकोहरा गोलंबर के रूट से एयरपोर्ट जाने के लिए यात्रियों को टिकट दिखाना होगा। डुमरा चौकी से किसी गाड़ी के आने पर रोक रहेगी।

## रोड शो के दौरान 25 से अधिक जगहों पर पीएम का स्वागत

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में पटना एयरपोर्ट से लेकर भाजपा ऑफिस तक कुल 32 मंच को तैयार किया गया है। उक्त जानकारी पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने दी। मंत्री ने तैयारी का जायजा लिया। बताया कि एयरपोर्ट, केंद्रीय विद्यालय, जेडी वुमेंस कॉलेज, चिड़िया घर, राजवंशी मोड, हनुमान मंदीर, पुनाईचक, हड़ताली मोड, पटना वुमेंस कॉलेज, इंकॉम टैक्स समेत अन्य जगहों पर मंच बनेगा। वहीं,करीब 25 से अधिक सामाजिक संस्थानों द्वारा अलग-अलग मंच से स्वागत की तैयारी की जा रही है। इसमें बिहार इंडस्ट्री एसोसिएशन, बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स, लायंस इंटरनेशनल, रोटरी इंटरनेशनल, श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा समिति, श्री श्री महाशिवरात्री महोत्सव शोभा यात्रा समिति, चिन्तामणि दिव्यांग फाउण्डेशन, आशियाना नगर मैनेजमेंट कमिटि, दधीची देहदान समिति, पाटलिपुत्रा सरार्फा संघ, आर्शिवाद सेवा समिति, मां वैष्णो देवी सेवा समिति, पाटलिपुत्र सरार्फा संघ, पाटलिपुत्र व्यवसायी संघ, श्री दशहरा समिति ट्रस्ट, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, न्यू मार्केट डुकंदर कल्याण समिति, बिहार फ्लाई ऐश प्रिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, अहिरवाड़ सेवा समिति, श्री श्री राम नवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति, ठाकुरबाड़ी व्यवसायी संघ, दधीचि देह दान समिति, खेतान मार्केट ओनर्स एसोसिएशन, मगध मोटर्स स्पोर्ट्स क्लब, आशियाना नगर प्रबंधन समिति, श्री पटना गुजराती समाज, श्री जैन श्वेताम्बर संघ समेत अन्य सामाजिक संगठन मौजूद रहेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री जी के स्वागत में कई राज्य के कार्यकताओं भी मौजूद रहेंगे।

**प्रधानमंत्री देंगे विकास की सौगात :**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले दो दिनों में चार राज्यों का दौरा करेंगे और कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। सिक्किम, पश्चिम बंगाल और बिहार होते हुए वे उत्तर प्रदेश आयेंगे। 30 मई को बिहार के काराकाट में सुबह प्रधानमंत्री 48,520 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। वे एक सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे जहां वे दोपहर कानपुर नगर में करीब 20,900 करोड़ रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। वे एक सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### परिवार की तीसरी पीढ़ी की पहचान बने राजद अध्यक्ष

**➤ तेजस्वी यादव के बेटे का नाम- इराज लालू यादव**

पटना। लालू परिवार ने नए मेहमान का नामकरण हो गया है। मंगलवार को जब से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई तब से लोग उसके नाम जानने को लेकर उत्सुक थे। अब राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद ने इसका खुलासा कर दिया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर बताया कि हमलोगों ने अपने पोते का नाम इराज रखा है। मंगलवार को ही नामकरण कर दिया गया था। लालू प्रसाद ने अपने पोस्ट में लिखा कि हमारी पोती कात्यायनी के छोटा भाई का नाम इराज रखा गया है। यह नाम उसकी दादी राबड़ी और मैंने मिलकर रखा है। तेजस्वी और राजश्री ने उसका पूरा नाम इराज लालू यादव रखा है। लालू प्रसाद ने आगे कहा कि कात्यायनी का जन्म कात्यायनी अष्टमी के दिन हुआ था, जो नवरात्रि के छठे दिन होता है, और यह नन्हा खुशियों का खजाना बजरंग बली हनुमान जी के मंगल दिन मंगलवार को पैदा हुआ है, इसलिए इसका नाम इराज रखा गया। आप सभी के शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद! नवजात और उसकी मां दोनों स्वस्थ हैं। बता दें कि भगवान हनुमान, पुष्प, आदि जल से उत्पन्न, प्रेम के देवता काम का दूसरा नाम है।

### राज्यसभा सदस्य बनेंगे कमल हासन

चेन्नई। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता और राजनीतिक पार्टी मक्कल निधि मैयम के संस्थापक कमल हासन का राज्यसभा सदस्य बनना लगभग तय हो गया है। डीएमके ने एमएनएम को राज्यसभा की एक सीट दी है, जिसके बाद कमल हासन को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान डीएमके के साथ हुए समझौते के अनुसार एमएनएम को एक राज्यसभा सीट आवंटित की गई है। इसके तहत डीएमके ने बुधवार को बयान जारी कर कमल हासन की उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा की। डीएमके ने अपने चार उम्मीदवारों की घोषणा की, जिनमें कमल हासन भी शामिल हैं। शेष तीन उम्मीदवार हैं- पी विल्सन, प्रसिद्ध लेखिका सलमा और एस.आर. शिवलिंगम। राज्यसभा में वर्तमान में रिक्त 8 सीटों के लिए अगले महीने की 19 तारीख को चुनाव होंगे। इनमें से 6 तमिलनाडु और 2 असम से हैं। 234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा में डीएमके के 134 विधायक हैं, जिससे डीएमके को छह में से चार सीटें मिलने और शेष दो सीटें एआईएडीएमके के पास जाने की संभावना है।

### राष्ट्रपति भवन में दो दिवसीय साहित्य सम्मेलन का आयोजन

नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन 29 और 30 मई को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में साहित्य अकादमी (संस्कृति मंत्रालय) के सहयोग से साहित्यिक सम्मेलन का आयोजन करेगा। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 29 मई को संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और देशभर के साहित्यकारों की मौजूदगी में सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर विभिन्न सत्र होंगे ।

**आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी**

# खरीफ के 14 फसलों की एमएसपी में वृद्धि

**धान, बाजरा, मक्का, उडद, मूंगफली और सूरजमुखी फसलों के एमएसपी में बढ़ोत्तरी**

**प्रातः किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 में खरीफ की फसल के लिए धान, बाजरा, मक्का, उडद, मूंगफली और सूरजमुखी बीज सहित 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी।

बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विपणन सीजन 2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दे दी गयी है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि नाइजरसीड में 820 रुपये प्रति क्विंटल, रागी में 596 रुपये प्रति क्विंटल, कपास में 589 रुपये प्रति क्विंटल और तिल में 579 रुपये प्रति क्विंटल की गयी है। श्री वैष्णव ने बताया कि धान सामान्य का एमएसपी का 2300 रुपए से बढ़ाकर 2369 रुपए और धान ए का 2320 रुपए से 2389 रुपए प्रति क्विंटल, ज्वार संकर का 3371 रुपए से 3699 रुपए प्रति क्विंटल और ज्वार मालदंडी का 3421 रुपए से 3749 रुपए प्रति क्विंटल, बाजरा का 2625 रुपए से 2775 रुपए, रागी का 4290 रुपए से 4886 रुपए और मक्का का 2225 रुपए से 2400 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि अरहर का एमएसपी 7550 रुपए से बढ़ाकर 8000 रुपए प्रति क्विंटल, मूंग का 8682 रुपए से 8786 रुपए प्रति क्विंटल और उडद का 7400 रुपए से 7800 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इसके अलावा मूंगफली का एमएसपी 6783 रुपए से बढ़ाकर 7263 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी के बीज का 7280 रुपए से 7721 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन-पीला का 4892 रुपए से 5328 रुपए प्रति क्विंटल, तिल का 9267 रुपए से 9846 रुपए प्रति क्विंटल, नाइजर सीड 8717 रुपए से 9537 रुपए प्रति क्विंटल और कपास - मध्यम का 7121 रुपए से 7710 रुपए और कपास - लंबा 7521 रुपए से 8110 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपणन सत्र 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 की घोषणा के अनुरूप है। वर्ष 2014-15 से वर्ष 2024-25 की अवधि के दौरान 14 खरीफ फसल उगाने वाले किसानों को दी गई एमएसपी राशि 16.35 लाख करोड़ रुपये थी।



## बिहार में सड़क-पुल की 367.94 करोड़ की योजना का डीपीआर स्वीकृत : सम्राट

**■ डिप्टी सीएम चौधरी बोले- केंद्र ने 367 करोड़ मंजूर किए**

पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने चंपारण, बांका, पटना समेत बिहार के 20 जिलों में ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए 367 करोड़ रुपये की योजना के डीपीआर को स्वीकृति दी है। इससे लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने बिहार के गांवों का कायाकल्प करने वाली निर्माण योजनाओं को स्वीकृति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। चौधरी ने बताया कि पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर प्रखंड में नारा नदी पुल से खतौनी रोड तक 268.32 मीटर लंबे आरसीसी पुल के निर्माण के लिए 23 करोड़ 60 लाख 79 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-ककक अंतर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बिहार के अररिया, अरवल, औरंगाबाद, बांका, बेगूसराय, भोजपुर, सारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर, पटना, समस्तीपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली और पश्चिम चंपारण सहित कुल 20 जिलों में ग्रामीण पथों और पुलों के निर्माण के लिए डीपीआर को स्वीकृति दी गई है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने राज्य को कुल 5 ग्रामीण सड़कें (33.65 किमी) और 103 पुल (3891.71 मीटर) के निर्माण के लिए 367.94 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। 367.94 करोड़ रुपये की योजना में राज्य के हिस्से के तहत बिहार सरकार 153.94 करोड़ रुपये का खर्च वहन करेगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार की यह पहल गांवों को शहरों से जोड़ने की दिशा में एक सशक्त कदम है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि सुविधाओं तक ग्रामीणों की पहुंच बहुत आसान हो जाएगी।

## मुख्यमंत्री निर्माणाधीन 6 लेन शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल का किया निरीक्षण

### शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल का निर्माण कार्य तेजी से करें पूरा : सीएम नीतीश



**प्रातः किरण**

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को निमार्णाधीन 6 लेन शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शेरपुर में स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने गंगा नदी में चल रहे पुल निर्माण कार्य का भी स्थल पर जाकर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि नेशनल हाईवे ऑथरिटी ऑफ इंडिया भारत सरकार द्वारा गंगा नदी पर 3200 करोड़ रुपये की लागत से 6 लेन गंगा पुल का निर्माण कराया जा रहा है। यह पुल पटना जिले के शेरपुर से सारण जिला के दिघवारा तक जाता है। इस पुल की लम्बाई 14.52 किलोमीटर है। यह पुल पटना शहर के रिंग रोड के रूप में भी कार्य करेगा। पुल का निर्माण कार्य 2027 तक पूर्ण होने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शेरपुर और दिघवारा के बीच बन रहे इस 6 लेन गंगा पुल का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। इस 6 लेन पुल के नीचे से पटना छोर की तरफ जेपी गंगा पथ का भी निर्माण कराया जा रहा है। यह 6 लेन पुल बिहटा सरमेरा पथ से भी जुड़ेगा। इस पुल का निर्माण पूर्ण होने से उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच संपर्कता और सुगम होगी। साथ ही पटना के पश्चिमी छोर के लोगों को भी एक जगह से दूसरी जगह जाने में सहूलियत होगी। पटना रिंग रोड का हिस्सा होने के कारण

लोगों को राजधानी की चारों दिशाओं में आना-जाना आसान होगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार,मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर पुदुकलकट्टी, पथ निर्माण विभाग के सचिव बी कार्तिकेय धनजी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार, नेशनल हाई-वे ऑथरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

## वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित ब्याज छूट योजना को जारी रखने को मंजूरी

**प्रातः किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित ब्याज छूट योजना के तहत ब्याज छूट घटक को जा-री रखने और आवश्यक निधि व्यवस्था को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुयी मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। बैठक के बाद केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुये कहा कि एमआईएसएस एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका उद्देश्य किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को सस्ती ब्याज दर पर अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। कैबिनेट का फैसला किसानों की आय को दोगुना करने, ग्रामीण ऋण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और समय पर और सस्ती ऋण पहुंच के माध्यम से कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। मंत्री ने कहा कि मौजूदा ऋण लागत प्रवृत्तियों, औसत एमसीएलआर और रेपो दर को देखते हुए, ग्रामीण और सहकारी बैंकों का समर्थन करने और किसानों के लिए कम लागत वाले ऋण तक निरंतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ब्याज छूट दर को 1.5 प्रतिशत पर बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत किसानों को केसीसी के माध्यम से सात प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर तीन लाख रुपये तक के अल्पकालिक ऋण प्राप्त हुए, जिसमें पात्र ऋण देने वाली संस्थाओं को 1.5 प्रतिशत ब्याज छूट प्रदान की गई।

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त समय पर ऋण चुकाने वाले किसान शीघ्र पुनर्भुगतान प्रोत्साहन के रूप में तीन प्रतिशत तक के प्रोत्साहन के पात्र हैं, जिससे केसीसी ऋण पर उनकी ब्याज दर प्रभावी रूप से चार प्रतिशत तक कम हो जाती है। पशुपालन या मत्स्य पालन के लिए लिये गए ऋणों पर ब्याज लाभ दो लाख रुपये तक लागू है। श्री वैष्णव ने कहा कि देश में 7.75 करोड़ से अधिक केसीसी खाते हैं। इस समर्थन को जारी रखना कृषि के लिए संस्थागत ऋण के प्रवाह को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है ।

## आठ माह की समुद्री यात्रा के बाद आईएनएसवी तारिणी पोत स्वदेश लौटेगा

**प्रातः किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। आठ माह तक चार महाद्वीपों की चुनौतीपूर्ण समुद्री यात्रा करने के बाद दो महिला अधिकारियों को लेकर, भारतीय नौसेना का पोत आईएनएसवी तारिणी आज स्वदेश लौटेगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने पिछले साल दो अक्टूबर को गोवा के नौसेना महासागर नौकायन नोड से भारतीय नौसेना के नौकायन पोत तारिणी को हरी झंडी दिखाई थी। नौसेना के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि तारिणी के ध्वजारोहण समारोह की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गोवा के मोरमुगाओ बंदरगाह पर करेंगे, जो औपचारिक रूप से वैश्विक जलयात्रा के समापन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस दुर्लभ सफर को पूरा करते हुए लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए और लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के 29 मई को गोवा के तटों पर पहुंचेंगी। प्रवक्ता ने कहा, आठ महीनों की अवधि में नौसेना की जोड़ी (जिसे दिलरू के नाम से जाना जाता है) ने चार महाद्वीपों, तीन महासागरों और तीन ग्रेट केप में 25,400 नॉटिकल मील (लगभग 50,000 किमी) की दूरी तय की, जिसमें मौसम की प्रतिकूल स्थिति और चुनौतीपूर्ण समुद्री लहरों का सामना करते हुए पूरी तरह से पाल और पवन ऊर्जा की मदद ली गई। नौसेना ने कहा कि वह तारिणी के नाविका सागर परिक्रमा-द्वितीय के विजयी दल का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रवक्ता ने कहा, यह अभियान भारत के समुद्री प्रयासों का प्रतीक है, जो वैश्विक तौर पर समुद्री गतिविधियों में राष्ट्र की प्रमुखता और उत्कृष्टता के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और नारी शक्ति साहसी दिल असीम समुद्र के आदर्श वाक्य को दर्शाता है। उभरते भारत के गौरवशाली ध्वजवाह-क के रूप में, लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए और लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना ने फ्रेमेंटल (ऑस्ट्रेलिया), लिटलटन (न्यूजीलैंड), पोर्ट स्टेनली (फॉकलैंड द्वीप) और केप टाउन (दक्षिण अफ्रीका) के बंदरगाहों पर रुककर अपनी आगे की जलयात्रा की।अधिकारियों ने कई कूटनीतिक और आउटरीच कार्यक्रमों में भाग लिया।

# तीनों सेनाओं के कमांडरों को मिले अनुशासनात्मक अधिकार

**राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित नियम 27 मई से प्रभावी होंगे**

**प्रातः किरण**

नई दिल्ली। तीनों सेनाओं के कमांडरों को उनके अधीन काम करने वाले सशस्त्र बल कर्मियों पर अब अनुशासनात्मक अधिकार मिल गए हैं। तीनों सेनाओं को संयुक्त रूप से मजबूत बनाने के लिए रक्षा मंत्रालय का एक विधेयक 2023 में संसद से पारित होने के बाद अब सरकार ने इन नियमों को राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित कर दिया है, जो 27 मई से प्रभावी होंगे। दरअसल, तीनों सेनाओं को संयुक्त रूप से मजबूत करने के लिए आधुनिकीकरण और पुनर्गठन कर थिएटर कमांड बनाने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी के मद्देनजर रक्षा मंत्रालय ने इस कानून के जरिये तीनों सेनाओं के कमांडरों को उनके अधीन काम करने वाले तीनों सशस्त्र बलों के सभी कर्मियों पर अनुशासनात्मक अधिकार दिए हैं। इसे इंटर-सर्विसेज ऑर्गेनाइजेशन (कमांड, कंट्रोल एंड डिसिप्लिन) बिल, 2023 का नाम दिया गया है। इसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार एक अधिसूचना के जरिये ह्यइंटर सर्विसेज ऑर्गनाइजेशन का गठन कर सकती है। इसमें वह संयुक्त सेवा कमांड शामिल हो सकती है, जिसमें यूनिट या सेवा कर्मी शामिल हैं। तीनों सेनाओं को संयुक्त रूप से मजबूत बनाने के लिए रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने 15 मार्च 2023 को लोकसभा के मानसून सत्र में अंतर-सेवा संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक पेश किया था। इसके जरिए तीनों सेनाओं के कमांडरों को उनके अधीन काम करने वाले तीनों सशस्त्र बलों के सभी कर्मियों पर अनुशासनात्मक अधिकार देने की तैयारी थी। लोकसभा से पारित होने के



बाद इस कानून पर 15 अगस्त, 2023 को राष्ट्रपति की भी मुहर लगी थी। अब सरकार ने 27 मई को एक अधिसूचना जारी कर अंतर-सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) अधिनियम 2023 के तहत तैयार किए गए नियमों को राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित किया गया है और यह 27 मई से प्रभावी होंगे। इसे ऐसे समय में लागू किया गया है, जब रक्षा मंत्रालय बदलते सुरक्षा माहौल में खतरों से निपटने के लिए थिएटर कमांड के निर्माण पर काम कर रहा है। इस दिशा में काम करने के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का पद सृजित किया गया है। तीनों सेनाओं में फिलहाल अनुशासन बनाए रखने के लिए वायु सेना अधिनियम-1950, सेना अधिनियम-1950 और नौसेना अधिनियम-1957 लागू हैं, जो संबंधित मामलों के लिए उनकी कमान के अधीन या उनसे जुड़े हुए हैं। अब इस कानून में कहा गया है कि किसी अंतर-सेवा संगठन का कमांडर-इन-चीफ या ऑफिसर-इन-कमांड अंतर सेवा संगठन का प्रमुख होगा। इसलिए उसके अधीन कार्य करने वाले कर्मियों पर पूर्ण नियंत्रण होगा।

सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम का उद्देश्य अंतर-सेवा संगठनों की प्रभावी कमान, नियंत्रण और कुशल कार्यप्रणाली को मजबूत करना है, जिससे सशस्त्र बलों के बीच एकजुटता मजबूत होगी। इन नियमों की अधिसूचना के साथ अधिनियम अब पूरी तरह से लागू हो गया है। इससे आईएसओ के प्रमुखों को सशक्त बनाया जा सकेगा। अनुशासनात्मक मामलों का शीघ्र निपटान किया जा सकेगा और कार्यवाही के दोहराव से बचने में मदद मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दयानंद प्रसाद सिंह फिर बने राजद नगर अध्यक्ष



फतुहा। बुधवार को शहर के वाणी पुस्तकालय में राष्ट्रीय जनता दल के नगर अध्यक्ष एवं वार्ड इकाई का चुनाव फतुहा विधान सभा प्रभारी सह निर्वाचन पदाधिकारी वकील यादव, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी रंजीत गोप के उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें दयानंद प्रसाद सिंह नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष राम प्रसाद यादव निर्वाचित हुए। जबकि विभूतिभूषण कुमार, अमित कुमार चन्द्रवंशी, मनोज कुमार यदुवंशी, ठाकुर प्रसाद तांती, सिद्धेश्वर मोची, दिनानाथ यादव, मोहन कुमार ठाकुर, वीरेन्द्र कुमार, मो० सरफराज अहमद, ममता देवी, अवधेश कुमार, सतीश कुमार, मन्टू जयसवाल, संजय कुमार संजू, कन्हैया कुमार, भोला सिंह, राजेकर केसरी, पिन्टू कुमार सहित 19 कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष अरविन्द यादव, श्याम नंदन यादव, पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, समाजसेवी सुधीर कुमार यादव मौजूद रहे।

### प्रथम दिन किसी भी पद के लिए नामांकन दाखिल करने प्रत्याशी नही पहुंचे

दानापुर। नगर के अंतर्गत नौबतपुर नगर पंचायत चुनाव के नामांकन के प्रथम दिन किसी भी पद के लिए नामांकन दाखिल करने प्रत्याशी नही पहुंचे। नामांकन को लेकर अनुमंडल कार्यालय में तैयारी की गयी है। अनुमंडल कार्यालय में मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद एवं 15 वार्ड के पार्षद पद के लिए नामांकन को लेकर उम्मीदवार नामांकन का पर्चा दाखिल करेगे। नामांकन के निर्धारित अवधि तक नामांकन कार्य में लगे पदाधिकारी व कर्मी बैठे रहे। कोई भी नामांकन के प्रथम दिन नही पहुंचे। अवर निर्वाचन पदाधिकारी बीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आगामी 05 जून तक नामांकन पर्चा अभ्यर्थी दाखिल कर सकेगे। 06-09 जून तक स्कूटनी होगा। 10-12 जून तक लोग अपना नाम वापस कर सकेगें। 13 जून को चुनाव चिन्ह आवंटित किया जायेगा। 28 जून का मतदान एवं 30 जून को मतगणना होगा। उन्होने बताया कि चुनाव को लेकर सारी तैयारी कर ली गयी है। नामांकन दाखिल करने का कार्य बुधवार से प्रारंभ हो गया।

### खुशरूपुर नगर पंचायत के नामांकन शुरू, नहीं खुला खाता

पटना सिटी (प्राकि)। नगर पंचायत खुशरूपुर के दस वार्ड के लिए पार्षद और मुख्य पार्षद के चुनाव केलिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। अनुमंडल कार्यालय में बुधवार से एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी सत्यम सहाय के पास नामांकन कागजात जमा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन किसी ने नामांकन का परचा दाखिल नहीं किया है। पांच जून तक नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक होगा। सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खुशरूपुर रवि कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी गंगा सागर सिंह और कार्यपालक दंडाधिकारी सुनील कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी इंदुबाला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। एसडीओ ने बताया कि अनुमंडल कार्यालय में धारा 144 लागू किया गया है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा छह से नौ जून के बीच होगा। इसके बाद 10 से 12 जून तक अभ्यर्थी नामांकन वापस ले सकेंगे। 13 जून को अभ्यर्थी की सूची का प्रकाशन और प्रतीक चिन्ह को आवंटन होगा 28 जून को मतदान और 30 जून को मतगणना का कार्य होगा।

### शहीदी पर्व को ले रखा गया अखंड पाठ

पटना सिटी (प्राकि)। सिख पंथ के पांचवें गुरु अर्जन देव जी महाराज के शहीदी पर्व मनाया जाएगा। इसे लेकर तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ रखा गया। इसका समापन शहीदी पर्व के दिन शुक्रवार को होगा। उस दिन तख्त साहिब में विशेष दीवान सजेगा, जिसमें भजन कीर्तन व कथा प्रवचन होगा। तख्त के अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ शुरू हुआ। दूसरी ओर तख्त साहिब में शाम को माता साहिब कौर स्त्री साध संगत द्वारा सुखमणि साहिब का पाठ किया गया। वहीं गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में अखंड पाठ भी बाबा गुरविंदर सिंह की देखरेख में रखा गया।

# माहवारी स्वच्छता के बारे में चर्चा जरुरी

**•प्रकृति प्रदत्त स्वाभाविक प्रक्रिया है मासिक धर्म**

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में नित्य नए प्रयोगों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ रखने की कोशिश की जा रही है। लेकिन इस सब के बीच समुदाय में अभी भी माहवारी स्वच्छता पर चुप्पी कायम है। प्रकृति प्रदत्त इस जैविक प्रक्रिया को लेकर महिलाओं को जागरूक होने और स्वच्छता के उच्च तरीकों को अपनाने की बहुत जरुरत है। छात्राओं में मासिक धर्म को लेकर शर्म की नहीं, बल्कि इस जैविक प्रक्रिया की जरुरत के विषय में जानने की जरूरत है। मासिक धर्म के दौरान भी महिलाएं पूरी तरह सक्रिय होकर घर, बाहर या दफ्तर सभी प्रकार के काम करती हैं। मासिक धर्म की स्थिति को अपवित्र मानना या ऐसी ही भ्रांतियों को समुदाय से दूर करने की जरुरत है।

**प्रजनन एवं यौन संक्रमण से बचाव जरुरी**

डॉ. विजेता सिन्हा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम ने बताया कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बहुत जरुरी है। इससे प्रजनन एवं यौन संक्रमण की रोकथाम में मदद मिलती है। माहवारी के दौरान यदि लंबे समय तक स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जाए तो बच्चेदानी में संक्रमण पहुँच जाता है। इससे गर्भधारण बाधित या खत्म भी हो सकती है और प्रसव के समय जटिलता का सामना करना पड़ सकता है।

**माहवारी स्वच्छता पर खुलकर बात करने की जरुरत:**

एम्स की एसोसिएट प्रोफेसर और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. इंदिरा प्रसाद ने बताया कि किशोरावस्था में शरीर और मस्तिष्क का विकास तेजी से होता है। इन बदलावों को समझने और उसे सकारात्मक रूप से लेने के लिए किशोरों को सही सलाह की बहुत जरुरत होती है। संकोचवश वह इस पर अन्य लोगों से चर्चा भी नहीं कर पाती हैं। यही समय है जब लड़कियों को इस संबंध में उचित सलाह देकर जागरूक किया जाए और उन्हें इसके बारे में खुलकर बात करने के लिए प्रेरित किया जाये। मसौढ़ी प्रखंड के रेवा पंचायत में कार्यरत आशा कार्यकर्ता अलका देवी ने बताया कि सामुदायिक स्तर पर किशोरियों एवं महिलाओं को निरंतर जागरूक कर रही हैं एवं माहवारी के दौरान असुरक्षित साधनों के इस्तेमाल की जगह सुरक्षित साधन जैसे सेनेटरी पैड के इस्तेमाल को सुनिश्चित कर रही हैं। पटना सदर की 17 वर्षीय छात्रा पिंकी (बदला हुआ नाम) ने बताया कि मासिक धर्म की शुरूआत होते ही मेरी मां ने पैड इस्तेमाल की सलाह एवं साफ सफाई पर ध्यान देने की बात बताई थी और मैं माहवारी के दौरान इन चीजों का ध्यान रखती हूँ।

# मत्स्य निदेशालय अंतर्गत राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न



**•मछली निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक्सपोर्ट यूनिट का गठन करने पर बल दिया गया**

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार के मत्स्य निदेशालय द्वारा राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षात्मक बैठक आज पटना में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता माननीय मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, श्रीमती रेणु देवी ने की, जबकि संचालन अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी द्वारा किया गया। बैठक में निदेशक मत्स्य, श्री अभिषेक रंजन उपस्थित रहे। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. विजयलक्ष्मी ने कहा कि अब बिहार को केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर ही निर्यात की दिशा में भी कदम बढ़ाना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि अधिकारी एक विशेष कमिटी का गठन करें जो एक्सपोर्ट ओरिएंटेड यूनिट की स्थापना हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करे, ताकि मछली का अन्य देशों में निर्यात किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सरप्लस प्रोडक्शन से ही राज्य मछली के निर्यात में योगदान दे सकता है। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी जिला मत्स्य पदाधिकारियों को इनोवेशन प्रैक्टिस को बढ़ावा देने तथा जिलों में मौजूद मत्स्य अवसंरचना के समुचित रख-रखाव के निर्देश दिए। मधुबनी जिले में चौर क्षेत्र के क्लस्टर मॉडल के तहत हो रहे विकास को एक सकारात्मक उदाहरण बताते हुए उन्होंने इसे अन्य जिलों में भी लागू करने की बात कही। माननीय मंत्री, श्रीमती रेणु देवी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मछुआरों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले, इस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि बारिश प्रारंभ होने से पहले सभी निर्माणाधीन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करा लिया जाए आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पूरे समर्पण और तत्परता के साथ कार्य करें ताकि बिहार को मत्स्य क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाया जा सके। राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लक्ष्य प्राप्ति के आधार पर शेखपुरा, लखीसराय, जहानाबाद, समस्तीपुर एवं अररिया जिलों द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। इन जिलों द्वारा निर्माण कार्यों की समयबद्ध पूर्णता, लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुँच और नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया। समीक्षा के दौरान राज्य योजनाओं, आत्म निर्भर बिहार (सात निश्चय 2) एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा की गई। बिहार देश में मछली उत्पादन में चौथे स्थान पर है। निर्देश दिया गया है कि अपने रैकिंग को और बेहतर बनाने के लिए तत्परता से कार्य करने की आवश्यकता है। इस बैठक में सभी जिलों के जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं विभाग के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# भाजपा चौक व गायघाट मंडल की कार्यसमिति हुई गठित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के चौक और गायघाट मंडल की कार्यसमिति का गठन कर लिया गया है। चौक मंडल के अध्यक्ष अमित कनोडिया ने बताया कि चौक मंडल के पदाधिकारी की घोषणा की गई। इसमें रोशन मेहता, ललित अग्रवाल, दयानंद सिंह, सुनीता गुप्ता, नीरज मिश्रा को उपाध्यक्ष, विनय कुमार को महामंत्री, मनीष कुमार सिंह मंगल को युवा अध्यक्ष की बागडोर दी गई है। रीता गुप्ता को महिला अध्यक्ष तथा धनंजय त्रिपाठी, सुमन कपूर, रिंकू चौधरी को मंत्री बनाया गया है तथा मंडल के कोषाध्यक्ष के रूप में सत्येंद्र कुमार कल्लू, शक्ति केंद्र प्रमुख के रूप में रामनाथ सुमन, अंजय शाह, शशिकांत मिश्रा दायित्व संभालेंगे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, सांसद रविशंकर प्रसाद, जिला अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, महामंत्री विनय केसरी, सरोज जायसवाल, संतोष मेहता, नवल किशोर सिंह, बलराम माधुरी ने बधाई तथा शुभकामना दी। गाय घाट मंडल के अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता ने महामंत्री गोपाल कुमार व अजीत सिंह, उपाध्यक्ष रेखा शर्मा, आरती देवी, अमित आर्य, सुधीर कुमार, शुभम सिन्हा, शिवनारायण प्रसाद, डॉप्रो अनु रानी, आरती सिन्हा, सुनीता सिन्हा, अंजय कुमार, संतोष सिंह, कृष्णकांत मधुकर, कोषाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय, कार्यालय प्रभारी करमचंद दास, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंजीत कुमार शर्मा, महिला मोर्चा रश्मि भारती, अतिपिछड़ा मोर्चा शशि शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा अजीत पासवान, किसान मोर्चा मनोज मेहता, अल्पसंख्यक मोर्चा रंजीत सिंह को मनोनीत किया गया है।

# पदयात्रा कर पहुंचे दिगंबर जैन संत मुनि विशल्य सागर महाराज

**सुदर्शन स्वामी की निर्वाण भूमि श्री कमलदह पटना पहुंचे हैं। बता दें कि 31 व एक जून को श्री कमलदह जैन मंदिर में शिखर कलशारोहण व ध्वज स्थापना होगा**

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



तप, त्याग, साधना की प्रतिमूर्ति तपस्वी संत सराक केशरी मुनि श्री 108 विशल्य सागर जी महाराज का बुधवार की सुबह हाजीगंज स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन गुरारा मंदिर में मंगल प्रवेश हुआ। मीडिया प्रतिनिधि प्रवीण जैन ने बताया कि जैन मुनि श्री के सानिध्य में अभिषेक पूजन किया गया। विश्व शांतिधारा पाठ का उच्चारण मुनि विशल्य सागर महाराज के मुखारविंद से हुआ। आहारचर्या गुलजारबाग स्थित कमलदह दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र में संपन्न हुई। जैन साधु-संतों का स्वागत पटना दिगम्बर जैन समाज ने पाद प्रक्षालन और मंगल आरती कर किया। महिलाएं मस्तक पर मंगल कलश लिये जयकारा गुरुदेव की जयघोष कर रही थीं। जैन मुनि के संघस्थ ब्रह्मचारिणी अलका दीदी ने कहा कि दिगम्बर जैन मुनि की चर्या बहुत कठिन होती है। वे अपने तन पर एक वस्त्र तक धारण नहीं करते। 24 घंटे में एक बार ही जल-आहार ग्रहण करते है, नंगे पांव पदयात्रा करते हैं।नवादा, पावापुरी तीर्थ की यात्रा कर महामुनि श्री सेठ सुदर्शन स्वामी की निर्वाण भूमि श्री कमलदह पटना पहुंचे हैं। बता दें कि 31 मई और एक जून को सुदर्शन पथ स्थित श्री कमलदह जैन मंदिर में शिखर कलशारोहण व ध्वज स्थापना का कार्यक्रम जैन मुनि के सानिध्य में होना तय है। पदविहार में सुनील छावड़ा, सुबोध जैन, प्रवीण जैन, अजित जैन, सम्यक जैन, आशीष जैन, उमंग जैन, रौशन जैन, सोनू जैन, अशोक जैन छाबड़ा आदि जैन समाज शामिल हुए।

# आज सुबह पंजाब से आएगी चार सदस्यों की टीम, बात कर लौटेगी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा इसी माह 21 तारीख को जारी हुकुमनामा के बाद तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारों ने भी हुकुमनामा जारी किया। इससे संगतों के बीच भ्रम की स्थिति बन गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष, कनीय उपाध्यक्ष एवं कुछ सदस्यों का साफ तौर पर कहना है कि वह श्री अकाल तख्त साहिब के हुकुमनामा को नहीं मानते, बल्कि तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारों के द्वारा जो हुकुमनामा जारी किया गया है, वह उसके साथ हैं। तख्तश्री पटना साहिब का संविधान और यहां का जो मयार्दा है, हम उसके साथ हैं। हालांकि वर्तमान कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यगण श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष अनेक बार नतमस्तक हो चुकी है। यही नहीं, जब कमेटी के समानांतर पदाधिकारी की टीम गठित की गई थी, तब कमेटी के पदाधिकारी ने श्री अकाल तख्त साहिब जाकर सहारा लिया था और उस स्थिति में तब उन्हें श्री अकाल तख्त साहिब का हस्तक्षेप अच्छा लगा था। मगर अब जबकि उनके मनोनुकूल आदेश नहीं आया है, ऐसे में कमेटी के कुछ पदाधिकारी और सदस्य श्री अकाल तख्त साहिब के हुकुमनामा का विरोध जता रहे हैं। तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारों का जारी पत्र के साथ होने की बात कह रहे हैं। यही कारण रहा कि श्री अकाल तख्त साहिब की धार्मिक सर्वोच्चता के खिलाफ तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारों ने जब आदेश जारी किया, ऐसे में स्थिति को बिगड़ने से भी रोकने की भरसक कोशिश की गई। यही नहीं, श्री अकाल तख्त साहिब, तख्तश्री दमदमा साहिब और तख्तश्री केसगढ़ साहिब के पंज प्यारों ने पत्र जारी कर श्री अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता की बात कही। तख्श्री कमेटी की बैठक भी हुई, मगर उसमें भी साफ तौर पर निर्णय लिया गया कि वह सब तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारों के द्वारा जारी आदेश के साथ हैं और अंत तक रहेंगे। जबकि कमेटी के द्वारा बैठक कर निर्णय लिया जा चुका है। ऐसे में पंजाब से आने वाली टीम के तिथि में लगातार परिवर्तन होता रहा। अब पंजाब से चार सदस्यों की टीम गुरुवार को पटना साहिब पहुंच रही है। यहां आने के साथ ही तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ उनकी बातचीत होगी। इसके बाद कल ही वे वापस लौट भी जाएंगे। इस बीच तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों से लेकर धार्मिक कार्य करने वालों के बीच, उनके सहयोगी और विरोधी भी इस बात को लेकर चिंतित है कि श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा निश्चित तौर पर कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है। हालांकि कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य भले मीडिया में कुछ बयान दे दें, मगर संगत चुपचाप सब कुछ देख रही है।

# गुस्साए लोगों ने बस पड़ाव को आगजली कर आवागमन ठप कर दिया

दानापुर। नगर के अंतर्गत लापता गुड्डू राय के 21 दिन बाद भी कोई खोज-खबर नहीं मिलने से गुस्साए लोगों ने बस पड़ाव को जाम कर दिया। सड़क पर आगजनी कर आवागमन पुरी तरह ठप कर दिया। जाम की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने पहले आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। करीब एक घंटे समझाने के बाद भी लोग नहीं माने और सड़क पर बैठे रहे,फिर बल प्रयोग कर जाम हटाया। जिसमें लापता गुड्डू राय का भाई राहुल राय चोटिल हो गया। राहुल को अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से परिजनों पीएमसीएच ले गए।आक्रोशित लोगों ने दानापुर पुलिस पर कारवाई के नाम पर खानापूर्ति करने का आरोप लगाया। दियारा के हरशामचक निवासी 26 वर्षीय लापता गुड्डू कुमार की पत्नी मोतीझरी देवी ने बताया कि हमलोग दानापुर में एएसपी कार्यालय के पीछे किराये के मकान में रहते हैं। पति आटो चालक और सिंगर का काम करते हैं। 5 मई को शाम करीब 5 बजे घर से दीघा स्टूडियो जाने की बात कहकर निकला था। जब देर रात को घर नहीं पहुंचे तो उनके मोबाइल पर फोन करने पर,स्विच ऑफ आने लगा। बताया कि गुड्डू का काफी खोजबीन के बाद दानापुर थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया। खोजबीन के दौरान पता चला कि सगुना मोड़ निवासी धीरज कुमार और हमारे पति के बीच झगड़ा हुआ था।तब और पता किए तो मालूम चला कि सगुना खगौल रोड में धीरज हमारे पति को जबरन अपने साथियों के साथ एक गाड़ी में बैठाकर जबरन कही ले गया है।

# जांच कमेटी व श्री अकाल तख्त के फैसले को नहीं मान रहा तख्तश्री कमेटी

**हमने तख्तश्री कमेटी, जांच समिति व श्री अकाल तख्त के हर आदेश को माथे लगाया : ज्ञानी रणजीत**

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



तख्तश्री हरिमंदिर की प्रबंधक कमेटी के कुछ पदाधिकारी व सदस्यगण संगतों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं कि श्री अकाल तख्त साहिब और अकाली दल ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर को आगे करके तख्तश्री पटना साहिब पर कब्जा करना चाहते हैं। यह बात बिल्कुल गलत और बेबुनियाद है। कहीं से भी दो प्रमुख तख्त साहिब के सिंह साहिबानों के बीच कोई टकराव या भ्रम की स्थिति नहीं है। श्री अकाल तख्त साहिब सर्वोच्च धार्मिक संस्था है और उनके आदेश हर किसी को सिर माथे लगाकर मानना चाहिए। यह बात तख्तश्री पटना साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर ए मस्कीन ने बुधवार को प्रेस से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब सिख धर्म का सर्वोच्च धार्मिक केंद्र है। उन्हें जब तख्तश्री पटना साहिब का जत्थेदार बनाया गया। इसके बाद उन्होंने धार्मिक रीति-रिवाज व मयार्दा को कायम रखते हुए काम किया। साथ ही यहां माया (रुपया) लाने से लेकर कोरोना काल में भी हर किसी को मदद करने का काम किया। यही प्रबंधक कमेटी और विरोधियों को पसंद नहीं आई। उनके पहले रहे ज्ञानी इकबाल सिंह और उनके बाद के जत्थेदार सिंह साहब के मामले में उन्हें बताया जाए कि उन्होंने तख्तश्री पटना साहिब के नाम पर कितनी राशि लाने का काम किया और संगतों की सुख-सुविधा के लिए क्या प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जब उन पर आरोप लगाए गए, तब तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारी के द्वारा जो भी आदेश किया गया, उसे उन्होंने मनाने का काम किया। श्री अकाल तख्त से साहब से भी जो आदेश आया, उन्होंने सिर माथे लगाया और फेसबुक लाइव कर अपनी बात भी रखी। हाई पावर जांच समिति के समक्ष पेश होकर उन्होंने सारे सबूत दिए। यही कारण रहा कि उन्हें निर्दोष साबित किया गया। श्री अकाल तख्त साहिब में भी हमने सुनवाई के लिए आवेदन दिया। पूरे मामले को देखते हुए श्री अकाल तख्त साहिब के पांच सिंह साहिबानों के द्वारा उन्हें निर्देश देते हुए उनके पक्ष में फैसला सुनाया गया। 21 मई, 2005 को श्री अकाल तख्त साहब, श्री केसगढ़ साहिब, श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार आदि सिंह साहिबान जुटे, जिनकी प्रमुखता जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह ने की। इसमें दरबार साहिब के ग्रंथी और दो अन्य लोग भी शामिल हुए। पुराने धार्मिक मामले का निदान उन्होंने किया। इसमें प्रमुखता से ज्ञानी रणजीत सिंह की सेवा पर लगी रोक को हटाया गया। हालांकि तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारों के द्वारा जब उन्हें तनखैया घोषित किया गया था, तब उनमें शामिल दो लोगों ज्ञानी दिलीप सिंह एवं ज्ञानी सुखदेव सिंह ने लिखित में दिया कि उन्हें डरा-धमका कर जबरन हस्ताक्षर कराया गया, जबकि ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर पर कोई दोष साबित नहीं हो रहा था। इसके बाद उन्हें सेवा करने का पत्र भी सौंपा गया, मगर उन्होंने सेवा नहीं किया। 21 मई, 25 को सेवा पर से रोक हटा दी गई। अब जो है तख्तश्री पटना साहिब की कमेटी उन्हें सेवा करने की अनुमति नहीं दे रही है। कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य यह कह रहे हैं कि सब राजनीति से प्रेरित आदेश है, तो वह बता देना चाहते हैं कि उनका पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां 20 मई को तारीख था। इसी कारण से वह 19 मई को यहां आ गए थे। 21 मई को उनके मामले में आदेश सुनाया गया। उनके संबंध में जो आदेश पारित हुआ, वह उनके व्हाट्सएप पर दिया गया। ऐसे में यह कहना कि वह दो-तीन अटैची भर कर लाए हैं और अपने आदमी ले आए हैं, कहना गलत है। न उनकी मंशा तख्तश्री पटना साहिब पर कब्जा करने की है और न किसी को आघात पहुंचाने या माहौल को अशांत करने की है। यह भी कहा गया कि वे साथ में निहंग लेकर आए हैं, जो बिल्कुल झूठ है। दरअसल तख्तश्री पटना साहिब में ही करीब 10 या उससे अधिक निहंग सेवादार के रूप में काम कर रहे हैं। उनके साथ करीब आधा दर्जन लोग थे। दरअसल कमेटी के प्रधान जगजोत सिंह सोही को पता नहीं, हमसे क्या दुश्मनी है। जब रिपोर्ट हमारे पक्ष में होता है, तब वे हाय तौबा मचाते हैं। दरअसल तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारों ने पूर्व में ही हुकुमनामा जारी किया था कि किसी भी तख्त के जत्थेदार को पंज प्यारे तलब नहीं कर सकते हैं। मगर पटना साहिब में ऐसा किया गया। फिर भी उन्होंने उनका सम्मान करते हुए उनके समक्ष पेश हुए। मगर उनकी बात नहीं सुनी गई। उनका बिना दोष बताए हुए उन्हें तनखैया कर दिया गया। हालांकि यहां जो वर्तमान में जत्थेदार हैं या पांच सिंह साहिबान में शामिल हैं, उनमें अधिकांश सिखी मयार्दा से जो ओत-प्रोत होनी चाहिए, वह नहीं है। आज भी उन सबों के परिवार के लोग सनातनी रीति रिवाज को मानते और करते हैं। जब 21 मई को श्री अकाल तख्त साहिब का आदेश आया, तब भी वह सेवा करने के लिए दरबार साहिब में नहीं गए थे, बल्कि मत्था टेकने गए थे और किसी को भी दरबार साहिब में जाकर गुरु के समक्ष नतमस्तक होने से नहीं रोक सकता है। जब वह दरबार साहिब में गए थे, तब यहां के एसडीओ और डीएसपी भी साथ में थे। ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर ने स्पष्ट कहा कि पटना साहिब में गुरमत मयार्दा यहां तो एक व्यक्ति (कमेटी और धार्मिक मामले) को चल रहा है।

# प्रकृति प्रदत्त स्वाभाविक प्रक्रिया है मासिक धर्म, इसके प्रति मन में नहीं रखें शर्म

प्रात :किरण संवाददाता



पटना/बिहटा : मासिक धर्म एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है। इसके प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों को तोड़ना है। मासिक धर्म के समय शारीरिक स्वच्छता का बहुत अधिक ध्यान रखना है। प्रकृति प्रदत्त इस जैविक प्रक्रिया को लेकर महिलाओं को जागरूक होने और स्वच्छता के उच्च तरीकों को अपनाने की बहुत जरूरत है। छात्रों में मासिक धर्म को लेकर शर्म की नहीं बल्कि इस जैविक प्रक्रिया की जरुरत के विषय में जानने की जरूरत है। मासिक धर्म के दौरान भी महिलाएं पूरी तरह सक्रिय होकर घर–बाहर या दफ्तरी सभी प्रकार के काम करती हैं। मासिक धर्म की स्थिति को अपवित्र मानना या ऐसी ही भ्रांतियों को दूर करना है। यह महिलाओं के शरीर के सामान्य तौर पर काम करने का एक बड़ा संकेत है। यह बातें सहयोगी संस्था द्वारा राजकीयकृत मध्य उच्च विद्यालय नेउरा में आयोजित एक विशेष माहवारी मेला के आयोजन के दौरान संस्था की कार्यकारी निदेशक रजनी ने छात्र–छात्रों से कही। मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन सप्ताह के अंतिम दिन मासिक धर्म के जैविक पहलुओं और सामाजिक मिथकों के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। पोस्टर प्रदर्शनी से मासिक धर्म को समझाः माहवारी मेला के मौके पर मासिक धर्म स्वच्छता पर जानकारी से भरे पोस्टर प्रदर्शनी लगायी गयी। साथ ही मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़े उत्पाद जैसे सैनिटरी नैपकिन व अन्य चीजों के बारे में सीख। इस मौके पर छात्रों ने मासिक धर्म पर अपने सवाल व विचार साझा किए। कार्यक्रम की प्रतिभागी तानिया ने कहा कि उसे हमेशा पीरियड्स के बारे में बात न करने के लिए कहा जाता था। लेकिन आज इस बात की समझ बनी है कि स्वस्थ्य रहने के लिए सही जानकारी होना महत्वपूर्ण है। प्रतिभागी आलिया ने कहा कि मां द्वारा मासिक धर्म के दौरान अपने बाल न धोने के लिए कहा जाता था लेकिन अब यह एक भ्रांति है और इसका कोई वैज्ञानिक कारण नहीं है। सुहानी ने कहा कि मासिक धर्म में स्वच्छता नहीं रखने से गर्भाश्य से जुड़े रोग हो सकते हैं, इसकी विस्तार से जानकारी मिल सकी है। बात करने पर थी झिझक, अब हुए जागरूक स्कूल के प्रधानाध्यापक रघुबीर कुमार ने कहा कि सहयोगी संस्था द्वारा एक महिलाओं के अधिकार पर बढ़िया काम किया जा रहा है। महिलाओं के अधिकार में स्वास्थ्य भी शामिल है और स्वस्थ्य समाज का होना विकास का एक महत्वपूर्ण सूचक है। कहा कि स्वयं को प्रगतिशील मानने के बावजूद मुझमें मासिक धर्म पर बात करने को लेकर झिझक थी लेकिन इस कार्यक्रम से मेरी इस विषय पर बेहतर समझ बनी है। मिथक और भ्रांतियों को दूर करने का काम करुंगा। मासिक धर्म से जुड़े वर्जनाओं को तोड़ना जरूरीः संस्था की कार्यकारी निदेशक ने बताया कि मासिक धर्म मेला का उद्देश्य वर्जनाओं को तोड़ने, सही ज्ञान साझा करने और युवतियों के लिए अपने स्वास्थ्य और शरीर के बारे में खुलकर और आत्मविश्वास से बात करने के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाने की दिशा में एक कदम है। सहयोगी ने इस आयोजन के माध्यम से युवा आवाजों को सशक्त बनाने और मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस मौके पर सहयोगी संस्था से प्रियंका, रूबी, उषा, लाजवंती, निर्मला, बिंदु, धर्मेंद्र, मनोज, शारदा, खुशबू, राजीव, फरहीन, मोनिका व अन्य मौजूद रहे।

# सैलानियों और सेना के जवानों की पत्नियों के सिंदूर उजड़वा कर उस पर राजनीति करना बंद करें : राजा राम सिंह, सांसद



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में मगध और शाहाबाद क्षेत्र के (पटना, अरवल, औरंगाबाद, गया, रोहतास, कैमूर ,बक्सर भोजपुर) आठ जिलों में एक एक जगह (पालीगंज, अरवल, दाउदनगर, कोंच, डेहरीऑनसोन, भभुआ ,डुमरांव, पिरो) में किसानों ने धरना आयोजित कर बिहार आगंतुक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से सात सूत्री मांग उठाई। पटना में यह जानकारी प्रेस को देते हुए किसान महासभा के बिहार राज्य सचिव सह राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड उमेश सिंह बताया कि देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 29 -30 मई 2025 को बिहार आ रहे हैं।बिहार में उनका स्वागत है लेकिन मगध और शाहाबाद क्षेत्र के किसान उनसे आज अपनी समस्याओं के संबंध में धरणा देकर प्रश्न पूछ रहे हैं जिसका उत्तर प्रधानमंत्री को देना होगा। विदित हो कि प्रधानमंत्री जी ने सत्ता में आते ही किसानों को आश्वासन दिया था कि 2022 तक हम किसानों की आमदनी दुगनी कर देंगे लेकिन उल्टा ही किया और विभिन्न कानूनों के जरिए अब कारपोरेट के पक्ष में किसानों की कृषि भूमि व उनके फसल की लूट किया जा रहा है। आज 2025 चल रहा है किसानों की आमदनी दुगनी तो नहीं हुई उल्टे किसान अपने आप को लुटाया और उजड़ा हुआ महसूस कर रहे हैं। उनके सामने आत्महत्या करने जैसी स्थित उत्पन्न हो गई है। इसलिए किसानों ने अपने धरना के माध्यम से प्रधानमंत्री से प्रश्न पूछ रहे है कि जब आप बिहार आ रहें हैं तो मेरे प्रश्न का जवाब भी दें। किसानों के प्रश्न हैं :-1.इंद्रपुरी जलाशय का निर्माण का क्या हुआ,सोन नहरों के आधुनिकीकरण और उसके टेल प्वाइंट तक पानी का क्या हुआ,2. दुर्गावती परियोजना,मलई बराज परियोजना,उत्तर कोयल नहर परियोजना, और कुटकू डैम में फाटक लगाने का कार्य अब तक नहीं पूरा हुआ क्यों नहीं हुआ।3. डालमियानगर के उद्योगों को चालू करने का प्रश्न और डालमियानगर में प्रस्तावित रेल कारखाने को कार्यरूप में लाने का प्रश्न कब पूरा होगा।4.समुचित मुआवजा के बिना किसानों से बलपूर्वक कृषि भूमि अधिग्रहण पर रोक कब लगेगा ।5. किसानों को मुफ्त बिजली देने और स्मार्ट मीटर वापस कब लिए जाएंगे।

# शीघ्र बहाल हो जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह की सेवा : मंहत ब्रजेश मुनि महाराज

पटना। बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के न्यासधारी संरक्षक आचार्य महंत ब्रजेश मुनि महाराज ने जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर मिस्कीन को तनखैया मुक्त करने एवं सभी आरोपों से बरी करने के लिए श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर पंजाब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह जी एवं दमदमा साहिब के जत्थेदार सिंह साहब संत बाबा टीका सिंह को कबीरपंथी समाज की ओर से साधुवाद दिया। उनके द्वारा जारी हुकुम नाम का स्वागत करते हुए ब्रजेश मुनि महाराज ने कहा कि जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह की सेवा तख्त श्री हरि मंदिर साहिब में शीघ्र बाहल करें हरि मंदिर साहिब गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और गुरुद्वारा के संरक्षक जिला एवं सत्र न्यायाधीश। ब्रजेश मुनि ने कहा गुरुद्वारा प्रबंधन से जुड़े कुछ स्वार्थी तत्वों ने साजिश के तहत जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह पर झूठा आरोप लगाकर उनकी सेवा स्थगित करके इन्हें तनखैया घोषित कर दिया था। किंतु उनके विरुद्ध आरोपी की जांच हेतु गठित कमेटी ने गहन निष्पक्ष जांच के आधार पर जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर मिस्कीन को आरोपी से बरी कर दिया है।

# प्रधानमंत्री बिहार को देंगे विकास की अनेक सौगातें : श्रवण

# बोलें- मोदी-नीतीश की जोड़ी पूरी निष्ठा के साथ राज्य के विकास को दे रही गति

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी बिहार आते हैं, विकास की एक नई सौगात लेकर आते हैं। मंत्री उक्त बातें जदयू प्रदेश कार्यालय में बुधवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में

पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। मंत्री ने कहा कि मोदी-नीतीश की जोड़ी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ राज्य के विकास को गति दे रही है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना का लिया गया ऐतिहासिक निर्णय सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को वास्तविक लाभ मिलेगा। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राजद और अन्य विपक्षी दल आरक्षण के मुद्दे पर केवल राजनीतिक ड्रामा कर रहे हैं, जबकि केंद्र और बिहार सरकार जमीन पर हकीकत में काम कर रही हैं।

## नीतीश सरकार में अपराध पर जीरो टॉलरेंस :

भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा कि राजद के शासनकाल में अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त था, जिससे प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा गई थी। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में कानून का राज स्थापित किया है। अब अपराध करने वालों पर सख्त और ठोस कार्रवाई की जाती है, चाहे वह कोई भी हो। उन्होंने आरक्षण के मुद्दे पर भी स्पष्ट रुख रखते हुए कहा कि 65 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान हमारे माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। हमें पूरा विश्वास है कि सर्वोच्च न्यायालय भी जनहित को ध्यान में रखते हुए इस पर सकारात्मक निर्णय देगा।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है नीतीश सरकार : शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से शीघ्र ही दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए 7,000 से अधिक विशेष शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। यह राज्य सरकार की समावेशी और संवेदनशील शिक्षा नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है, जिसका उद्देश्य हर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कराना है। उन्होंने आगे कहा कि इसके अतिरिक्त, अनुकंपा के आधार पर भी 6,421 शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी प्रारंभ होगी।

श्री सुनील कुमार ने आगे कहा कि जून महीने के अंत तक शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली जाएगी। इससे पहले मंत्रीगण ने प्रदेश भर से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में पूर्व विधान पार्षद वाल्मीकि सिंह, प्रकोष्ठों के संयोजक प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी एवं प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द निषाद भी उपस्थित रहे।

# हर वादे को पूरा कर रहे हैं प्रधानमंत्री : चिराग

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान पटना हवाई अड्डा पहुंचे और पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्पण बिहार और बिहारियों के लिए दशार्ता है कि लोकसभा चुनाव में उन्होंने जो-जो वादे किए एक-एक करके हर उस वादे को प्रधानमंत्री द्वारा पूरा किया जा रहा है। लंबे समय से यह मांग थी कि पटना का एयरपोर्ट भारत के अलग-अलग प्रदेशों का न सिर्फ उनके मुख्यालयों को बल्कि उनके अन्य शहरों में विकसित है ऐसे में बिहारियों की यह मांग थी कि यहां पर वर्ल्ड क्लास एयरपोर्ट होना चाहिए जिसका निर्माण मौजूदा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुआ है, जिसका उद्घाटन कल उनके कर कमलों द्वारा किया जाएगा न सिर्फ उद्घाटन बल्कि परसों बिक्रमगंज में एक विशाल जनसभा को भी प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे और जैसा मैंने कहा कि जो वादे प्रधानमंत्री और हम लोगों ने लोकसभा में किए थे विधानसभा चुनाव आते आते तक पूरा करने का कार्य हमारे केंद्र की सरकार के द्वारा किया जाएगा और विधानसभा में हम लोग एक नए लक्ष्य के साथ बिहार को एक विकसित राज्य बनाने की सोच के साथ उस लक्ष्य के साथ हम लोग आगे बढ़ेंगे अगला 5 साल प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार जो बिहार को चुनाव के परिणाम के बाद मिलेगी वह अगले 5 साल बिहार के लिए गोल्डन एरा के तौर पर होंगे एक स्वर्णिम काल के तौर पर होंगे जिसमें सही मायने में बिहार एक विकसित राज्य बनने की ओर अग्रसर होगा। तेज प्रताप पर पूछे गए पत्रकारों द्वारा सवाल का जवाब देते हुए श्री चिराग ने कहा कि यह उनका पारिवारिक विषय है यह उनकी पार्टी का इंटरनल मैटर है। मुझे नहीं लगता कि इसमें किसी को कोई पक्ष रखने की आवश्यकता है किसी भी बेटी के साथ अन्याय ना हो मैं यह मानता हूं कानून व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ है। अगर उसके बाद भी अगर लगता हो तो उसे मजबूती से रखा जाए। एक के बाद एक बिहार के अलग-अलग जिलों में पटना में जिस तरीके से अपराधियों द्वारा अपराध किए जा रहे है मैं मानता हूं कि राज्य सरकार इसको उतनी ही गंभीरता से ले रही होगी। और जल्द से जल्द दोषियों पर कार्रवाई की जाए ताकि अपराधियों में जब तक कानून का डर है नहीं होगा तब तक संभवत ऐसी घटनाओं को अंजाम मिलता रहेगा पर ऐसे में राज्य सरकार को पूरी गंभीरता के साथ उसके ऊपर एक्शन लेने की जरूरत है जो मैं मानता हूं कि सरकार जरूर ले रही होगी।

# शहर के सभी 75 वार्ड में किया जाएगा पार्क एवं शौचालय का निर्माण

## सभी वार्डों में किया जा रहा स्थल का चयन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। पटना नगर निगम क्षेत्र के सभी 75 वार्डों में शौचालय एवं पार्क का निर्माण किया जाएगा। जिससे आम जनों को अपने वार्ड में ही मॉर्निंग वॉक एवं बच्चों को खेलने के लिए स्थल मिल सके। नगर आयुक्त द्वारा प्रत्येक वार्ड में शौचालय निर्माण के लिए जमीन चिह्नित करने का निर्देश अंचल को दिया गया है। माननीय वार्ड पार्षदों के साथ समन्वय स्थापित कर वार्ड में शौचालय का स्थल चिन्हित किया जाएगा।जिससे अधिक से अधिक आबादी को लाभ प्राप्त हो। गौरतलब है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम क्षेत्र शौचालय बनाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। पहले चरण में वार्डों में जगह चिह्नित की जाएगी।

## हर वार्ड में किया जाएगा पार्क एवं तालाब का निर्माण

इसके साथ ही अमृत योजना के तहत पटना नगर निगम क्षेत्र में पार्क एवं तालाब का भी निर्माण किया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र में बहुत ऐसे मोहल्ले और कॉलोनी है जहां पार्क नहीं है। गौरतलब है कि पार्क के निर्माण से आमजनों को स्वास्थ्य लाभ और बच्चों के खेलने कूदने की सुविधा मिलेगी। वही तालाब का निर्माण होने से जल संचयन एवं जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा। गौरतलब है कि पार्क एवं तालाब निर्माण के लिए जमीन चिह्नित करने का निर्देश सभी 6 अंचल को दिया गया है। माननीय वार्ड पार्षदों भी इसके लिये जमीन चिन्हित करेंगे।

# प्रधानमंत्री के आगमन से उत्साह का महौल : प्रेम रंजन

पटना। भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश प्रवक्ता शाहपुर में विधायक प्रेम रंजन पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से बिहार में उत्साह का माहौल है। जैसे ही उनके दौरे की घोषणा हुई, राज्य भर में उत्साह का वातावरण हो गया है अलग - अलग जिलों में स्वागत कार्यक्रमों की योजना बनाई जा रही और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# प्रधानमंत्री शाहाबाद की धरती से विकसित बिहार के लिए देंगे कई सौगात: दिलीप

## औरंगाबाद पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में लिया भाग

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने दो दिवसीय बिहार दौरे पर आने वाले हैं। प्रधानमंत्री के गुरुवार यानी आज पटना में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद 30 मई को विक्रमगंज पहुंचेंगे और एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन और उनके भव्य स्वागत को लेकर एनडीए के नेताओं और कार्यकताओं में उत्साह है। प्रधानमंत्री की यात्रा को भव्य बनाने में जुटे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल आज भगवान भास्कर की भूमि औरंगाबाद पहुंचे और एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिया। इसमें एनडीए के घटक दलों के कई नेता भी उपस्थित रहे।

इस क्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर कार्यकताओं से चर्चा भी की और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को अभूतपूर्व बनाने की बात कही।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट अशोक भवन में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आगमन की तैयारी जोरशोर से चल रही है। प्रधानमंत्री के आगमन और उनके स्वागत की तैयारी में एनडीए कार्यकर्ता ही नहीं, आम लोग भी लगे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार की ही धरती से प्रधानमंत्री ने पहलगाम में आतंकी हमलों के बाद संदेश दिया था कि आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेना ने अपने पराक्रम और शौर्य से पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री पहली बार बिहार के शाहाबाद पहुंच रहे हैं।



भाजपा के अध्यक्ष ने कहा कि शाहाबाद में प्रधानमंत्री की जनसभा एक बार फिर इतिहास दोहराएगी। प्रधानमंत्री की होने वाली अगली सभा ही उनकी पुरानी जनसभा का रिकॉर्ड तोड़ती है। जिस प्रकार से रोहतास, कैमूर, बक्सर, औरंगाबाद, आरा जिलों में लोगों का उत्साह प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर देखने को मिल रहा है, उससे साफ है कि विक्रमगंज की सभा ऐतिहासिक और अभूतपूर्व होगी।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विक्रमगंज के कार्यक्रम में प्रदेश के लिए कई सौगात देंगे। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की यह बिहार यात्रा बिहार के विकास के लिए नया आयाम देगी।

इससे पहले औरंगाबाद पहुंचने से पूर्व भाजपा अध्यक्ष का ठाकुरबिगहा में पूर्व विधायक मनोज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय एवं जिला प्रवक्ता बृजेश गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं द्वारा पूरे उल्लास के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल का दाउदनगर चौक पर भी जिला महामंत्री वैभव विशाल उर्फ टैगोर एवं प्रदेश प्रवक्ता शिक्षक प्रकोष्ठ चंदन कुमार के नेतृत्व में कार्यकताओं ने स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यकताओं के स्वागत से अभिभूत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की रीढ़ ही हमारे कर्मठ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आप सबका यह जोश, जज्बा और निष्ठा इसी प्रकार बनी रहे।

# चुनाव के समय हीं प्रधानमंत्री को बिहार याद आता है : गगन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। प्रधानमंत्री के बिहार दौरे पर सवाल खड़ा करते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि आखिर चुनाव के समय हीं उन्हें बिहार क्यूं याद आता है । उन्हें बताना चाहिए कि अपने पिछले दौरे में बिहार के लिए जो - जो वादे और घोषणाएं किए, उन वादों और घोषणाओं का क्या हुआ ?राजद प्रवक्ता ने कहा कि 27 फरवरी 2023 को विधानसभा के सेन्ट्रल हॉल में विधायकों को सम्बोधित करते हुए केन्द्र सरकार पर बिहार की हकमारी करने और इसके हिस्से की राशि को भी नहीं देने का आरोप लगाया था। उसके बाद अनेकों बार प्रधानमंत्री जी बिहार आए पर उनके द्वारा अभी तक नीतीश कुमार के आरोपों का कोई जवाब नहीं दिया गया है। 2015 में प्रधानमंत्री जी ने आरा की एक सभा में बिहार की बोली लगाई थी, उसका क्या हुआ ?

लम्बे दिनों से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और स्पेशल पैकेज दिए जाने की मांग की जा रही है। क्या प्रधानमंत्री जी कल इसकी घोषणा करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने प्रधानमंत्री से सार्वजनिक मंच से पटना विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने की मांग की थी, क्या प्रधानमंत्री कल इसकी घोषणा करेंगे ?

राजद प्रवक्ता ने उम्मीद जताया है कि प्रधानमंत्री जी अपने बिहार दौरे के क्रम में यह भी बताने की कृपा करेंगे कि अपने 11 वर्षों के शासनकाल में बिहार को विकसित राज्य बनाने की दिशा में क्या पहल किया गया और अबतक विकसित राज्य गुजरात की तुलना में आबादी और क्षेत्रफल में बड़ा होते हुए भी विकास के हर क्षेत्रों में पिछड़ा बिहार को क्या दिया गया।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि हालांकि प्रधानमंत्री के बिहार दौरे को बिहार के लोग अब गंभीरता से नहीं लेते हैं और न उसके प्रति कोई उत्साह हीं रह गया है। वे समझ गए हैं कि उनके वादे और घोषणाएं अन्ततः जुमला हीं साबित होने वाला है। बिहार के लोग प्रधानमंत्री जी के दोरे को मात्र इवेंट शो के रूप में देखने के आदी हो चुके हैं।

# जदयू नेता हाजी मो परवेज सिद्दीकी व पूर्व विधायक सुरेश चंचल ने थामा कांग्रेस का हाथ

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों जनता दल यूनाइटेड के पूर्व विधायक सुरेश चंचल एवं हाजी मो परवेज सिद्दीकी ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया।

जदयू सलाहकार समिति के सदस्य, चेयरमैन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आरक्षण मोर्चा, मदरसा शिक्षा आधुनिकीकरण के अध्यक्ष और इस्लामिक स्कॉलर हाजी मो परवेज सिद्दीकी ने भी आज अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की विधिवत सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन कानून पर जनता दल यूनाइटेड और नीतीश कुमार की भाजपा को समर्थन वाली स्टैंड से मुलायम जगत में भारी विरोध है। लेकिन सत्ता लोभ में वें लगातार




भाजपा के गोद में बैठे हैं। जनता दल यूनाइटेड में रहकर सामाजिक न्याय और अल्पसंख्यक के हित सुरक्षित रखने की लड़ाई संभव नहीं है। इसलिए हम कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति विश्वास जताते हुए कांग्रेस पार्टी की सदस्यता अपने समर्थकों के साथ ग्रहण कर रहे हैं।

सदस्यता ग्रहण करने के बाद सकरा के पूर्व विधायक सुरेश चंचल ने कहा कि कांग्रेस सामाजिक न्याय की लड़ाई को लेकर संघर्ष कर रही है और देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में लगातार जनहित में काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में कांग्रेस से जुड़कर काम करना मेरे जैसे सामान्य राजनीतिक कार्यकर्ता के लिए अहम होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने दोनों वरिष्ठ जदयू नेताओं के शामिल कराने के बाद कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति विभिन्न दलों के राजनीतिक कार्यकताओं में आकर्षण बढ़ा है। हमारे शीर्ष नेता राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय की लड़ाई को राष्ट्रीय फलक पर आवाज देने का काम किया है। अभी विभिन्न दलों से कई नेता हमारे संपर्क में हैं और आने वाले समय में दल से जुड़ेंगे। प्रदेश में कांग्रेस अपनी मजबूत उपस्थिति से आने वाले चुनाव में और मजबूत होकर उभरेगी। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से राजेश कुमार मिश्रा, तरवेज सिद्दीकी, मोहम्मद अहसानुल्लाह, रामचंद्र राय, प्रेम पासवान, मौलाना मकबूल अली, सरोज कुमार, मौलाना सुल्तान रजा कादरी, विभा देवी, कैफी बार्शी, उषा मालाकार, अख्तर अंसारी, मेराज मंसूरी, मौलाना सज्जाद आलम, मेरुल खातून शामिल रहें।

# पीएम की बिहार यात्रा पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने पूछे पाँच सवाल

## जुमलों की लगाने झड़ी, चुनावी चूरण हर घड़ी: राजेश



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार यात्रा को लेकर पांच सवाल पूछे हैं।प्रदेश अध्यक्ष ने पूछा कि 2015 में घोषित सवा लाख करोड़ के पैकेज का क्या हुआ? इस सवा लाख करोड़ के पैकेज में से दस सालों में सवा रुपया भी खर्च क्यों नहीं हुआ? दूसरा सवाल है कि 2024-25 के बजट में फिर वही पुराने वादे क्यों दोहराए गए?

जब पहले के वादों का कोई हिसाब नहीं है, तो नई घोषणाओं का क्या भरोसा? क्या ये सिर्फ चुनावी चूरण नहीं है?

सवाल 3: वादे सिर्फ कागजों पर, जमीन पर कुछ क्यों नहीं?

सवाल 4: बिहार को गुंडों के हवाले क्यों कर दिया गया? क्या बिहार में गुंडा राज स्थापित हो गया है? क्या कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है?

सवाल 5: कैग की रिपोर्ट बताती है कि बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं में 60% पद खाली हैं।

# किशनगंज नगर परिषद के सभापति इंद्रदेव पासवान ने थामा जदयू का दामन

## नीतीश कुमार पर समाज के हर वर्ग का अटूट विश्वास : उमेश

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। किशनगंज के सम्राट अशोक भवन परिसर में भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें किशनगंज नगर परिषद के सभापति श्री इंद्रदेव पासवान ने अपने अनेक पार्षदों, प्रमुख सहयोगियों और समर्थकों के साथ जनता जदयू की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता प्रदान की और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।इस अवसर पर मंत्री जनाब जमा खान, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व सांसद गुलाम रसूल बलियावी, पूर्व मंत्री जनाब नौशाद आलम, जनाब मेजर हैदर इकबाल, जनाब इरशाद अली आजाद तथा श्री प्रह्लाद सरकार समेत कई वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह को संबोधित करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि श्री इंद्रदेव पासवान ने वर्षों तक सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। एक जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने सभी वर्गों और समुदायों से आत्मीय संबंध स्थापित किए हैं।

उनके अनुभव और समर्पण से जदयू को किशनगंज में नई ऊर्जा और मजबूती प्राप्त होगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न्याय के साथ विकास की नीति को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।उन्होंने कहा कि यदि हम केवल विकास की चर्चा करें, तो समय कम पड़ जाएगा लेकिन उपलब्धियों की सूची कभी समाप्त नहीं हो सकती। उन्होंने आगे बताया कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने किशनगंज की जनता को 515 करोड़ रुपये की लागत से जुड़ी कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की सौगात दी, जिनकी न सिर्फ घोषणा की गई बल्कि उन्हें राज्य कैबिनेट से स्वीकृति भी दिलाई गई।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक न्याय, सुशासन और सर्वांगीण विकास जदयू की पहचान है। पिछले 20 वर्षों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया है, जिससे जनता में पार्टी और नेतृत्व के प्रति गहरा विश्वास बना है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि वे किशनगंज की चारों विधानसभा सीटों को एनडीए की झोली में डालने का संकल्प लें, और वर्ष 2025 में 225 सीटों का लक्ष्य हासिल कर पुनः नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाएं।

# नालन्दा के नवाचारी किसानों को कृषि विभाग ने किया सम्मानित

# सरकार किसानों को हर स्तर पर सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध : सचिव

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल ने कृषि भवन में नालंदा जिले के तीन प्रगतिशील किसानों आकांक्षा कुमारी, मंजुला और बुंदन प्रसाद को सम्मानित किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में उद्यमिता का विकास, महिला सशक्तिकरण, नवाचार और आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग के लिए इन किसानों की सराहना की।

## उत्पाद की मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग पर जोर :

सचिव श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य में खेती को लाभकारी बनाने के लिए केवल उत्पादन पर नहीं, बल्कि प्रशिक्षण, उद्यमिता विकास और बाजार तक पहुंच की व्यवस्था पर भी ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने



कहा कि विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

सचिव ने कहा कि केवल खेती करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अब समय की मांग है कि किसान उत्पादन के साथ-साथ उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग पर भी ध्यान दें। इससे न केवल उन्हें बेहतर दाम मिलेगा, बल्कि उनकी पहचान एक सफल उद्यमी के रूप में भी स्थापित होगी।

## महिलाओं की भागीदारी से मजबूत हो रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था :

कार्यक्रम में सम्मानित मंजुला जी के कामों की सराहना करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि मंजुला जी ने 2010 में मशरूम की खेती से शुरूआत की और आज मसाला निर्माण व बिक्री में सफल व्यवसायी बन गई हैं। अपने साथ उन्होंने 30 महिलाओं को जोड़ा है जो उनके उत्पादों की मार्केटिंग में मदद करती हैं, जिससे सामूहिक आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है।

आकांक्षा कुमारी द्वारा अचार, बड़ी, पापड़ और मुरब्बा जैसे घरेलू उत्पादों के निर्माण को सचिव ने ग्रामीण महिलाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बताया। आकांक्षा लोकल किसानों से कच्चा माल खरीदकर न केवल स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देती हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं।

## स्वीट कॉर्न की खेती बनी, लाभकारी मॉडल:

बुंदन प्रसाद की स्वीट कॉर्न और बेबी कॉर्न की खेती की सराहना करते हुए सचिव ने कहा कि यह उच्च लाभ देने वाली खेती का उत्तम उदाहरण है। विभाग द्वारा उन्हें अनुदानित दर पर बीज, तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया, जिसका उन्होंने भरपूर लाभ उठाया।श्री अग्रवाल ने कहा कि कृषि को केवल परंपरा के रूप में नहीं, बल्कि व्यवसाय के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। सरकार किसानों को हर स्तर पर सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें तथा राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वह्न कर सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन दिवसीय कराटे प्रशिक्षण के बाद छात्र छात्राओं को मिला सर्टिफिकेट



विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत संचालित उत्क्रमित उच्च विद्यालय कल्याणपुर में तीन दिवसीय कराटे प्रशिक्षण के बाद बुधवार को छात्र छात्राओं के बीच सर्टिफिकेट वितरण किया गया।बता दें कि नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट कराटे खिलाड़ी नीतीश कुमार गिरी के द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय कल्याणपुर में वर्ग नवम एवं दशम के छात्र-छात्राओं को कराटे के माध्यम से आत्मा रक्षा एवं पलटवार हेतु प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। जिसमें से ऋतु , रानी , खुशी ,काजल ,संगम , अंजली , सोनालिका , आशा, चांदनी, साक्षी, प्रीति, आयुषी, सपना, मौसमी,रीना,प्रभात, सोनू, नीतीश, आदित्य, अमित, सौरभ, अमरदीप, दुर्गेश, सतीश, आयुश, सुजीत, बिट्टू,अभय सहित कुल 40 छात्र छात्राओं को चयनित कर सर्टिफिकेट दिया। मौके पर उच्च माध्यमिक के प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार राउत, मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश राय,शिक्षक एवं शिक्षिका अंकेश कुमार, मनोज कुमार चौरसिया, दीपिका कुमारी, अदिति प्रज्ञा, प्रकाश कुमार, कुमारी प्रेमलता, आशा कुमारी, रजनीश ईसर, श्रीनारायण यादव, गुलाबचंद आदि मौजूद थे।

### बाईक की ठोकर से अंधेड व्यक्ति की हुई मौत

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के समसतीपुर दरभंगा मुख्य पथ के परतापुर में पैदल जा रहे अधेड़ को बाईक सवार युवक ने ठोकर मार दिया । अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी व्यक्ति को ईलाज के लिए समस्तीपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ईलाज के दौरान देर रात जख्मी व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान बतहू राम के 60 वर्षीय पुत्र रामवृक्ष राम के रूप में हुई है। वही ठोकर मारने के बाद बाईक चालक बाईक छोड़कर भाग निकला। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही एस आई मनोज कुमार मौके पर पहुंचे मृतक शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजन के हवाले कर दिया ।वहीं थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक के परिजन के द्वारा आवेदन देने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

### पुरस्कार का वितरण

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के बुनियादी विद्यालय जर्नादनपुर में एवं माध्यमिक उच्च विद्यालय पुरुषोत्तमपुर के द्वारा मसाला कार्यक्रम के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।वहीं प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर संकुल स्तरीय 109 प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण प्रखंड उप प्रमुख दीपक राय ने किया ।मौके पर प्रभारी एच एम धीरेंद्र कुमार धीरज , लोकेश नाथ,कुंदन कुमार सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

### बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह पूर्वक संपन्न

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय ढोढ़िया में बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह पूर्वक आयोजित की गई। समारोह के अध्यक्षता प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार बादल एवं संचालन संजीव कुमार कर रहे थे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड लेखापाल एवं भूमि दाता राम प्रमोद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में संकुल समन्वयक नीरज कुमार एवं संकुलाधीन प्रधानाध्यापक संतोष कुमार, चंदन जायसवाल, हेमंत कुमार, महेश राउत, शशि कुमार, लक्ष्मण कुमार, उर्मिला कुमारी, लक्ष्मण पासवान, शमशेर आलम, संतोष कुमार, प्रशांत कुमार की उपस्थिति में प्रधानमंत्री के पद पर अंशिका कुमारी, उप प्रधानमंत्री के पद पर कृष्ण नंदन कुमार, शिक्षा मंत्री के रूप में प्रियांशु कुमारी, स्वास्थ्य मंत्री शिवम कुमार, कृषि मंत्री निकिता कुमारी, पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री अनीश राज, खेल मंत्री अन्नु कुमारी, सुरक्षा एवं न्याय मंत्री के रूप में सौरभ कुमार ने शपथ लिया। मौके पर शिक्षक बनारसी सिन्हा, आनंद कुमार, ममता कुमारी, सुनीता कुमारी, रंजुला, गौरव सिंह, माला कुमारी, प्रीति कुमारी, सपना कुमारी, अजीत दास, अनिता कुमारी आदि मौजूद थे। मोहम्मद फिरोज के धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही समारोह संपन्न हुआ।

# विश्व माहवारी दिवस पर कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में समारोह आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। मुसहरी प्रखंड अंतर्गत पताही स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया गया ।इसका शुभारंभ जिलाधिकारी सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए सभी बच्चियों को अपने-अपने स्वास्थ्य, अपने शरीर एवं परिवेश की स्वच्छता, पौष्टिक एवं संतुलित आहार पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने समाज में पूर्व से चली आ रही भ्रांति को दूर करने तथा इस अवस्था में किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर अस्पताल एवं डॉक्टर के पास जाने की सलाह दी ।इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बच्चियों के बीच स्वच्छता कीट का भी वितरण किया गया ।समारोह को उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी ने भी संबोधित किया तथा इसे शरीर की प्राकृतिक एवं सामान्य प्रक्रिया बताते हुए बच्चियों को जागरूक होने की आवश्यकता पर बल दिया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत विद्यालय की बच्चियों को ट्रेंड डॉक्टर द्वारा आवश्यक जानकारी भी दी गई। जिलाधिकारी ने इस अभियान में माता-पिता, शिक्षक, अभिभावक, अधिकारी आदि सभी लोगों के सतत प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। कोई भी महिला/ किशोरी 181 डायल करके आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकती है। कार्यक्रम का संचालन डीपीओ आईसीडीएस तथा धन्यवाद ज्ञापन महिला विकास निगम की डीपीओ ने की ।मौके पर जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि जिलांतर्गत सभी 14 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के खाली जमीन पर दो मंजिला भवन बनाये जाएंगे। इसके नीचले तल पर बच्चियों की गतिविधि के लिए वृहत हॉल होगा जबकि द्वितीय तल पर बच्चियों के लिए कंप्यूटर एवं पुस्तकालय के लिए व्यवस्था होगी। उन्होंने विद्यालय में नियमित रूप से महीने में दो बार हेल्थ चेकअप हेतु डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश सीएस को दिया। विद्यालय में सैनिटरी पैड के लिए वेंडिंग मशीन लगी हुई है। इस प्रकार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बच्चियों के लिए न केवल पढ़ाई-लिखाई बल्कि उनके संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास का ध्यान रखा गया है। इस दौरान जिलाधिकारी ने होस्टल के रसोईघर तथा इसकी साफ सफाई का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संचालिका को प्रतिदिन मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कंप्यूटर कक्ष, शौचालय तथा परिसर की साफ -सफाई का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संचालिका को नियमित रूप से परिसर, शौचालय, रसोईघर , वर्ग कक्ष आदि की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। समारोह में उप विकास आयुक्त श्री श्रेष्ठ अनुपम सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री अजय कुमार सिंह जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस श्रीमती ममता वर्मा,प्रखंड विकास पदाधिकारी मुसहरी श्री चंदन कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मुसहरी डॉक्टर प्रीति कुमारी मुखिया श्री संजय कुमार सहित कई अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत शिविर आयोजित



मुजफ्फरपुर। जिले के मरवन प्रखंड अंतर्गत गवासरा पंचायत के कर्जाअनंत महादलित टोला में डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया ।में भाग लिया। शिविर में जिला पदाधिकारी द्वारा लाभुकों को जॉब कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, चश्मा, वासगीत पर्चा आदि हस्तगत कराया गया। साथ ही टोला में आंगनबाड़ी केंद्र के लिये नया भवन बनाने, सामुदायिक भवन का निर्माण करने, संपर्क पथ बनाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजना से कोई भी परिवार और टोला वंचित नहीं रहे। उन्होंने अधिकारियों को स्वयं टोला का भ्रमण कर निरीक्षण करने तथा कोई भी परिवार छूटा हुआ नहीं है, इसे सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने समाज के सबसे नीचले तबके हेतु संचालित कार्यक्रम को गंभीरता से लेने तथा जरूरतमंद व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील होकर लाभान्वित करने की आवश्यकता पर बल दिया। विदित हो कि हर टोला, हर परिवार एवं हर सेवा के संकल्प के साथ एससी एसटी टोलों में डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत संचालित कार्यों की जिलाधिकारी द्वारा नियमित समीक्षा कर प्रगति लाई जा रही है ताकि उन टोलों में कोई भी परिवार सरकारी सेवा से वंचित नहीं रहे। इसके लिए योजना/ सेवा के तहत प्राप्त एवं निष्पादित आवेदन का रेगुलर रिव्यू कर काफी प्रगति लाई गई है ।डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत बुधवार को जिले में कुल 142 टोले में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 12 हजार 497 परिवारों को आच्छादित किया गया है। जिले में अब तक 1642 महादलित टोले में शिविर का आयोजन किया जा चुका है जिसमें 1 लाख47 हजार 069 परिवारों को आच्छादित किया गया है। जिलाधिकारी ने एससी एसटी परिवार के लोगों से बुधवार एवं शनिवार को शिविर में जाने तथा लाभ उठाने की अपील की है।

# खुशबू देवी नीति आयोग के राष्ट्रीय सेमिनार में करेगी शिरकत, वीडियो कांफ्रेंसिंग से करेगी बिहार का प्रतिनिधित्व



प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर , स्वराज खबर ।ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने तथा ग्रामीण सूक्ष्म उद्यम के द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु मुजफ्फरपुर जिले के मड़वन प्रखंडांतर्गत रूपवरा पंचायत के रसूलपुर गांव की निवासी श्रीमती खुशबू देवी 4 जून को नीति आयोग, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सेमिनार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर लोगों को अपना अनुभव एवं विचार शेयर करेंगी। उल्लेखनीय है कि श्रीमती खुशबू देवी ग्रामीण क्षेत्र में मच्छरदानी जैसे सूक्ष्म उद्यम स्थापित कर कई लोगों को रोजगार प्रदान की है तथा अब लखपति दीदी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। साल 2009 से मच्छरदानी बनाने का काम करने वाली खुशबू को साल 2013 में जीविका के गंगा समूह से जुड़ने का मौका मिला और उसके बाद जीविका समूह जीविका द्वारा संचालित इनक्यूबेशन फंड के माध्यम से अपने व्यापार को एक नया आयाम दिया। पूरे बिहार में डेढ़ सौ लोगों को इस फंड का लाभ मिला है, जो अपने व्यापार को बढ़ाने में इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। इस फंड के माध्यम से मुजफ्फरपुर जिले में 10 लोगों को लाभ मिल रहा है। 2 लाख 67 हजार रुपये प्रति लाभार्थी इस योजना के तहत उन्हें दिया गया है। खुशबू देवी प्रतिज्ञा मच्छरदानी महिला उत्पादन केंद्र के तहत 62 लोगों को रोजगार दे रही हैं और अब हर दिन सैकड़ो मच्छरदानी बनाकर अपना व्यापार कर रही हैं ।खुशबू देवी की कहानी भले ही साधारण लगे लेकिन गर्व करने वाली बात यह है कि मुजफ्फरपुर जिले के छोटे से गांव से निकलकर वह अब पूरे भारत में अपनी पहचान बना रही हैं। इसी कड़ी में शनिवार को केंद्र सरकार द्वारा आयोजित ग्राम समृद्धि कार्यशाला में उनका चयन पैनलिस्ट के रूप में हुआ और पूरे भारत से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बड़े-बड़े अधिकारियों के साथ ही माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी अपने सम्बोधन से इन्हें प्रोत्साहित किया और कहा कि लखपति दीदियाँ आज पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बना रही है। खुशबू देवी आज अपने हुनर से लखपति बन गई है इसके साथ ही 62 लोगों को वह रोजगार दे रही है।

## नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा नि:शुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन




प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जयनगर द्वारा भारत सरकार की नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए एक निशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।इस शिविर का आयोजन सीमा चौकी महादेवपट्टी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ग्राम माँ दुर्गा मंदिर, हिसार में किया गया, जो कि कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस चिकित्सा शिविर का नेतृत्व डॉ. जुगल डेका ऐसी एम ओ 20वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल

सीतामढ़ी अतिरिक्त प्रभारः 48वी वाहिनी जयनगर द्वारा किया गया ।शिविर के दौरान स्थानीय ग्रामीणों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार दवाइयों का निशुल्क वितरण भी किया गया। साथ ही डॉ. जुगल डेका ,द्वारा वर्तमान मौसम में होने वाली आम बीमारियों एवं उनके रोकथाम के उपायों की जानकारी भी ग्रामीणों को प्रदान की गई ।इस मानव चिकित्सा शिविर में कुल 106 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया ।कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि ॠसशस्त्र सीमा बल केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा ही नहीं करती, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों के कल्याण और सहयोग हेतु भी निरंतर प्रयासरत रहती है। ग्रामीणों ने इस आयोजन के लिए सशस्त्र सीमा बल का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी शिविरों के आयोजन की मांग की है।

# अनुमंडल अस्पताल के कुव्यवस्था देख विधायक भड़के



प्रात: किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर का प्रो.विनय कुमार चौधरी ने बुधवार को औचक निरीक्षण कर कोरोना की संभावित खतरे से निबटने की तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल व्याप्त कुव्यवस्था को देखकर काफी नाराजगी व्यक्त की। जल्द से जल्द सुधार का निर्देश अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक एवं स्वास्थ्य प्रबंधक को दिया ।निरीक्षण के क्रम में अस्पताल में पदस्थापित 21 चिकित्सक में मात्र दो चिकित्सक डॉ संजय सिंह एवं डॉ किरण भारती के साथ-साथ अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर कुमारी भारती उपस्थित थे शेष गायब मिले ।उन्होंने ने स्वास्थ्य प्रबंधक राहुल सिंह से पदस्थापित चिकित्सकों का रोस्टर का अनुपालन सुनिश्चित करवाने का निर्देश दिया साथ ही अनुपस्थित चिकित्सकों के विरुद्ध प्रतिवेदन उच्च अधिकारी को भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल उपाधीक्षक से कोरोना वेरिएंट से सुरक्षा के लिए अब तक उठाए गए कदम के संबंध में विस्तृत जानकारी उपाधीक्षक डॉक्टर भारती ने बताया कि वर्तमान समय में अनुमंडल अस्पताल में बी टाइप के 55, डी टाइप के 88 एवं कॉन्सुलेशन के 68 सिलेंडर मौजूद रहने की बात बताई गई । गत कोरोना काल में स्थापित किए गए ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट में तकनीकी खराबी की बात बताई गयी। विधायक चौधरी ने तत्काल स्वास्थ महकमे के आला अधिकारी को इसकी जानकारी देते हुए अविलंब मरम्मत करने की मांग की साथ ही अस्पताल के ऊपरी तल पर कम से कम 50 बेड का कोरोना वार्ड तैयार रखने का निर्देश दिया ।उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य प्रबंधक रीना सिंह से मुखातिब होते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नियमित आउटडोर संचालित करवाने का निर्देश दिया।

# सीईटी बीएड परीक्षा सम्पन्न,राज्य भर के 214 केंद्रों पर 1,18,811 परीक्षार्थी हुए शामिल

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। बिहार राज्य के राज्यपाल सह कुलाधिपति द्वारा मनोनित नोडल विश्वविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा द्वारा दो वर्षीय बी.एड. एवं शिक्षा शास्त्री में नामांकन को प्रवेश परीक्षा सीईटी - बी.एड. 2025 28 मई , बुधवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। नोडल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने इस संबंध में कहा कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को लगातार छठी बार नोडल विश्वविद्यालय नामित किया गया। माननीय कुलाधिपति के इस विश्वास के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। साथ ही , इस परीक्षा को शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में संबंधित शहरों में जिला प्रशासन ने जो अथक प्रयास किया है उसके लिए जिला प्रशासन को भी धन्यवाद देता हूँ। पूरे बिहार राज्य में परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त सम्पन्न हुई। सफलतापूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए कुलपति ने सीईटी -बी.एड. राज्य नोडल पदाधिकरी एवं उनकी टीम को बधाई दी। विश्वविद्यालय वित्त परामर्शी इन्द्र कुमार एवं प्रभारी कुलसचिव डॉ. दिव्या रानी हंसदा ने शान्तिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त राज्य स्तरीय परीक्षा के आयोजन पर खुशी जाहिर की ।सीईटी बी.एड. 2025 के राज्य नोडल पदाधिकारी प्रो अशोक कुमार मेहता ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि कहा इस वर्ष कुल 1,31,629 अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया था। इनमें 52,414 पुरुष और 78,994 महिलाएं तथा अन्य 3 एवं शिक्षा शास्त्री के कुल 218 अभ्यर्थी शामिल हुए। बिहार राज्य के 11 शहरों में 214 परीक्षा केन्द्रों पर बुधवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक परीक्षा का आयोजन हुआ। सम्पन्न परीक्षा में कुल 1,18,811 अभ्यर्थी शामिल हुए जिसमें 47,300 पुरूष एवं 71,329 महिला अभ्यर्थी रहें। शिक्षा शास्त्री में 182 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। इसमें पटना शहर में महिला 20,199, पुरूष 15,500 अभ्यर्थी; हाजीपुर में महिला 2602, पुरूष 1418 अभ्यर्थी; छपरा में महिला 2610, पुरूष 1150 अभ्यर्थी; आरा में महिला 3796, पुरूष 2333 अभ्यर्थी; गया में महिला 8303, पुरूष 6867 अभ्यर्थी; मुजफ्फरपुर में महिला 10461, पुरूष 5973 अभ्यर्थी; दरभंगा में महिला 9293, पुरूष 5596 अभ्यर्थी एवं शिक्षा शास्त्री 182, मधेपुरा में महिला 3099, पुरूष 2329 अभ्यर्थी; भागलपुर में महिला 5017, पुरूष 2782 अभ्यर्थी एवं मुंगेर में महिला 2850, पुरूष 1629 अभ्यर्थियों की उपस्थिति रहीं।

# सौराठ महोत्सव 2025 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने किया बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सौराठ महोत्सव 2025 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि ऐतिहासिक सौराठ सभागाछी में आगामी 5 एवं 6 जून को दो दिवसीय सौराठ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा ।5 जून की संध्या में महोत्सव का उद्घाटन समारोह किया जाएगा ।उद्घाटन के उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें नामी गिरामी कलाकारों के साथ साथ स्थानीय कलाकारों द्वारा मिथिला की लोककला, नृत्य, गीत आदि भी प्रस्तुत किए जाएंगे। 6 जून 2025 (गुरुवार) को पंजी प्रथा, मिथिला की ऐतिहासिक सामाजिक व्यवस्था एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। कवि सम्मेलन का भी होगा आयोजन, जिसमें स्थानीय एवं क्षेत्रीय कवि भाग लेंगे। संध्या में पुनः सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की जाए ।उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यक्रम का विस्तृत प्रचार-प्रसार पारंपरिक एवं डिजिटल माध्यमों से करे ताकि अधिकाधिक लोग महोत्सव से जुड़ सकें। इसके अतिरिक्त बैठक में कलाकारों का चयन, आमंत्रण पत्र निर्गमन, कार्यक्रम की रूपरेखा तय करना, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, एवं मेडिकल सुविधाओं की व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने महोत्सव स्थल पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, जलापूर्ति, शौचालय की व्यवस्था, वाहन पार्किंग, एवं स्वच्छता अभियान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया ।जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करने का निर्देश दिया ताकि सौराठ महोत्सव को एक स्मरणीय एवं गरिमामयी आयोजन बनाया जा सके ।- उक्त बैठक में डीपीआरओ परिमल कुमार,जिला शिक्षा पदाधिकारी मो0जावेदआलम,एसडीओ सदर चंदन झा,प्रभारी पदाधिकारी कला एवं संस्कृति,हेमंत कुमार,बीडीओ रहिकासीओ रहिका,शेखर चंद्र मिश्रा, शंभु नाथ झा,मुखिया ग्राम पंचायत सौराठ आदि उपस्थित थे।

## प्रथम श्रेणी से अल्पसंख्यक छात्र छात्राओं को 15 हजार रुपये मिलेगा : जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत वर्ष 2025 में प्रथम श्रेणी से उत्तीण अल्पसंख्यक (मुस्लिम) छात्र-छात्राओं को 15 हजार रुपए के दर से छात्रवृति की राशि का भुगतन किया जाना है। इसकी जानकारी देते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को यह राशि देने के लिए इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय तारापुर, +2 हाई स्कूल नौवगढ़ी, बीएम कॉलेज हवेली खडगपुर,. बीएन +2 हाई स्कूल मुंगेर, बीआरएम कॉलेज मुंगेर, बालिका उच्च विद्यालय जमालपुर, बाल्मीकि राजनीति बालिका उच्च विद्यालय माधोपुर, गांधी मेमोरियल +2 स्कूल मुजफ्फरगंज, सरकारी इंटर कॉलेज मुंगेर, एच सिंह कॉलेज हवेली खड़गपुर, हाई स्कूल भलार, इंटर स्कूल घोरघट, जेएमएस कॉलेज मुंगेर, जेएनके कॉलेज दारियापुर हवेली खड़गपुर, जेआरएस कॉलेज जमालपुर, जगन्नाथ उच्च विद्यालय टेटियाबाम्बर, कुमार रामानंद स्मारक हाई स्कूल धरहारा, लक्ष्मी साइंस कॉलेज मुंगेर, एनवाई इंटर कॉलेज, पंच कुमारी कन्या उच्च विद्यालय हवेली खड़गपुर, आरडी एंड डीजे कॉलेज मुंगेर, आरडीएम टेकरीवाल कॉलेज, आरएस कॉलेज तरापुर, आरएसएस इवनिंग इंटर कॉलेज, एसबीआरटी परियोजना कन्या हाई स्कूल संग्रामपुर, सीता देवी जगमोहन साह असरगंज, टाउन हाई स्कूल मुंगेर, उच्च विद्यालय माधोडीह, उच्च विद्यालय सिताकुंड मुंगेर, उच्च विद्यालय फरदा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय गाजीपुर, उत्क्रमित हाई स्कूल रामचरित्र मैदान, उत्क्रमित हाई स्कूल रामपुर, हाई स्कूल बांगलवा, उत्क्रमित सेकेंडरी स्कूल बरदह, अपग्रेडेड हाई स्कूल धरहरा, उत्क्रमित हाई स्कूल गनेली विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधानाध्यापकों, प्राचार्यों, प्रभारी प्रधानाध्यापकों, प्रभारी प्राचार्यों को निदेशित किया गया है।

# सीमा पर तस्करी रोकने में 48वीं वाहिनी एसएसबी को बड़ी सफलता भारी मात्रा में नेपाली शराब जब्त

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी कमला के सतर्क जवानों ने नेपाल से भारतीय क्षेत्र में हो रही शराब तस्करी को विफल करते हुए भारी मात्रा में नेपाली शराब जब्त की है तथा एक तस्कर को मौके से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा स्तंभ संख्या 271/-1 से लगभग 500 मीटर भारतीय क्षेत्र में की गई। जवान रात्रि नाका ड्यूटी पर तैनात थे, तभी उन्होंने नेपाल की ओर से आ रही चार मोटरसाइकिलों पर लदी शराब की खेप को रोका। कार्रवाई के दौरान गौरव सोफी ब्रांड की 60 बॉक्स नेपाली शराब (प्रत्येक बॉक्स में 30 बोतल, कुल 1800 बोतलें (540 लीटर) जब्त की गई ।घटनास्थल से एक तस्कर अनिल कुमार दास पिता दुखी दास उम्र 24 वर्ष, निवासी गांव इनारावा कचहरी टोल, वार्ड संख्या 7 जयनगर, जिला मधुबनी, बिहार 847226 को गिरफ्तार किया गया है। शेष तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर मोटरसाइकिलों और शराब को छोड़कर नेपाल की ओर फरार हो गए ।जब्त शराब गिरफ्तार तस्कर एवं बरामद मोटरसाइकिल को अग्रिम कानूनी कार्रवाई हेतु संबंधित थाना को सौंपने की प्रक्रिया प्रचलित है ।कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी, 48वीं वाहिनी, ने जवानों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु सशस्त्र सीमा बल पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## डॉ. एस. के. सिंह को मिला फेलोशिप सम्मान फल रोग प्रबंधन में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। देश के प्रख्यात फल रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में प्रोफेसर-कम-चीफ साइंटिस्ट के पद पर कार्यरत डॉ. एस. के. सिंह को बागवानी क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक, नवाचारपूर्ण एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए कंसोर्टियम ऑफ हॉर्टिकल्चर एसोसिएशंस ऑफ इंडिया फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें 28 मई, को बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर में आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया ।ॠअमृतकाल में बेहतर आजीविका के लिए बागवानी के त्वरित विकासॠ विषय पर आधारित इस सम्मेलन में देशभर से कृषि वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, नीति-निमार्ताओं, विस्तार अधिकारियों एवं प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। डॉ. सिंह की अनुपस्थिति में आयोजित सम्मान समारोह में उनके उल्लेखनीय योगदानों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और उन्हें प्रशस्ति पत्र, सम्मान पट्टिका एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए ।डॉ. सिंह को यह सम्मान कंसोर्टियम आप हार्टिकल्चर एसोसिएशन आफ इंडिया की खोज समिति की सिफारिश और निदेशक मंडल की स्वीकृति के बाद प्रदान किया गया है। डॉ. एस. के. सिंह पिछले तीन दशकों से फल रोग प्रबंधन के क्षेत्र में अनुसंधान, शिक्षण और तकनीकी विस्तार में सक्रिय हैं। केले की फ्यूजेरियम विल्ट तथा पपीते की जड़ गलन रोग के जैविक प्रबंधन हेतु उनके नेतृत्व में विकसित किए गए माइक्रोबियल कंसोर्टिया को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है।

## स्कूल जा रहे शिक्षक की गोली मारकर हत्या

प्रात: किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा(दरभंगा)। भरवाड़ा कमतौल पथ पर बुधवार की सुबह स्कूल जा रहे शिक्षक की हत्या अपराधियों ने गोली मार कर कर दी। दिनदहाड़े गोली मार कर हुई हत्या से क्षेत्र में दहसत फैल गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर भरवाड़ा कमतौल पथ को लगभग एक घंटे तक जाम रखा। लोग अपराधियों की अबिलंब गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। मृतक प्राथमिक विद्यालय नासिरगंज निस्ता में शिक्षक थे। शंकरपुर में किराये पर मकान लेकर सपरिवार रह रहे थे। मृतक की पहचान 55 वर्षीय मो मंसूर आलम के रूप में की गई है। मृतक का घर मधुबनी जिला के बेनीपट्टी के गांव बलिया पोस्ट तीसी नरसाम बताया गया है। मौके पर एसडीपीओ ज्योति कुमारी, सिंहवाड़ा, जाले, कमतौल थाना की पुलिस पहुंच गई। एसएफएल की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि सवेरे लगभग छह बजे शिक्षक अपने डेरा से विद्यालय साइकिल से जा रहे थे। जैसे ही नगर पंचायत भरवाड़ा बाजार स्थित दोसिमना चौक से भरवाड़ा कमतौल पथ पर लगभग डेढ़ किलोमीटर आगे बढ़े कि अपराधियों ने उनके कान के ऊपर एवं पीठ पर गोली मार दी। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शिक्षक साइकिल समेत सड़क के बगल में गड्ढे में लूढके हुए थे और अपराधी मौके से भाग चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ ज्योति कुमारी, सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष मनोज कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए। जाले एवं कमतौल थाना की पुलिस के साथ मिलकर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नाकेबंदी शुरू की गई। इधर पति के मौत की जानकारी मिलते ही पत्नी खैरुनिसा, पुत्री जिकरा खातून, बुसरा खातून, रुसदा खातून एवं पुत्र मो उस्मान, मो आफान भी बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए। मौके पर मौजूद ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने उन्हें ढाढस बंधाना शुरू किया। शिक्षक के मौत की जानकारी मिलते ही बीईओ विनोद कुमार, नरेंद्र कुमार एवं बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद पहुंच गए।

## हत्या का प्रयास मामले में पति,ससूर व सास दोषी करार

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नागेश प्रताप सिंह की अदालत ने दहेज के लिए एक नव विवाहिता को केरोसिन छिड़क कर हत्या का प्रयास मामले में पति,ससूर और सास को दोषी करार दिया गया है ।वहीं दोषसिद्ध तीनों जूर्मियों के सजा अवधि का निर्धारण के बिन्दु पर सुनवाई और निर्णय के लिए 10 जून की तिथि निर्धारित किया है। कोर्ट ने बुधवार को इस मामले का सत्रवाद सं.29/22 का बिचारण पुरा कर बहादुरपुर थानाक्षेत्र के देकूली निवासी राम सोगारथ यादव का पुत्र मोनू कुमार यादव(पति),ससूर राम सोगारथ यादव और सास अनीता देवी को भादवि की धारा 307(हत्या का प्रयास),और धारा 498(ए) (गृहप्रताड़ना)में दोषी घोषित किया है ।कोर्ट ने तीनों अभियुक्तों का वेल वॉण्ड खंडित कर मंडलकारा दरभंगा भेज दिया है ।अभियोजन पक्ष का संचालन कर रहे एपीपी चमक लाल पंडित ने बताया कि 16 जनवरी 21 की सुबह देकूली गांव में मह एक बर्ष पूर्व ब्याही गई अनुपम कुमारी को पति ,सास ससूर ने पांच लाख रुपया दहेज की मांग को लेकर केरोसिन छिड़क जला दिया ।घटना की सुचना पर पहूंचे विवाहिता के पिता उसे जले अवस्था में उठाकर वर्न हॉस्पिटल पंडासराय में इलाज कराया ।इसकी प्राथमिकी जख्मी पीड़िता के पिता सदर मब्बी थानाक्षेत्र के शीशो पश्चिमी निवासी बचनदेव प्रसाद ने 20 जनवरी 21 को बहादुरपुर थानाकांड सं. 45/21 संस्थित कराया था।

# डीएम ने वर्चुअल मोड से 12 खेल मैदानों का उद्घाटन किया

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। ग्रामीण विकास विभाग, बिहार अंतर्गत संचालित मनरेगा योजना द्वारा पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर खेल अवसंरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में मुंगेर जिले के 51 ग्राम पंचायतों में विभिन्न प्रकार के खेल मैदानों के तहत 64 खेल मैदानों का निर्माण कराया जा रहा है। भौतिक रूप से पूर्ण किये जा रहे सभी खेल परिसरों का उद्घाटन निर्धारित रोस्टर के अनुसार किया जा रहा है। उक्त काम में अबतक 12 खेल मैदानों का उदघाटन किया गया, जिसमें असरगंज में 04, तारापुर 02, ह० खड़गपुर 03, जमालपुर 01 एवं सदर मुंगेर में 01 खेल मैदानों का उदघाटन किया गया है। बुधवार को असरंज प्रखण्ड के चोरगाँव एवं रहमतपुर पंचायतों में 02 खेल परिसरों का उद्घाटन वैचुआल मोड में समाहरणालय के संवाद कक्ष से जिलाधिकारी, मुंगेर अवनीश कुमार सिंह द्वारा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा खेल परिसर में उपस्थित ग्रामीणों, पदाधिकारियों, खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ी को संबोधित करते हुए बताया गया कि इन खेल मैदानों के निर्माण से ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं के विकास में महत्वपूर्ण सहयोग होगा। विद्यालयों के विधार्थियों के साथ-साथ स्थानीय खिलाड़ियों के खेल-प्रतिभाओं के विकास के साथ ही स्वस्थ्य जीवन शैली के निर्माण में अत्यन्त उपयोगी होगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, गुरुवार, 29 मई, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण दावा आपत्ति की विस्तार से दी गई जानकारी

मुंगेर। अनुमंडल पदाधिकारी सदर मुंगेर सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 165 मुंगेर विधानसभा क्षेत्र की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दल के अध्यक्ष व सचिव के साथ निर्वाचक सूची के संबंध में विस्तृत चर्चा और मतदान केंद्र के बारे में विस्तृत जानकारी देने हेतु एक बैठक आयोजित किया। इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 में प्राप्त दावा आपत्ति का विस्तृत जानकारी दिया गया साथ ही वैसे व्यक्ति जिनके द्वारा अभी भी निर्वाचक सूची में नाम नहीं जुड़वाया गया है उनका नाम जुड़वाने हेतु अपेक्षित सहयोग करने का अनुरोध किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा विगत लोकसभा चुनाव 2024 में कम वीटीआर वाले मतदान केंद्रों वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने हेतु सामाजिक जागरूकता लाने हेतु अनुरोध किया गया।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन,डीएम व एसपी ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन कराने का दिया सख्त निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता




लखीसराय !समाहरणालय स्थित मंत्रणा कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्वप्रथम नॉन हिट एंड रन मामले मेंiRAD (integrated road accident database) एवं eDAR (e-detailed accident report) के प्रतिवेदन को अद्यतन करने हेतु सभी थाना अध्यक्षों से पृच्छा की गई।ऊअफका प्रतिवेदन लंबित रहने के कारण इंश्योरेंस कंपनियों के द्वारा सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रितों या घायलों को मुआवजा मिलने में देर हो रही है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार एवं यातायात पुलिस उपाधीक्षक के द्वारा सभी थाना अध्यक्षों को दो दिनों के अंदर ।ऊअफके रिपोर्ट को अधतन करने हेतु निर्देशित किया गया है। पथ निर्माण विभाग एवं ठ्ळअक के प्रतिनिधि को जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र के द्वारा निर्देशित किया गया कि सड़क मरम्मती नियम के आलोक में चेक लिस्ट तैयार कर चेकलिस्ट के आलोक में कितना काम हुआ है यह प्रतिवेदन अगली बैठक में समर्पित करेंगे। सभी टी पॉइंट पर रम्बल स्ट्रिप एवं जेब्रा पेंटिंग करने का निर्देश दिया गया है। सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल मदद पहुंचाने वाले गुड समैरिटन (अच्छा मददगार व्यक्ति) को आगे आने के लिए मीडिया के बंधुओं से निवेदन है कि पुरस्कार राशि के बारे में प्रचार प्रसार किया जाए। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी मुकुल पंकज मणीअनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, सिविल सर्जन बीपी सिंहा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री शिवम कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद प्रसाद,यातायात पुलिस उपाधीक्षक,सभी थाना अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# महिला संवाद कार्यक्रम में शिरकत किये प्रभारी मंत्री



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई बिहार में महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार राज्य सरकार के द्वारा कई काम किये जा रहे हैं उसी का परिणाम है की महिलाएं सशक्त होकर संवाद में अपनी बातों को रख रही हैं महिला संवाद कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही की जीविका दीदियों की बात पर अब उनका अपना बैंक हो गया है अब दीदियों को पैसे के लिए किसी के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। रोजगार हेतु कम ब्याज दर पर उन्हें पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई जाएगी उक्त बातें माननीय मंत्री मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार सरकार सह जमुई जिला प्रभारी मंत्री श्री रत्नेश सदा ने जमुई सदर प्रखंड के इन्दुपे पंचायत के मरकट्टा ग्राम में आयोजित अभिमान जीविका महिला ग्राम संगठन के द्वारा आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में कही। महिला संवाद कार्यक्रम की शुरुआत माननीय मंत्री श्री रत्नेश सदा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री सुभाष चन्द्र मंडल, एसडीएम श्री सौरभ कुमार, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक श्री संजय कुमार एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। माननीय मंत्री ने कहा कि हाल में राज्य मंत्रि परिषद ने दीदियों के लिए दो फैसले लिए हैं। पहला तो जीविका निधि के रूप में जीविका के लिए एक अलग सहकारी बैंक बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय की साफ सफाई का काम जीविका दीदियों को दिया गया है। इससे जीविका दीदियों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलने की संभावना है। यह सब माननीय मुख्यमंत्री के दूरगामी सोच का ही परिणाम है की आज आधी आबादी को अपना सपना साकार करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से जीविका की शुरुआत की थी। आज पूरे राज्य में 10 लाख से ज्यादा स्वयं सहायत समूहों का गठन किया जा चुका है। आज इस संवाद कार्यक्रम में भी देखने को मिला की समूह से जुड़ी दीदियां कितनी तरक्की कर कर रही है। सतत जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित परिवार आज गरीबी का दुष्चक्र तोड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं पहले महिलाएं घर से बाहर से भी नहीं निकलती थीं। लेकिन अब महिलाएं घर से बाहर निकलकर सभी तरह के काम कर रही है। जमुई जिले के सदर प्रखंड स्थित मरकट्टा ग्राम में अभिमान ग्राम संगठन द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। इस दौरान महिलाओं ने अपना अनुभव साझा किये, जिसमें उन्होंने बताया कि बिहार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ पाकर आज वे कितनी आगे बढ़ी है। इस अवसर पर सतत जीविकोपार्जन योजना की लाभार्थी ज्योति देवी ने बताया की आज वह किराना दुकान चलाकर अपने बच्चों को भी शिक्षित कर रही हैं मरकट्टा गाँव की अनिता देवी, जो जीविका दीदी के रूप में काम करती हैं, उन्होंने इस गाँव में स्वास्थ्य केंद्र की मांग की साथ ही अनीता देवी ने सामूहिक रूप से बैठक कराने के लिए जीविका भवन बनाये जाने की आकांक्षा व्यक्त की मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत मिलने वाली राशि को बढ़ाये जाने की आकांक्षा व्यक्त करते हुए अनीशा देवी ने कहा की इसे बच्चियों को और आगे पढने में मदद मिलेगी।

# छोटी-मोटी मर्ज के इलाज के लिए शहरी क्षेत्र के लोगों को सदर अस्पताल आने से मिलेगी राहत

प्रात: किरण संवाददाता



लखीसराय! शहरी क्षेत्र लखीसराय,बड़हिया एवं सूर्यगढ़ा के लोगों को अब छोटे-मोटे मर्ज के इलाज के लिए रेफरल अस्पताल, सीएचसी या सदर अस्पताल आने की जरूरत नहीं होगी। उन्हें अब अपने घर पर ही यानि नजदीक में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र के तर्ज पर शहरी क्षेत्र में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर संचालन का निर्णय लिया है। जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार लखीसराय नगर परिषद क्षेत्र में पांच बड़हिया एवं सूर्यगढ़ा में दो-दो हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर संचालन का स्वीकृति मिल गया है। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर संचालन के लिए तीनों नगर परिषद क्षेत्र में एरिया भी चिन्हित कर दिया गया है। जिसमें लखीसराय नगर परिषद में विद्यापीठ चौक, केएसएस कॉलेज, आरलाल कॉलेज, अशोक धाम एवं वार्ड संख्या-18 के चरोखरा, बड़हिया के वार्ड संख्या -6 और 7 के बीच एवं इंदुपुर के, वार्ड संख्या -24 जबकि सूर्यगढ़ा के जगदीशपुर एवं कटेहर में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के लिए क्षेत्र चिह्नित किया गया है। डीपीएम सुधांशु नारायण लाल ने बताया कि लखीसराय नगर परिषद क्षेत्र के चरोखरा एवं विद्यापीठ चौक के बीच सूर्यगढ़ा के दोनों केंद्र के लिए जमीन उपलब्ध हो गया है। लखीसराय के तीन व बड़हिया के दोनों सेंटर के लिए स्थानीय नगर परिषद को जमीन उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि एक केंद्र संचालन के लिए 6 डिसमिल जमीन की आवश्यकता है। जमीन उपलब्ध होते ही राज्य स्वास्थ्य समिति के सहयोग से सेंटर संचालन के लिए भवन निर्माण का कार्य कराया जाएगा। डीएस डॉ राकेश कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के संचालन से लोगों को छोटे-मोटे मर्ज जैसे सर्दी, बुखार, पेट दर्द, दस्त, डायरिया, डिसेंट्री, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, रेबीज, कृमि रोग, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और कैंसर की स्क्रीनिंग सहित मातृ और शिशु सेवा जिसमें मातृ स्वस्थ, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण शामिल है। उसके लिए प्रखंड स्तरीय या सदर अस्पताल आने की जरूरत नहीं होगी। यह सारी सुविधा उन्हें हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर ही उपलब्ध हो जाएगा। जिससे प्रखंड स्तरीय एवं सदर अस्पताल का बोझ भी कम होगा। इधर लखीसराय नगर परिषद के सभापति अरविंद पासवान ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति से मिले पत्र के आलोक में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर संचालन के लिए संबंधित क्षेत्र में जमीन की उपलब्धता का प्रयास किया जा रहा है।

# पंच सरपंच को न्याय पगड़ी देने, 6-12 महीने से लंबित भत्ता भुगतान करने, पेंशन चालू करने, एमएलसी चुनाव का वोटर बनाने की किया मांग

प्रात: किरण संवाददाता

खगड़िया। बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह खगड़िया जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पंचायती राज मंत्री केदार गुप्ता, सचिव एवं जिलाधिकारी अमित पांडेय से बिहार के सभी सरपंचों को न्याय पगड़ी देने एवं पंच सरपंचों का 6 -12 महीना से लंबित भत्ता भुगतान करने की मांग किया। मांगों के बाबत ज्ञापन प्रेषित किया गया। श्री यादव ने कहा कि प्रथम सत्र 2006 में न्याय पगड़ी मिली थी, जो समय के अंतराल में 95% सरपंच के पास न्याय पगड़ी नहीं है। प्रावधान के अनुसार न्याय पगड़ी पहनकर ग्राम कचहरी में न्याय देने, पंचायत करने की न्यायिक व्यवस्था है। न्याय पगड़ी सरपंच का गरिमा, न्याय, सम्मान, मयार्दा, उत्तरदायित्व का प्रतीक है। पगड़ी न्याय का प्रतीक होता है किंतु पगड़ी के अभाव में सरपंच एवं न्याय की पहचान प्रभावित होती है। प्रथम सत्र में न्याय पगड़ी मिलने के बाद पगड़ी समय के अंतराल में नष्ट हो गया, कहीं हस्तांतरण नहीं भी हो सका, विगत दो दशक बाद 99% सरपंच के पास न्याय पगड़ी उपलब्ध नहीं है। श्री यादव ने कहा कि विगत 6 महीना से लेकर 1 वर्ष तक का भत्ता लंबित है जिससे पंच सरपंच आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि पांच सत्र गुजरने के बावजूद एमएलसी चुनाव का वोटर नहीं बनाया गया है। आज भी ग्राम कचहरी को गाइडलाइन के अनुसार सशक्त नहीं किया गया है। जिससे गांधी जी का ग्राम स्वराज की सपना अधूरा है। उन्होंने एमएलए एमपी मंत्री के तरह चौथाई हिस्सा स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों को पेंशन चालू करने की मांग किया ताकि बतौर जनप्रतिनिधि सम्मान मिल सके। पंच सरपंच, वार्ड सदस्य, मुखिया, पंसस, प्रमुख, जिला पार्षद, सभापति को पेंशन नहीं तो सांसद विधायक मंत्री को भी पेंशन बंद होनी चाहिए, जो देश एवं जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। देश हित में उक्त कदम उठाई जाय। श्री यादव ने पंच सरपंच को सम्मान सुरक्षा सुविधा वेतन बीमा भत्ता पेंशन अन्य अधिकार देने की मांग किया है। वहीं ग्राम कचहरी अलौली के सरपंच रंजू कुमारी ने न्याय पगड़ी को सम्मान पूर्वक सहेज कर सुरक्षित रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरपंचों को न्याय पगड़ी नसीब नहीं हुआ है। न्याय पगड़ी पहनने के बाद गौरवान्वित महसूस करते हैं। सभी सम्मानित सरपंच को न्याय पगड़ी सरकार द्वारा देनी चाहिए। ताकि अपनी जिम्मेदारी बखूबी सम्मानपूर्वक निभा सके। श्री यादव ने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में विधानसभा एवं मुख्यमंत्री का घेराव आंदोलन पेंशन चालू करने एवं एमएलसी चुनाव का वोटर बनाने के सवाल को लेकर संघर्ष तेज किया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि जो स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों को पेंशन चालू करने की बात करेगा, वह आगामी विधानसभा चुनाव बाद बिहार में राज करेगा। उक्त सवाल को लेकर स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि गोलबंद हो चुके हैं एवं निर्णायक आंदोलन के मूड में है।

# गंभीर रोगों के मरीजों के लिए वरदान साबित हुआ श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल





प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा जिलें कें गंभीर रोगों से ग्रस्त मरीजों के लिए डाक्टर भगवान साबित हो रहा है। वही गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है श्री नारायण हास्पिटल। ज्ञात हो कि कोशी क्षेत्र में आये दिन लोग गंभीर रोगों से ग्रसित हो रहे है। इसे ध्यान में रखते हुए श्री नारायण फाउंडेशन के अधीन श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल की शुरूआत 2021 में मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और भारत सरकार की मंजूरी से हुई थी। शिक्षा को अच्छी तरह से समझे जाने वाले विषयों के समूह से बदलकर जीवन के अच्छी तरह से अनुकूलित पहलुओं और सिद्धांतों में बदलने के उद्देश्य से, श्री नारायण फाउंडेशन ने सहरसा स्थित श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल की परिकल्पना की। यहां के छात्रों में ईमानदारी, करुणा, साहस, दृढ़ता और जिम्मेदारी के गुणों को विकसित करने की दिशा में काम चल रहा है, ताकि वे अच्छे नैदानिक ज्ञान के साथ सक्षम डॉक्टर बन सकें और साथ ही उनमें नैतिकता का मूल्य पैदा हो, जिससे वे अपने रोगियों का मानवीय स्पर्श के साथ ईलाज कर सकें। डॉक्टरों, नर्सों और संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ उन्नत प्रशिक्षण के लिए एक अग्रणी शिक्षण अस्पताल है। इसे देश में महत्वपूर्ण स्थानों में से एक माना गया है। कोसी के कछार में बसा शहर सहरसा स्थित श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल पिछले चार सालों से चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, प्रशिक्षण और अनुसंधान में ह्ल उत्कृष्टता केंद्र ह्ल के रूप में कार्य कर रहा है। यहां प्रत्येक वर्ष 150 स्नातक (एमबीबीएस) सीटें है, ताकि कुशल और सक्षम मानव शक्ति की कमी को दूर किया जा सके जिससे बड़े पैमाने पर समाज को लाभ होगा। अस्पताल मरीजों की देखभाल, डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करता है, और अपने मरीजों को बेहतर देखभाल प्रदान करने के लिए अनुसंधान आयोजित करता है। श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल में 1000 से अधिक बिस्तरों वाला पूरी तरह कार्यात्मक अस्पताल है, जो परिष्कृत, विश्व स्तर के नैदानिक और चिकित्सीय उपकरणों से सुसज्जित है और एक उच्च योग्य और समर्पित संकाय द्वारा समर्थित है। कार्डियोलॉजी, न्यूरो-सर्जरी, यूरोलॉजी, बाल चिकित्सा-सर्जरी, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, एंडोक्रिनोलॉजी, डर्मोलॉजी और ऑन्कोलॉजी आदि के सुपर स्पेशियलिटी विभाग विशेषज्ञ सलाह और उपचार प्रदान करते हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध, अस्पताल परीक्षण और उपचार के लिए रियायती शुल्क के साथ मुफ्त ओपीडी और आईपीडी सेवाएं प्रदान करता है।

# लखीसराय में सरकारी शिक्षक पर लगाया यौन शोषण का आरोप,एसपी अजय कुमार से मिलकर लगाई न्याय की गुहार





● एसपी ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई का दिया आदेश

प्रात: किरण संवाददाता

लखीसराय ! लखीसराय जिले के हलसी थाना क्षेत्र की युवती ने सरकारी शिक्षक धर्मवीर कुमार पर यौन शोषण का गंभीर आरोप लगाया है !पीड़िता ने एसपी अजय कुमार से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है ! युवती का कहना है कि उनकी मुलाकात वर्ष -2021 में लखीसराय सदर थाना क्षेत्र के बालगुदर गांव निवासी धर्मवीर कुमार से हलसी में रिश्तेदार के घर हुई थी! इस संबंध में दोनों के बीच प्रेम संबंध बना और युवती झारखंड के बोकारो में रहने लगी !धर्मवीर वहां मिलने आता रहा और शादी का वादा कर कर शारीरिक संबंध बनाता रहा !इस दौरान धर्मवीर कुमार की सरकारी शिक्षक के पद पर नियुक्ति हो गई !युवती को पता चला कि धर्मवीर की शादी कहीं और तय हो गई है !विरोध करने पर धर्मवीर 22 मई 2025 को उसे बोकारो से लखीसराय ले आया !वहां धर्मवीर के परिजनों ने युवती के साथ मारपीट की ! उन्होंने शादी के लिए 40 लख रुपए दहेज की मांग की ! पीड़िता महिला थाना समेत कई जगह पर शिकायत कर चुकी है !एसपी अजय कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला थाना अध्यक्ष को प्राथमिकी दर्ज कर अविलम्ब कार्रवाई का आदेश दिया है !पुलिस मामले की जांच कर रही है और पीड़िता को न्याय का भरोसा दिलाया गया है !

# सीआरसी स्तर पर मशाल खेल प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय झपड़ा टोला बना चैंपियन

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा मशाल खेल प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक एवं बालिका वर्ग में शारीरिक शिक्षक प्रमोद कुमार झा के नेतृत्व में ओवर ऑल झपड़ा टोला चैम्पियन बना। वही बालिका में क्रिकेट बाल थ्रो में समानी प्रथम, 60 मीटर दौड़ में संजना प्रथम, 600 मीटर दौड़ में प्रीति कुमारी प्रथम, साइकिल रेस में रहती प्रथम, लंबी कूद में अनामिका तृतीय रही। साथ ही कबड्डी में भी झपड़ा टोला प्रथम आया। वहीं अंडर 14 बालक वर्ग में लंबी कूद में बदल कुमार प्रथम, 60 मीटर दौड़ में अनु कुमार प्रथम, साइकिल में श्रीयंम द्वितीय, क्रिकेट बाल थ्रो में बिट्टू तृतीय, 600 मीटर दौड़ में दिलखुश तृतीय स्थान पर रहें। कबड्डी में मध्य विद्यालय झपड़ा टोला प्रथम, फुटबॉल में मध्य विद्यालय झपड़ा टोला प्रथम और अंडर 16 में लंबी कूद में वसीम आलम मध्य विद्यालय झपड़ा टोला प्रथम स्थान पर रहा। मौके पर मध्य विद्यालय झपड़ा टोला के प्रधानाध्यापक ललिता कुमारी, शारीरिक शिक्षक प्रमोद कुमार झा, वरीय शिक्षक विमल कुमार विमल, मंजू कुमारी, ज्योति कुमारी, रौनक रहमानी, आभा कुमारी, मनोज कुमार ने बच्चों को सीआरसी स्तर पर प्रतियोगिता जीतने के अवसर पर ढेर सारा प्यार वो आशीर्वाद दिए और सीआरसी से बीआरसी स्तर पर जीतने के लिए प्रेरित किए। वहीं अवकाश में गए बीबी अंजुम आरा, प्रवीण कुमार प्रवीण, सुनीता कुमारी, शाहिना प्रवीण, वार्ड कमिश्नर खुशबू देवी, रोहिन दास, पवन शर्मा, सिब्लू शर्मा, मनोज कुमार, भगवान दास, शत्रुघ्न दास, अमर शर्मा आदि ग्रामीण अभिभावक ने खिलाड़ियों को सफलता पूर्वक प्रतियोगिता में भाग लेने वो जीतने पर बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिए और वार्ड के अंतर्गत सभी ग्रामीणों ने कहा कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में यथा संभव मदद भी किया जाएगा।

# मेगा इवेंट बना महिला संवाद कार्यक्रम,संवाद,सहयोग और एकता से गांवों को आदर्श गाँव बनाने के लिए आधी आबादी के बीच किया जा रहा आयोजन




प्रात: किरण संवाददाता

लखीसराय !संवाद ,सहयोग और एकता से गांवो को आदर्श गाँव बनाने के लिए आधी आबादी के बीच महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित है। बिहार सरकार के इस मेगा इवेंट में गाँव की दशा एवं दिशा को चौतरफा गति प्रदान करने के साथ ही घरेलु हिंसा, बाल विवाह उन्मूलन, दहेज प्रथा उन्मूलन,बच्चों की शिक्षा और स्वतंत्रता के साथ जीवन जीने का अधिकार, महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और हर घर में सम्मानपूर्वक वातावरण सुनिश्चित करने के साथ ही बैंक, जीविका या अन्य स्त्रोतों से प्राप्त राशि के सदुपयोग करने और गाँव के सभी परिवारों को कम से कम दस हजार रुपया मासिक आय के लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग पर चर्चा हो रही है और संकल्प तथा शपथ लिये जा रहे हैं । महिला संवाद कार्यक्रम राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है जिसके अंतर्गत राज्य के सभी गांवो में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं उसके सफलता की गाथा संवाद रथ के द्वारा प्रदर्शित की जा रही है। लघु फिल्म और लीफलेट के द्वारा महिलाओं को सरकारी योजनायों से रूबरू कराया जा रहा है । महिला संवाद कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित हुई महिलाएं एवं छात्राएं अपनी प्रेरणादायक जीवन सफर सुनाकर अन्य महिलाओं को भी सरकार की योजनायों से जुड़ने और लाभान्वित होने के लिए प्रेरित कर रही हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी का सन्देश भी महिलाओं को स्वावलंबी बनने के लिए उत्प्रेरित कर रहा है । लखीसराय जिला में भी 18 अप्रैल से जारी महिला संवाद कार्यक्रम का रामगढ़ चौक, हलसी , लखीसराय सदर एवं चानन में सफलता पूर्वक संपन्न हो गया है । सूर्यगढ़ा में तीन संवाद रथ कार्यक्रम के द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम शुरू किया गया है। कोशिश यही है कि ज्यादा से ज्यादा इच्छाएं एवं आकांक्षाएं सुचिवद्ध हो ।

## महिला संवाद कार्यक्रम में उठी ब्यूटीशियन, सिलाई, कंप्यूटर व मिथिला पेंटिंग की ट्रेनिंग की मांग



सहरसा ग्रामीण महिलाओं में तकनीकी प्रशिक्षण को लेकर जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। जिले के सौरबाजार प्रखंड अंतर्गत सुहथ पंचायत में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता के लिए कौशल विकास की मांग की। महिलाओं ने विशेष रूप से ब्यूटीशियन कार्य, सिलाई-कढ़ाई, कंप्यूटर प्रशिक्षण और मिथिला पेंटिंग जैसे हुनरों में प्रशिक्षण की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम में बीपीएम आनंद प्रकाश ने जीविका योजना की जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक चेतना और महिला सुरक्षा से भी जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर समूहों में जोड़ा जा रहा है ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। आनंद प्रकाश ने बिहार राज्य महिला सशक्तिकरण नीति की चर्चा करते हुए कहा कि यह नीति महिलाओं को समान अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और शासन में नेतृत्व की भूमिका देने की दिशा में कारगर सिद्ध हो रही है। उन्होंने अपील की कि जो महिलाएं अब तक जीविका से नहीं जुड़ी हैं, वे आगे आएं और इससे लाभ लें। सुरभी ग्राम संगठन की सदस्य लक्ष्मी देवी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जीविका से जुड़ने के बाद उन्हें पीएम-एफएमई योजना के तहत 3.72 लाख का आसान ऋण मिला, जिससे उन्होंने आटा चक्की और मसाला पीसने की मशीन खरीदी।

# जमालपुर भागलपुर तीसरी लाइन की रेलवे बोर्ड से मिली स्वीकृति

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। जमालपुर से मुंगेर और उसके आगे उमेश नगर तक डबल लाइन बनेगी मुंगेर रेल पुल के समानांतरण नया रेल पुल बनाने की भी जल्द होगी निर्णय उपर्युक्त बातें मालदा डीआरएम रेल मंडल के मनीष कुमार गुप्ता ने कही। श्री गुप्ता ने आगे कहा की जमालपुर से भागलपुर के बीच तीसरी लाइन का काम जल्द शुरू हो जाएगा जमालपुर में नया सुरंग भी बनेगा और जमालपुर से एक नई लाइन सहित मुंगेर तक डबल लाइन का काम होगा। इसलिए आगे डबल लाइन के लिए नया पुल बनना होगा हालांकि मुंगेर तक डबल लाइन का काम पूर्व रेलवे से होगा। रेलवे के पश्चिमी हिस्से में यानी क्यूल से भागलपुर के बीच रेल नेटवर्क बढ़ेगा। इसके लिए बड़ी तैयारी हो रही है। इसका विस्तार पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्र में भी होगा। इसके लिए दोनों जोन में कवायत चल रही है। जमालपुर से भागलपुर के बीच तीसरी लाइन को रेलवे बोर्ड ने हरी झंडी पहले दे दी है इसके बाद अब चौथी लाइन के लिए भी सर्वे चल रहा है। इसी बीच जमालपुर में एक अतिरिक्त सुरंग बनाया जाएगा तो सुल्तानगंज देवघर अधूरी रेल परियोजना को भी पूरी करने की वकायदशुरू हो गई है। डीआरएम ने बताया कि जमालपुर से मुंगेर होते हुए बेगूसराय तक डबल लाइन हो जाएगी क्योंकि जमालपुर वाई लाइन से उमेश नगर से डबल लाइन का काम करने का निर्णय हुआ है और इसके लिए डीपीआर भी बनाया गया है। इसमें मुंगेर में मौजूदा रेल पुल के समानांतरण एक अतिरिक्त पुल बनाने की भी बात हो रही है। यह काम पूर्व मध्य रेलवे के माध्यम से कराया जाएगा और इस पर जल्द ही निर्णय होने की बात बताई जा रही है। सुल्तानगंज से देवघर यानी अजगबीधाम से बाबा बैजनाथ धाम के लिए 20 साल पूर्व स्वीकृत रेल परियोजना को भी पूरा किया जाएगा। अभी इस परियोजना में देवघर से बांका तक काम कर रोक दिया गया था लेकिन बजट में शेष हिस्से को भी पूरा करने का प्रस्ताव आया है। इसके बाद जहां जिला प्रशासन ने जमीन अधिग्रहण के लिए कागजी पहल शुरू कर दी है तो दूसरी ओर रेलवे ने निर्माण से नया एस्टीमेट मांगा है। जमालपुर से भागलपुर के बीच तीसरी लाइन से कमर्शियल कॉरिडोर बताया गया था इसके लिए 1094 करोड़ के डीपीआर को रेलवे बोर्ड ने स्वीकृति दे दी है।इसके अतिरिक्त और चौथी लाइन बनने के लिए सर्वे चल रहा है जब तक तीसरी लाइन का काम शुरू होगा तब तक चौथी लाइन के लिए भी डीपीआर तैयार हो जाएगा जमालपुर में 4 साल पहले ही दूसरा रेल सुरंग चालू किया गया है।

# शिव होटल संचालक ज्योतिष कुमार की गोली मारकर हत्या

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा के भराहीं थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदनी चौक स्थित एमपी कॉलेज के समीप शिव होटल संचालक ज्योतिष कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई जहां आक्रोषित लोगों की चांदनी चौक एमपी कॉलेज के समीप सहरसा / पूर्णियाँ 107 मुख्य मार्ग को घंटो जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल बीते देर रात शिव होटल संचालक ज्योतिष कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। बताया जा रहा है कि 5 और 6 की संख्या मे अपराधी होटल पर पहुंचा जहाँ दो अपराधियों ने होटल संचालक ज्योतिष कुमार पर ताबर तौर फायरिंग की जिससे घटना स्थल पर हीं ज्योतिष की मौत हो गयी। मृतक के पत्नी पूजा देवी ने बताया कि दुकान बंद करने के दौरान बगल के हीं तूफानी यादव, डॉक्टर पंकज कुमार, प्रिंस कुमार,जब्बार मियां और आजाद शर्मा सहित 5 व 6 की संख्या पहुंचे इसी बीच दो अज्ञात अपराधियों ने मेरे पति पर ताबर तौर फायरिंग की जिससे मौके वारदात पर हीं ज्योतिष की मौत हो गयी वहीं चलते चलते अपराधियों ने बोला इस महिला को भी रास्ते से निपटा दो लेकिन दूसरे अपराधी ने कहा अब गोली समाप्त हो गया है भाग निकलो। हत्या का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है लेकिन पुलिस इस हत्या को भूमि विवाद से जोड़कर देख रही है। हालांकि पुलिस के मुताविक सभी अपराधियों को चिन्हित कर लिया गया है बहुत जल्द गिरफ्तार करने की बात बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतक ज्योतिष कुमार पूर्व मे शराब के कारोबार से जुड़ा था हाल मे अपना शिव होटल चला रहा था वहीं दबी जुवान से लोग बता रहे हैं कि हत्या के पीछे आपसी लेनदेन हो सकती है हालांकि घटना से 6 माह पूर्व इन लोगों के बीच ज्योतिष का आपसी विवाद के तहत मारपीट की घटना भी घटित हुई थी जिस मामले मे भराहीं थाना मे मामला भी दर्ज हुआ था लेकिन पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं ली लिहाजा आज ज्योतिष की हत्या कर दी गयी। घटना के बाद स्थानीय लोग सहित परिजनों ने पुलिस प्रशासन के विरोध मे एन एच पर शव रखकर घंटो सड़क जाम कर दिया सड़क जाम की सूचना मिलते हीं मौके वारदात पर पहुंचे भराहीं थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने लोगों समझा बुझाया इस दौरान थानाध्यक्ष के साथ झड़प भी हुई आक्रोषित लोग एसपी और एएसपी को बुलाने की मांग पर अड़े रहे।

विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, गुरुवार, 29 मई, 2025

सम्पादकीय

## भारत-नेपाल सीमा पर घुसपैठ की आशंका - बढ़ाया जा रहा है सुरक्षा

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



भारत और नेपाल के बीच ऐतिहासिक संबंधों की नींव में विश्वास और सहयोग की भावना रही है। दोनों देशों के बीच तकरीबन 1,751 किलोमीटर लंबी खुली सीमा है, जहां नागरिक बिना वीजा- परमिट के आ-जा सकते हैं। लेकिन यही खुली सीमा कई बार घुसपैठियों, आतंकवादियों और असामाजिक तत्वों के लिए भी एक सुनहरा मौका बन जाता है। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में खुफिया रिपोर्ट में यह सनसनीखेज दावा किया गया है कि 30 से अधिक पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिक नेपाल की सीमा में दाखिल होकर भारत में घुसपैठ की फिराक में हैं। इस इनपुट के बाद उत्तर प्रदेश से लगने वाली 579 किलोमीटर की सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। पुलवामा से लेकर पहलगाम तक, आतंकवादी हमले भारत की आंतरिक सुरक्षा को बार-बार चुनौती देता रहा है। ऐसे में जब पाकिस्तानी और बांग्लादेशी संदिग्धों के नेपाल में मौजूद होने की खबर आई, तो सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गए। सुरक्षा बलों को चौकन्ना कर दिया गया है। एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) को 24 घंटे सक्रिय निगरानी और कड़ी गश्त के आदेश दिया गया हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन घुसपैठियों का मकसद भारत के भीतरी इलाकों में जाकर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देना या नेटवर्क से जुड़ना होने की संभावना है। भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी सशस्त्र सीमा बल (SSB) के पास है। एसएसबी की 42वीं वाहिनी के नायक गंगा सिंह उदावत के अनुसार, गांव, जंगल और सीमावर्ती सड़कों पर चौबीसों घंटे गश्त तेज कर दी गई है। जवान संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। बहराइच से लेकर महाराजगंज तक गश्ती दल तैनात किए गए हैं। चेक पोस्ट्स की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन निगरानी के जरिए इलाके की गहराई से मॉनिटरिंग की जा रही है। स्थानीय नागरिकों को सतर्क किया गया है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना दी जा सके उत्तर प्रदेश के जिन जिलों से भारत- नेपाल सीमा लगती है, जिसमें बहराइच जिला अत्यधिक संवेदनशील है, पीलीभीत जिला में निगरानी बढ़ाई गई है, लखीमपुर खीरी जिला में घने जंगल और नदियाँ है, श्रावस्ती जिला में ग्रामीण रास्तों से संभावित घुसपैठ की संभावना रहती है, बलरामपुर जिला में खुला भूभाग है, सिद्धार्थनगर जिला में नेपाल के साथ खुली आवाजाही है, महराजगंज जिला में सक्रिय निगरानी रही है। इन सभी जिलों में स्थानीय प्रशासन और एसएसबी के बीच तालमेल बनाकर सुरक्षा रणनीति बनाई गई है। भारत और नेपाल के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक तौर पर बेहद गहरे हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में नेपाल की राजनीतिक अस्थिरता और वामपंथी झुकाव वाली सरकारों के चलते, सीमा सुरक्षा को लेकर दोनों देशों के बीच पहले जैसी सख्ती नहीं दिख रही है। नेपाल की खुली सीमा का फायदा उठाकर पाकिस्तानी और बांग्लादेशी एजेंट नेपाल में शरण लेकर भारत में घुसने की कोशिश करते रहते हैं। कई बार ऐसे मामले सामने आ चुके हैं जब नेपाल के रास्ते ISI एजेंट भारत पहुंचा, फर्जी दस्तावेजों से नागरिकता बनाई और मदरसा नेटवर्क के जरिए कट्टरता फैलाने की कोशिश हुई है। भारत-नेपाल की खुली सीमा आम नागरिकों के लिए वरदान है। रोजगार, व्यापार, धार्मिक यात्रा और पारिवारिक संबंधों के लिए लोग सहजता से एक देश से दूसरे देश में आते-जाते रहते हैं। लेकिन यही खुली सीमा, असुरक्षा का कारण बनता जा रहा है। समस्या यह है कि यहां कोई वीजा या पासपोर्ट की जांच नहीं होती है इसलिए फर्जी पहचान वाले व्यक्ति भी आसानी से प्रवेश कर जाते हैं। घने जंगल और नदी क्षेत्रों से प्रवेश भी आसान है, जिसके कारण गुप्त गतिविधियों के लिए इस क्षेत्र को उपयुक्त समझा जाता है। सीमावर्ती गांवों में निगरानी की कमी रहने के कारण स्थानीय लोग कभी-कभी अनजाने में मददगार साबित हो जाते हैं।


## सनातन राष्ट्र का हुआ सच्चा शंखनाद




17 से 19 मई 2025 के बीच गोवा में सम्पन्न सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव एक ऐसा दुर्लभ आयोजन सिद्ध हुआ, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर आध्यात्मिकता, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम की चेतना को अभूतपूर्व रूप से जाग्रत किया। यह तीन दिवसीय ऐतिहासिक महोत्सव न भूतो न भविष्यति की कहावत को साकार करता है। वास्तव में ह्यसनातन राष्ट्र का प्रामाणिक शंखनाद हुआ है, ऐसा वक्तव्य सनातन संस्था के प्रवक्ता श्री. अभय वर्तक ने समारोपीय पत्रकार परिषद में दिया। श्री. वर्तक ने बताया कि गोवा के इतिहास में पहली बार भारत सहित 23 देशों से 30,000 से अधिक लोगों की उपस्थिति में इतना भव्य, आकर्षक और नियोजित कार्यक्रम आयोजित हुआ। अनेक विचारकों, प्राध्यापकों, उद्योगपतियों, संपादकों, लेखकों, केंद्रीय मंत्रियों और अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों ने इसे ह्यअद्वितीयह्ण बताया। समाज में इस प्रकार का महोत्सव प्रतिवर्ष आयोजित करने की तीव्र मांग उठ रही है। फोंडा, गोवा स्थित ह्यपॅन अरोमाह्ण होटल में संपन्न पत्रकार परिषद में गोवा राज्य पूर्व चुनाव आयुक्त श्री. नारायण नावती, उद्योजक श्री. मनोज गावकर, हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री. रमेश शिंदे, उद्यमी श्री. जयंत मिरिंगकर, ब्राह्मण महासंघ के श्री. राज शर्मा तथा गोमंतक मंदिर महासंघ के सचिव श्री. जयेश थळी उपस्थित थे। इस महोत्सव की विशेषताएं अत्यंत विलक्षण रहीं झ्र ऋषियों और देवताओं के नाम से सुसज्जित ह्यसच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. आठवले नगरी की सर्जना; संत, व्याख्याता, लेखक और राष्ट्रहितैषियों की प्रभावशाली उपस्थिति; 30,000 लोगों के लिए उत्तम भोजन व्यवस्था; एक लाख श्रद्धालुओं को महाधन्वंतरि यज्ञ का प्रसाद; पंद्रह संतों की पावन पादुकाएं; क्षात्रतेज से ओतप्रोत शिवकालीन शस्त्रप्रदर्शन; भक्तिभावपूर्ण नृत्य व संगीत प्रस्तुति; सुचारू यातायात व्यवस्था के कारण स्थानीय जनजीवन पर कोई प्रभाव न पड़ना, इन सभी ने इस महोत्सव को अविस्मरणीय बना दिया। महोत्सव के उत्तरार्ध में सम्पन्न ह्यशतचंडी यज्ञ विशेष रूप से भारत-पाक युद्ध की स्थिति में भारतीय सेना की विजय हेतु किया गया। इस अवसर पर सनातन संस्था ने सेना सहायता हेतु 1,11,000 की राशि गोवा के मुख्यमंत्री श्री. प्रमोद सावंत को भेंट की। महोत्सव में संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत आठवले के पावन हस्तों से 4 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को ह्यहिंदू राष्ट्ररत्नह्ण सम्मान तथा 21 व्यक्तियों को ह्यसनातन धर्मश्रीह्ण सम्मान प्रदान किए गए। ह्यसव्यासाची गुरुकुलम्ह्ण की ओर से शिवकालीन युद्धकला का प्रदर्शन, हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा स्वसंरक्षण प्रात्यक्षिक और महर्षि अध्यात्म विश्वविद्यालय द्वारा भक्ति संगीतोत्सव प्रस्तुत किया गया। इससे अनेक लोगों को प्रेरणा प्राप्त हुई। देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं के कारण गोवा के मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा भी बढी, जिससे स्पिरिचुअल टूरिज्म को विशेष बल मिला। महोत्सव के माध्यम से यह संदेश सशक्त रूप से गया कि ह्यगोवा भोगभूमि नहीं, अपितु योगभूमि है। इस सफल आयोजन में गोवा शासन, पुलिस प्रशासन, गोवा इंजीनियरिंग कॉलेज, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायतें, पत्रकार, उद्योगपति तथा सेवाभावी संस्थाओं का सक्रिय सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। विभिन्न आध्यात्मिक, सामाजिक और राष्ट्रहितैषी संस्थाओं के सहभाग के लिए हृदय से आभार। शंखनाद की यह संकल्पना अब राष्ट्रभर में चेतना का संचार कर रही है। महोत्सव से ह्यराष्ट्रीय एकता, भारतीयता, आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक गौरव और शौर्य का सशक्त उद्घोष हुआ। अनेक विशिष्ट व्यक्तियों एवं सामान्य नागरिकों ने इसे प्रतिवर्ष आयोजित करने की मांग की जो इस आयोजन की सफलता का प्रमाण है।

# नये आर्थिक सूरज बनने के सुखद एवं गौरवपूर्ण पल

**और अब अगले ढाई से तीन वर्षों में जर्मनी को हटाकर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकडों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी बन चुके भारत ने अनेक नवीन संभावनाओं एवं उपलब्धियों को पंख लगाये हैं। निश्चित ही भारत आर्थिक क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में एक महाशक्ति बन कर उभर रहा है, जो हर भारतीय के लिये गर्व एवं गौरव की बात है। सुब्रह्मण्यम ने कहा, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं और जो योजना बनाई जा रही है, अगर हम उसी पर टिके रहते हैं, अपनी योजनाओं एवं नीतियों को आगे बढ़ाते है तो भारत शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।**





ललित गर्ग

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार )**

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने रविवार की सुबह नये उगते सूरज के साथ भारत के नये आर्थिक सूरज बनने की सुखद एवं आह्लादकारी खबर दी। उन्होंने बताया कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब अगले ढाई से तीन वर्षों में जर्मनी को हटाकर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकडों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी बन चुके भारत ने अनेक नवीन संभावनाओं एवं उपलब्धियों को पंख लगाये हैं। निश्चित ही भारत आर्थिक क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में एक महाशक्ति बन कर उभर रहा है, जो हर भारतीय के लिये गर्व एवं गौरव की बात है। सुब्रह्मण्यम ने कहा, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं और जो योजना बनाई जा रही है, अगर हम उसी पर टिके रहते हैं, अपनी योजनाओं एवं नीतियों को आगे बढ़ाते है तो भारत शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के मुताबिक, 2025 में अमेरिका 30,507.217 अरब डॉलर के आकार के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वहीं, चीन 19,231.705 अरब डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से विश्व स्तर पर कई महत्वपूर्ण प्रभावों में बढ़ोतरी होगी। भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी 20 और आईएमएफ में प्रभाव बढ़ेगा। भारत में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) में और वृद्धि होगी, क्योंकि ग्लोबल कंपनियां भारत को एक आकर्षक बाजार के रूप में देख रही हैं। इससे भारत और जापान के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी, जैसे चंद्रयान-5 और सैन्य सहयोग, भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत इस उपलब्धि के बाद ग्लोबल इकोनॉमिक लीडरशिप की दिशा में और करीब आ गया है। भारत अगर 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देता है तो लीडरशिप और मजबूत होगी। भारत विश्वगुरु बनने एवं विश्व नेतृत्व करने में सक्षम होगा। भारत ने जापान को पछाड़ कर जो छलांग लगायी है, इसके पीछे जापान की अर्थव्यवस्था के सामने कई चुनौतियों रही है। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, 2025 में जापान की जीडीपी ग्रोथ रेट केवल 0.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो भारत की 6.5 प्रतिशत की तुलना में बहुत कम है। जापान की उम्रदराज आबादी और लो बर्थ रेट ने लेबर फोर्स को सीमित कर दिया है। अमेरिका और अन्य देशों द्वारा लगाए गए टैरिफ और व्यापार नीतियों ने जापान की निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। जापान की अर्थव्यवस्था कई दशकों से स्थिरता के लिए संघर्ष कर रही है, जिसके कारण वह भारत जैसे तेजी से बढ़ते देशों से पिछड़ गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह भी कहा कि भारत की विकास दर 2025 में 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा है। इससे स्पष्ट है कि भारत अब सिर्फ जनसंख्या में ही नहीं, अर्थव्यवस्था के मामले में भी दुनिया में सबसे आगे निकलने की रेस में है। ग्रामीण इलाकों में खपत बढ़ने से ये विकास दर बनी रहेगी। हालांकि, ग्लोबल अनिश्चितता और ट्रेड टेंशन की वजह से इसमें थोड़ा असर पड़ सकता है। सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था की सुनहरी तस्वीर निर्मित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, उनके अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी सरकार की नियोजित एवं दूरगामी सोच का ही परिणाम है रिजर्व बैंक के पास सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में आर्थिक गतिविधियां नये शिखरों पर सवार है, क्योंकि भारत में डीमैट खाते 19 करोड़ के पार पहुंच चुके हैं। देश के कुल डीमैट खाते अब अन्य देशों की तुलना में नौवें स्थान पर हैं, जिसका मतलब है डीमैट खाते रूस, जापान, इथियोपिया, मैक्सिको जैसे देशों की आबादी से अधिक और बांग्लादेश की आबादी के करीब है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1,40,000 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और हर 20 दिन में एक यूनिकॉर्न उभरता है। यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर हो जाता है। इन आर्थिक उजले आंकड़ों में जहां मोदी के विजन ह्यहर हाथ को कामह्ण का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ण का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर भारत ने जापान को पीछे छोड़ चौथी अर्थ-व्यवस्था बन गयी है। भारत ने अनेक आर्थिक क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। लेकिन भारत के सामने चुनौतियां भी नयी-नयी शक्लों में उभर रही है। नयी आर्थिक उपलब्धियों एवं फिजाओं के बीच धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। पलायनवादी सोच के कगार पर खड़े राष्ट्र को बचाने के लिए राजनीतिज्ञों एवं नीति नियामकों को अपनी संकीर्ण मनोवृत्ति को त्यागना होगा। तभी समृद्ध हो या प्रतिभाशाली व्यक्ति अपने ही देश में सुख, शांति, संतुलन एवं सह-जीवन का अनुभव कर सकेगा और पलायनवादी सोच से बाहर आ सकेगा। करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहे।

# सेना के शौर्य का यशोगान, विपक्ष क्यों परेशान

**और देश सहित सारी दुनिया में भारतीय सेना के पराक्रम तथा शौर्य का यशोगान। पहलगाम के आतंकी हमले के बाद केंद्र की मोदी सरकार द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध सबसे बड़ा प्रहार ऑपरेशन सिंदूर की यही दास्तान है। देश और दुनिया में भारत सरकार के इस कदम की सराहना की जा रही है। वहीं,भारत की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस द्वारा इस बार भी ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में सबूत मांगे जा रहे हैं। यही नहीं ,कांग्रेस द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच सीज फायर को लेकर भी कई सवाल उठाये जा रहे है। पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला करते हुए 26 पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया था। बीते महीने की 22 तारीख को हुई इस कायरतापूर्ण कार्रवाई में सबसे पहले आतंकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछा। इसके बाद उनके हिंदू होने की तसल्ली करने के लिए उनको कलमा पढ़ने को कहा। और फिर पर्यटकों को अपनी जान देकर हिंदू होने की कीमत चुकानी पड़ी।**






प्रदीप कुमार वर्मा

**लेखक**

पाकिस्तानी आतंकवादियों के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर के जरिए निर्णायक कार्रवाई, आतंकियों का आका कहे जाने वाली पाकिस्तान सेना के ठिकानों पर प्रहार, शानदार कूटनीति के माध्यम से सिंधु जल समझौता रद्द करने के साथ अन्य व्यापारिक संबंधों पर पूर्ण विराम, पाकिस्तान के साथ अब सिर्फ पीओके और आतंकवादियों को सोंपने ही पर बातचीत का एलान,। और देश सहित सारी दुनिया में भारतीय सेना के पराक्रम तथा शौर्य का यशोगान। पहलगाम के आतंकी हमले के बाद केंद्र की मोदी सरकार द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध सबसे बड़ा प्रहार ऑपरेशन सिंदूर की यही दास्तान है। देश और दुनिया में भारत सरकार के इस कदम की सराहना की जा रही है। वहीं,भारत की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस द्वारा इस बार भी ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में सबूत मांगे जा रहे हैं। यही नहीं ,कांग्रेस द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच सीज फायर को लेकर भी कई सवाल उठाये जा रहे है। पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला करते हुए 26 पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया था। बीते महीने की 22 तारीख को हुई इस कायरतापूर्ण कार्रवाई में सबसे पहले आतंकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछा। इसके बाद उनके हिंदू होने की तसल्ली करने के लिए उनको कलमा पढ़ने को कहा। और फिर पर्यटकों को अपनी जान देकर हिंदू होने की कीमत चुकानी पड़ी। इस कायराना कार्रवाई में सबसे बड़ा पहलू यह रहा कि आतंकियों ने हमास स्टाइल में पत्नी और बच्चों के सामने पुरुषों को बर्बर तरीके से सिर में गोली मारकर उन्हें मौत की नींद सुला दिया। इस आतंकी घटना के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई का ऐलान किया और भारत ने पाकिस्तान के आतंकवादियों के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इससे पूर्व केंद्र सरकार ने जब सर्वदलीय बैठक बुलाई तो, कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने सेना और सरकार की प्रत्येक कार्रवाई में सहयोग और समर्थन का संकल्प व्यक्त किया। सभी दलों के राजनीतिक सर्वमान्य निर्णय के बाद केंद्र की मोदी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी। जिसके जरिए सरकार द्वारा सेना को समय, दिन, स्थान और तरीका चुनकर आतंकियों को कड़ा जवाब देने के लिए अधिकृत कर दिया। भारत की तीनों सेनाओं ने आपसी समन्वय और सरकार के निर्णय को अमलीजामा पहनाते हुए 7 मई को पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर उन्हें ध्वस्त कर दिया। इसके बाद जब पाकिस्तान की सेना ने भारत के सैनिक ठिकानों, एयरवेस, धर्मस्थलों तथा आबादी के इलाकों को अपना निशाना बनाया तो भारतीय सेना ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान की सेना के 11 एयरबेस तबाह कर दिए। इस कार्रवाई से घुटनों पर आए पाकिस्तान ने अपने डीजीएमओ के जरिए भारत से सीजफायर की गुहार लगाई, तो भारत ने भी इस पर सकारात्मक रुख रखते हुए 10 मई को सीजफायर का ऐलान कर दिया। इसके बाद में भारतीय सेना और विदेश मंत्रालय के नुमाइंदों ने बाकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सेना तथा भारत सरकार द्वारा चलाए गए आपरेशन सिंदूर और सीजफायर के संबंध में उठाए गए सभी सवालों के जबाव देने साथ ऑपरेशन सिंदूर के सिर्फ स्थगित करने के बारे में जानकारी दी। लेकिन इसके उलट कांग्रेस ने अपनी पुरानी परंपरा की तरह इस बार भी केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। कांग्रेस नेताओं ने इस बार भी ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना को हुए नुकसान तथा सीज फायर की आवश्यकता और इसके समय पर सवाल उठा दिए हैं। यही नहीं भारत सरकार द्वारा विश्व बिरादरी को पाकिस्तान की करतूत तथा आतंकपरस्ती के बारे में जानकारी देने के लिए सात डेलिगेशन बनाकर उन्हें अलग-अलग देश को भेजा गया है। सरकार की इस कार्रवाई पर भी कांग्रेस डेलिगेशन में शामिल सदस्यों के नाम पर सवाल उठा रही है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से यह सवाल किया है कि पीओके को वापस लिए बिना पाकिस्तान के साथ सीजफायर पर करने का क्या औचित्य है? उधर, इस मामले में भाजपा सहित केंद्र की सरकार में शामिल एनडीए के अन्य राजनीतिक दलों ने कांग्रेस के इस रवैये पर सवाल उठाए हैं। भाजपा सहित उसके अन्य सहयोगी दलों का कहना है कि वर्ष 1971 की जंग में जब पाकिस्तान के 93 हजार सरेंडर किए हुए सैनिक और एक बड़ा भू-भाग भारत के कब्जे में आ गया था। तब कांग्रेस की सरकार में पीओके को वापस क्यों नहीं लिया? पीओके को वापस लेने की बजाय भारत की तत्कालीन सरकार ने युद्द में सरेंडर करने वाले पाकिस्तान के सभी सैनिकों और जीते गए भूभाग को वापस कर दिया। इसके साथ ही भाजपा के आरोपों के मुताबिक पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा कश्मीर के मसले को यूएन में ले जाने को लेकर भी कांग्रेस खुद सवालों के घेरे में है। भाजपा नेताओं का यह भी कहना है कि बीते सालों में कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण ही सेना ने अपने पराक्रम से पाकिस्तान के विरुद्ध जीत दर्ज करते हुए जो भू-भाग जीते थे, उन्हें कांग्रेस की सरकारों ने समझौते के नाम पर पाकिस्तान को वापस दे दिया। यही नहीं, कांग्रेस की तत्कालीन सरकारों द्वारा चीन को अक्साई चीन दिए जाने को लेकर भी भाजपा इन दिनों कांग्रेस पर हमलावर है, जिसके चलते कांग्रेस खुद सवालों के घेरे में आ गई है। भाजपा और कांग्रेस के बीच सवालों के सिलसिले में एक वजह ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार द्वारा लेने के चलते भी है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कथित तौर पर भ्रमित कांग्रेस सेना के विरुद्ध सीधे-सीधे कुछ भी कहने से बच रही है लेकिन वह पीएम नरेंद्र मोदी तथा केंद्र की एनडीए सरकार पर हमलावर है। इस मामले में पूर्व वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों तथा राजनीतिक प्रेक्षकों का कहना है कि वर्ष 1971 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को पाकिस्तान पर जीत का श्रेय दिया जा सकता है। तो फिर आतंक एवं पाकिस्तान के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का जज्बा रखने और इसके लिए सेना को खुली छूट देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय दिया जाना चाहिए।

# नए भारत में बुनियादी सवाल

भारत अब 357 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था है। आजाद भारत ने ह्यशून्यह्ण से अपना सफर शुरू किया था, क्योंकि हम सुई तक का उत्पादन करने में असमर्थ थे। सात दशकों की ह्यअजेयह्ण यात्रा के बाद आज भारत हवाई जहाज भी बनाता है और विश्व की चौथी सबसे बड़ी घोषित अर्थव्यवस्था है। नई अर्थव्यवस्था के कुछ पहलू, आयाम और अहम सवाल छूट गए थे, जिनका मूल्यांकन और विश्लेषण आज कर रहे हैं। नीति आयोग के मुताबिक, देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 60 फीसदी हिस्सेदारी शहरों की है और 40 फीसदी योगदान ग्रामीण क्षेत्रों का है, लेकिन आज भी देश की 45-46 फीसदी कामकाजी आबादी खेती पर ही निर्भर है। उसकी आय का बुनियादी स्त्रोत खेती ही है, लेकिन जीडीपी में खेती का योगदान मात्र 16 फीसदी रह गया है, जो कभी 50 फीसदी होता था। देश का औसत किसान गरीब और कर्जदार है, आत्महत्या करने को विवश है। प्रधानमंत्री को किसान सम्मान के तौर पर 6000 रुपए सालाना की खैरात बांटनी पड़ रही है। आजाद देश में न तो किसान की आय बढ़ी है और न ही उसकी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी दी गई है। लगातार मामला लटकता रहा है। भारत सरकार स्पष्ट क्यों नहीं करती? जीडीपी में सबसे अधिक 53.66 फीसदी योगदान सर्विस सेक्टर का है। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र का योगदान करीब 31 फीसदी है। हालांकि 99 फीसदी से अधिक मोबाइल अब भारत में ही बनते हैं। करीब 300 फैक्टरियां काम कर रही हैं। इस संदर्भ में ह्यएप्पलह्ण और ह्यसैमसंगह्ण सरीखी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के नाम उल्लेखनीय हैं, जिनके मोबाइल, आईफोन भारत में ही बन रहे हैं, लेकिन भारत अभी चीन की तरह ह्यमैन्यूफैक्चरिंग हबह्ण नहीं बन सका है। दुनिया की सर्वोच्च पांच अर्थव्यवस्थाओं में भारत में ही श्रम-बल का औसत सबसे कम है। महिला श्रम-बल का औसत 41.7 फीसदी है। दोनों लिंगों का औसत श्रम-बल भी करीब 42 फीसदी है। अर्थात शेष आबादी के पास काम नहीं है या वह बिल्कुल बेरोजगार है। नतीजा यह है कि देश में बेरोजगारी दर 4.9 फीसदी है, जो चीन के बाद (5.1 फीसदी) सर्वाधिक है। भारत में 15-29 वर्ष के आयु-वर्ग को सबसे उर्वर माना जाता है। वह देश की अर्थव्यवस्था का बुनियादी लाभांश है, लेकिन उस आयु-वर्ग में भी बेरोजगारी 16 फीसदी से अधिक है। यह चिंतित और संवेदनशील सवाल है। बेशक भारत आज मिसाइल, हेलीकॉप्टर और रक्षा-उपकरणों का इतना उत्पादन करने लगा है कि 50 से अधिक देशों को निर्यात कर रहा है। यह सूची बढ़ती जा रही है, लिहाजा रक्षा-क्षेत्र से भारत का राजस्व भी बढ़ रहा है। आज देश में करीब 1.5 लाख वर्ग किलोमीटर का मजबूत, आधुनिक बुनियादी ढांचा है, जिसमें निरंतर विस्तार हो रहा है। देश में हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़ कर 159 हो गई है। नए हवाई अड्डे भी निमार्णाधीन और योजनारत हैं। 2025 में देश में मेट्रो रेल नेटवर्क 1011 किलोमीटर का हो गया है। देश में औसत व्यक्ति के पास डिजिटल लॉकर और यूपीआई की सुविधा है। भारत में विदेशी मुद्रा का भंडार करीब 690 अरब डॉलर है और नई अर्थव्यवस्था की घोषणा के बाद प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी बढ़ रहा है, लेकिन यह भी अहम सवाल है कि भारतीय अरबपति और उनकी कंपनियां विदेशों में अधिक निवेश क्यों कर रही हैं? बेशक भारत आज 357 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था है, लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में आज भी जीडीपी का क्रमशः 3 और 2 फीसदी ही खर्च क्यों किया जा रहा है? यह कमोबेश 5-6 फीसदी तो होना ही चाहिए। आईएमएफ की रपट में कहा गया है कि भारत खपत के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं है। यही इसकी ताकत है। भारत की अर्थव्यवस्था उपभोग पर आश्रित है, जबकि चीन की अर्थव्यवस्था निर्यात पर आधारित है। हम एक लोकतांत्रिक देश हैं, लिहाजा हमारी अर्थव्यवस्था खुली है। चीन एक कम्युनिस्ट देश है, जो लगभग तानाशाही के करीब है, लिहाजा उसकी अर्थव्यवस्था बंद और रहस्यमयी है। उपभोग बढ़ेगा, तो बाजार में मांग और खरीद बढ़ेगी, नतीजतन उत्पादन बढ़ेगा। उसी तरह अर्थव्यवस्था का विस्तार होगा। कुछ सवाल यथार्थमयी हैं, उनका समाधान दिया जाना चाहिए। यह भी सच है कि आर्थिकी के मामले में अमरीका और चीन हमसे काफी ज्यादा आगे हैं। अमरीका का मुकाबला करने के लिए भारत को अभी लंबा सफर तय करना है। इसी तरह चीन भी हमसे लगभग दोगुना आगे है। भारत को भी मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए ठोस प्रयास होने चाहिएं। मेड इन इंडिया इस लक्ष्य को साधने के लिए एक कुंजी हो सकती है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, गुरूवार, 29 मई, 2025



# त्वरित गति से कराएं एससी/एसटी से संबंधित मामलों का निष्पादन : जिला पदाधिकारी

## पीड़ित एवं उनके आश्रितों को मुआवजा सहित अन्य लाभों से वंचित नहीं होना पड़े, इसका पूरा ख्याल रखें

- एससी-एसटी अत्याचार अधिनियम का कराएं व्यापक प्रचार-प्रसार
- जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम अंतर्गत गठित जिलास्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता




बेतिया(घनश्याम)। जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में आज कार्यालय प्रकोष्ठ में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम अंतर्गत गठित जिलास्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। जिलास्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि के साथ ही अनुपालन की समीक्षा, अधिनियम एवं नियम के उपबंधों के अनुसार लंबित वादों, अनुसंधानों, अभियोजनों की समीक्षा की गयी। एससी-एसटी अत्याचार निवारण के तहत पीड़ितों एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ उपलब्ध करायी गयी सेवा सुविधा की भी समीक्षा की गयी। जिला पदाधिकारी द्वारा एससी-एसटी कांडों का शीघ्र निष्पादन के साथ मुआवजा की लंबित राशि का भी भुगतान कराने की दिशा में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि पीडित एवं उनके आश्रितों को मुआवजा सहित अन्य लाभों से वंचित नहीं होना पड़े, इसका पूरा ख्याल रखें। नियमानुसार पीड़ित एवं गवाह को यात्रा भता सहित अन्य लाभों से लाभान्वित किया जाय। एससी-एसटी अत्याचार अधिनियम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि पीड़ित परिवारों को अधिनियम से संबंधित जानकारी स्पष्ट रूप से दें ताकि उन्हें बेवजह परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। बैठक में लोक अभियोजक द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि विशेष ग्राम विकास शिविर में एससी-एसटी समुदाय के लोगों को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया जा सकता है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि इस दिशा में अग्रतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वितीय वर्ष 2024-25 में हत्या के कुल 09 मामलें एवं गैंग रेप के कुल 01 मामले में भुगतान किया गया है। कुल-24 पेंशनरों को भुगतान किया जा रहा है। टीए/डीए के लाभुकों की संख्या-07 है। इसी तरह वितीय वर्ष 2025-26 में अबतक हत्या के कुल-01 मामले में द्वितीय किस्त का भुगतान किया गया है। कुल-36 पेंशनरों का भुगतान किया जा रहा है। टीए/डीए के लाभुकों की संख्या-08 है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज, पुलिस अधीक्षक बेतिया डॉ0 शौर्य सुमन अनुमंडल पदाधिकारी बगहा गौरव कुमार, नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया लक्ष्मण तिवारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, मो0 असलम अली सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# हत्यारों की हो अविलबं गिरफ़्तारी : डॉ सी एन गुप्ता

## दोहरे हत्याकांड को लेकर डीआईजी से मिले विधायक

- बोले विधायक गलती करने वाले को नहीं बक्शा जाएगा,आमजन कानून पर रखे विश्वाश

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। मंगलवार की रात्रि हुए दोहरे हत्याकांड को लेकर विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने सारण रेंज के डीआईजी नीलेश कुमार से उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में मुलाकात की. इस दौरान विधायक के साथ प्रोङ्ग अरुण कुमार सिंह,डॉ हरेंद्र सिंह भी मौजूद थे. विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा की अचानक से व्यवसाई की हत्या एक चिंतनीय विषय है.अपराधी का मनोबल बढ़ना समाज के लिए उचित नहीं इसलिए किसी भी तरह इस जघन्य कृत करनेवाले दोषियों को कानून अपने दायरे ऐसी सजा दे की दुबारा ऐसी घटना ना हो. इस दौरान डीआईजी नीलेश कुमार ने आश्वस्त किया की प्रत्येक पहलु से प्रसाशन इसमें लगा हुआ है और इसका रिजल्ट हमलोग बहुत जल्दी देने का प्रयास कर रहे है. विधायक ने आमजन की समस्याओं को रखते हुए कहा कि ऐसे जगहों को चिन्हित करके पुलिस रात्रि गस्ती बढ़ाने कि जरुरत है ताकी आवंछित लोगों के मन में भय व्यापत हो.जिससे व्यापारी समेत क्षेत्र के लोग शांतिपूर्ण वातावरण में काम कर सके.

## संक्षिप्त खबरें

### गर्मी का कहर वीटीआर जानवरों का हुआ बुरा हाल रिहायशी इलाके में घुसे

बगहा। बिहार के इकलौते वाल्मीकि ब्याग्र परियोजना ( वीटीआर ) परिक्षेत्रों में इनदिनों भीषण गर्मी पड़ रही है।जिससे इंसानों सहित जंगली जानवर भी परेशान और बेहाल हो चले हैं। गर्मी और भोजन की तलाश में ये जंगली जीव वीटीआर से सटे रिहायशी इलाके की तरफ रुख कर लिया है। आए दिन इन रिहायशी इलाके के क्षेत्रों से जंगली जीवों के घुस आने और इनके रेस्क्यू की खबर चर्चा का विषय बन रही है। इन इलाके से कोई कोई रेस्क्यू वाली घटनाओं की खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल भी हो रही है।इन्ही वायरल घटनाओं में से वाल्मीकिनगर स्थित चरघरिया गांव से एक सांप का रेस्क्यू और गोलचौक स्थित किराने की दुकान से मॉनिटर लिजर्ट के रेस्क्यू का वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है।बतादें की वाल्मीकिनगर इंडो नेपाल सीमा पर बसा वीटीआर के घने जंगलों से घिरा हुआ है और इन जंगलों में विभिन्न प्रकार के जीव जन्तुओं का बसेरा है।जो सरकते हुए व चहलकदमी करते हुए इंसानी बस्तियों के तरफ चले आते हैं।

### वीटीआर में बाघ तेंदुआ का तदाद बढ़ा गेंडा के अधिवास के कवायद में जुटा वन प्रशासन

बगहा। बिहार के इकलौते टाइगर रिजर्व क्षेत्र वीटीआर के जंगलों में बाघों की संख्या के साथ साथ तेंदुओं की भी संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। यह सब वन प्रशासन की सक्रियता,वनों की सुरक्षा,प्रॉपर वन गश्ती और मानवीय हस्तक्षेप कम होने की वजह से हुआ है। साथ ही जंगलों में आग लगी कि घटनाओं में कमी,जंगलों में जनवरों के गर्मी में प्यास बुझाने के लिए कृत्रिम जलाशय,आधुनिक उपकरण से लैस वनकर्मियों के जंगलों में उपलब्धता से सम्भव हुआ है।वहीं बड़े भूभाग एरिये में ग्रासलैंड के तैयार होना भी एक वजह है। इन सब बातों से वन प्रशासन प्रेरित होकर गैंडों के अधिवास क्षेत्र तैयार करने की कवायद में जुटा है।बतादें की वीटीआर नारायणी गंडक नदी और नेपाल के चितवन नेशनल पार्क के जंगलों से लगा हुआ है।इस जंगल मे संरक्षण और संवर्धन के विकसित होने की वजह से मांसाहारी जानवर बाघ,तेंदुआ,भालू,आदि के साथ साथ शाकाहारी जानवर,जंगली

### डबल मर्डर हत्याकांड में एस पी के आवासीय कार्यालय का किया गया घेराव

छपरा सदर। समाजसेवी व्यवसायी अमरेंद्र सिंह एवं उनके भाई के डबल मर्डर हत्या को लेकर के बुधवार के दिन व्यापारी, समाजसेवी तथा परिजनों ने सारण एसपी के आवासीय कार्यालय का घेराव किया। जहां इन लोगों ने मांग किया कि अब अपराधी को गिरफ्तार करने से काम नहीं चलेगा क्योंकि अपराधी गिरफ्तार होंगे जेल जाएंगे कुछ दिन जेल में रहेंगे छूट के आएंगे और फिर वही घटना को अंजाम देंगे इसलिए अपराधियों को पकड़ कर एनकाउंटर कर दिया जाए। वही लोगों ने पुलिस पदाधिकारियों से यह भी कहा कि यदि आप आप लोग नाम बताए, हम लोग अपराधी के घर पर दावा बोलेंगे। इस पर एसपी डॉक्टर कुमार आशीष एवं डीएसपी राजकुमार सिंह ने धरना पर बैठे लोगों को समझाया बुझाया उन्होंने यह कहा कि आप लोग के साथ पुलिस है। पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा लाया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं डी एस पी राजकुमार सिंह ने कहा कि आप लोग हम लोग को काम करने दीजिए ताकि जल्द से जल्द इस अपराधियों को गिरफ्तार करके उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाए।पुलिस प्रशासन ने घेराव कर रहे लोगों को आश्वासन दिया कि न्याय संगत सारी प्रकिया होगी।

# परसा में सेवानिवृत सैनिकों ने निकाली तिरंगा यात्रा




परसा (सारण) : सेवानिवृत सैनिकों ने पाकिस्तान के खिलाफ सिंदूर आपरेशन में भारतीय सेना द्वारा प्राप्त की गई सफलता का उत्सव मनाते हुए बुधवार को परसा के लतरहिया,बनकेरवा में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व भाजपा परसा पूर्वी मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा ने किया।इस तिरंगा यात्रा में दर्जनों सेवानिवृत सैनिक , बुद्धिजीवियों, व भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । लतरहिया ढाला शुरू होकर तिरंगा यात्रा बहलोलपुर,बनकेरवा ढाला, बनकेरवा मध्य विद्यालय होते हुए ग्रामीण बैंक के समीप पहुंची ।इस यात्रा के दौरान सेवानिवृत सैनिकों ने देश भक्ति के नारों के साथ भारत माता की जय,बंदे मातरम्के साथ भारतीय सेना के समर्थन में नारे लगाए ।तदोपरांत स्व. शत्रुघ्न प्रसाद की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया ।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने सैनिकों के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि देश है तो हम है ।सेना है तो देश सुरक्षित है ।उन्होंने शहीद सैनिकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की ।इस दौरान सेवानिवृत सैनिक शिवनाथ सिंह, राजेंद्र शर्मा,मुकेश कुमार गिरी,हवलदार अमित कुमार ,धुरेंद सिंह,बृजकिशोर सिंह, शेरेसिया सिंह,विजय कुमार सिंह,बीससूत्री उपाध्यक्ष अजय नाथ पूरी,मुखिया सुनील कुमार राम,सरपंच जनार्दन कुमार, रौशन कुमार,वरीय नेता सभापति राय,संजय चौबे,बसंत कुमार सिंह,अभय सिंह, धर्मजीत कुमार सिंह,मनीष कुमार यादव,पंकज सिंह,विक्रम साह,मुन्ना साह,सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि व ग्रामीण भी मौजूद थे ।

# विश्व साईकिल दिवस से विश्व पर्यावरण दिवस तक तीन दिवसीय विशेष स्वीप अभियान होगा संचालित

- अध्यक्ष, स्वीप कोर कमिटि-सह-उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में स्वीप कोर कमिटि की बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम )।अध्यक्ष स्वीप कोर कमिटि-सह-उप विकास आयुक्त सुमित कुमार की अध्यक्षता में स्वीप कोर कमिटि की बैठक सम्पन्न हुयी। उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि आगामी बिहार विधानसभा की तैयारी चल रही है, जिसमें मतदाताओं के बीच मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु स्वीप कार्यक्रम चलाया जाना है ताकि चुनाव में अधिक से अधिक लोग मतदान कर सकें। उन्होंने बताया कि विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में विश्व साईकिल दिवस (03.06.2025) से विश्व पर्यावरण दिवस (05.06.2025) तक तीन दिवसीय विशेष स्वीप अभियान आयोजित किया जाना है। इस तीन दिवसीय विशेष स्वीप अभियान को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराना है।उप विकास आयुक्त द्वारा महाविद्यालय/अभियंत्रण महाविद्यालय/औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों पर कैम्पस एम्बेस्डर को सक्रिय करने का निर्देश दिया गया। सभी कैम्पस एम्बेस्डर को प्रपत्र 6 के माध्यम से 18-19 वर्ष के मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़वाने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। साथ ही वोटर हेल्प लाईन एप एवं सक्षम एप के बारे में लोगों को जानकारी देने को कहा गया। उन्होंने निर्देश दिया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी उपरोक्त प्रत्येक शैक्षणिक संस्थानों में प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य के माध्यम से दिनांक-03.06.2025 को साईकिल रैली निकालना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में 17-18 वर्ष के भावी मतदाता का मैपिंग कर संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को इसकी सूची उपलब्ध कराएं। साथ ही प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय के एक-एक छात्रों का कैम्पस एम्बेस्डर के रूप में चयन करेंगे। यह कैम्पस एम्बेस्डर प्रपत्र 6 के माध्यम से 17-18 वर्ष के सभी भावी मतदाताओं को नाम जोड़वाने हेतु प्रेरित करेंगे। इसके अलावा यह सूची जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/उप निर्वाचन पदाधिकारी को भी उपलब्ध करायेंगे ताकि बीएलओ द्वारा कैम्प कराकर सभी छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ सकें। उन्होंने बताया कि दिनांक-03.06.2025 को जिलास्तर जिलास्तर एक साईकिल रैली का आयोजन किया जायेगा। यह रैली महाराजा स्टेडियम अथवा रमना मैदान से प्रारंभ होकर समाहरणालय में समाप्त होगा। इस रैली में जिला खेल पदाधिकारी अपेक्षित सहयोग करेंगे। साथ ही पश्चिम चम्पारण जिले के राष्ट्रीय/राज्यस्तरीय खिलाड़ियों को साईकिल रैली में भाग लेने के लिए आमंत्रित करेंगे।

# इसुआपुर : दोहरे हत्याकांड से गंगोई शामकौरिया में पसरा मातम



इसुआपुर ।इसुआपुर थाना क्षेत्र के गंगोई गांव के शंभू नाथ सिंह तथा शामकौरिया गांव के अमरेंद्र सिंह की छपरा में मंगलवार की देर संध्या हुई निर्मम हत्या से दोनों के गांवों में मातम पसरा हुआ है ।जानकारी के अनुसार गंगोई गांव के लाल बाबू सिंह का 46 वर्षीय पुत्र शंभू नाथ सिंह वर्षों से छपरा शहर स्थित उमा नगर में रहकर जमीन खरीद बिक्री का काम करते थे। स्वजनों के अनुसार जमीनी विवाद को लेकर ही अज्ञात अपराधियों के द्वारा उनके सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक शंभू नाथ सिंह तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर थे। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही उनका शव गांव पहुंचा परिजनों के रूदन क्रंदन से गांव का माहौल गमगीन हो गया। मृतक की विधवा रिंकू देवी तथा दोनों पुत्र ओम भारद्वाज 16 वर्ष तथा आदित्य भारद्वाज 14 वर्ष दहाड़े मार कर रो रहे थे। वहीं दूसरा मृतक शामकौरिया गांव के वीरेंद्र सिंह का 45 वर्षीय पुत्र अमरेंद्र सिंह छपरा स्थित उमा नगर में अपने निजी आवास में रहते थे। मृतक अमरेंद्र सिंह एक बार मेयर का चुनाव भी लड़े थे। वे रोटरी क्लब के सदस्य भी थे। उनका गोदरेज अलमीरा का एजेंसी है। परिजनों के अनुसार अमरेंद्र सिंह तथा शंभू नाथ सिंह दोनों व्यक्ति एक साथ मिलकर जमीन खरीद बिक्री का काम करते थे। मृतक अमरेंद्र की पत्न ी रूबी सिंह तथा दो पुत्र आर्यन कुमार 14 वर्ष तथा अनमोल कुमार 12 वर्ष अब बेसहारा हो गए हैं। मृतक अमरेंद्र सिंह की अंत्येष्टि रिविलगंज गंज घाट पर किया गया। वहीं शंभू नाथ सिंह की अंत्येष्टि गंगोई गांव स्थित श्मशान में किया गया। सारण विकास मंच के संयोजक वरीय नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला परिषद की उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह, युवराज सुधीर सिंह,पूर्व मुखिया अभय सिंह, जीतू सिंह, सोनू सिंह,राजकुमार राय, योगेंद्र सिंह, महेश्वर सिंह, भूपेंद्र सिंह, लाल बहादुर सिंह, राजकुमार राय, भीष्म राय, अशोक सिंह, देवेंद्र सिंह तथा अन्य लोगों ने मृतक के घर पहुंच कर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं शोक संतप्त परिजनों का ढ़ाढ़स बंधाया।

# सब्र का बांध टूटा ग्रामीणों ने किया नारा बुलंद भवन नहीं तो वोट नहीं

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बगहा में जहाँ भवन नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद कर विधानसभा चुनाव बहिष्कार करने का ग्रामीणों नें ऐलान किया है। दरअसल देवरिया तरुअनवा पंचायत के जनसभा में एकजुट ग्रामीणों ने हुंकार भरी है। ग्रामीणों का आरोप है की टेंडर और भेंडर के खेल में स्कूल भवन निर्माण अधर में लटका हुआ है। हालांकि इसको लेकर प्रिंसिपल से लेकर ग्रामीणों नें डीईओ समेत डीएम तक कई बार लिखित शिकायत किया है बावजूद इसके महज आश्वासन हाथ लगें हैं, लिहाजा थक हार चुके ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया है और अब छात्रों व शिक्षकों की समस्याओं कों लेकर पूरा गाँव एक मंच पर इकट्ठा हो गया है। तभी तो लोग स्कूल भवन नहीं तो वोट नहीं देने की शपथ लें रहें हैं।बताया जा रहा है की बिहार में सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के हर रोज नए नए प्रयोग कर कई योजनाएँ चला रहीं है लेकिन धरातल पर इंफ्रास्ट्रक्चर का घोर अभाव है लिहाजा एक हीं कमरें में यहाँ 9 से 12 वीं तक की क्लास लगाई जाती है भेड़ बकरी की तरह छात्रों कों बैठने और पढ़ने में काफी परेशानी होती है। यहीं वजह है की खुले आसमान के निचे पेड़ की छाँव में 555 छात्र छात्राएं पढ़ने कों मजबूर हैं। हालांकि छात्रों के अनुपात में कमरों के अभाव और संसाधनों कों लेकर हेडमास्टर नें कई बार बगहा 2 बीईओ से लेकर डीईओ समेत जिलाधिकारी के जनता दरबार तक फरियाद लगाई है, विभाग नें संज्ञान भी लिया और वेंडर कों टेंडर का जिम्मा सौंप दिया गया है अब तो न वेंडर का पता है और ना हीं टेंडर लिए निर्माण एजेंसी या संवेदक हीं नजर आ रहें हैं, महिनों से अधर में लटके निर्माण कार्य से गुस्साएँ लोग संवेदक और जेई की तलाश कर शिकायत के बाद मानों थक चुके हैं लिहाजा अब एकजुटता का परिचय देकर सिस्टम कों दुरुस्त करने के लिए पंचायत बुलाई गईं है जहाँ एक स्वर में सबों नें विद्यालय भवन नहीं तो वोट नहीं। विधानसभा चुनाव में नोटा बटन दबाने का पहले शपथ लिया फिर माइकिंग कर इसका ऐलान तक कर दिया गया है। बतादें की नेपाल सीमा पर स्थित थरूहट की राजधानी हरनाटांड से सटा और घिरा हुआ अतिपिछड़ा इलाका बगहा 2 प्रखंड के देवरिया तरुअनवा 10 +2 हाई स्कूल कों अब तक भवन नसीब नहीं हुआ है जिसको लेकर ग्रामीणों नें यह ठाना है की जब तक स्कूल भवन निर्माण नहीं करवाया जाता है तब तक पुरे पंचायत से सभी लोग नोटा का बटन दबाकर सिस्टम पर प्रहार करेंगें ।

# प्रखंड स्तरीय शारदीय (खरीफ) कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



अमनौरः स्थानीय प्रखण्ड मुख्यालय के कृषि भवन में बुधवार को खरीफ महाभियान 2025 के तहत प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर अंचल अधिकारी अजय कुमार,बीएओ संजीव सिंह प्रशिक्षु प्रखंड कृषि पदाधिकारी ईशा कुमारी,शमशेर आलम ,प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी संजीव कुमार,आत्मा अध्यक्ष सुमन शर्मा,व पूर्व जिला परिषद विक्रमा मांझी आदि ने किया।इस अवसर पर अंचलाधिकारी अजय कुमार द्वारा उपस्थित किसानों को खरीफ महाभियान खरीफ उत्पादन कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।उन्होंने खरीफ फसल में मक्का की खेती करने पर बल दिया।तथा खरीफ मौसम में कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दी।वही प्रखंड कृषि अधिकारी संजीव सिंह ने मोटा अनाज की खेती करने के लिए प्रेरित किया।तथा किसानों को धान, मक्का, रागी,कोदो,बाजरा,सवा,ज्वार ,कंगनी आदि मोटे अनाज की खेती करने पर बल दिया।किसानों को फसल चक्र के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षु बीएओ ईशा कुमारी ने बतायी कि किसान पर सारा विश्व निर्भर करता है।आज भी 70 प्रतिशत किसान खेती पर निर्भर है।वही केएस तथा कृषि समन्वयक अविनाश कुमार,यशवंत सिंह , अजय कुमार सिंह,प्रशांत कुमार सिंह,चंद्रशेखर सिंह,वैभव कुमार ने भी खरीफ फसल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए वैज्ञानिक तरीकें से खेती करने की अपील की ,तथा जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम मौसम परिवर्तन के परिपेक्ष में धान की सीधी बुआई एवं कृषि यांत्रिकरण आदि की विस्तृत जानकारी दी।मंच संचालन अजय कुमार ने किया।कार्यक्रम में किसानों द्वारा भी कई सवाल पूंछे गये।इस अवसर पर लेखपाल सुधीर कुमार,एटीएम, रामाधार यादव,राकेश सिंह, मंटू कुमार, घनश्याम मिश्रा,धीरज कुमार सिंह,नितेश कुमार, पूनम देवी,अनुराधा कुमारी आदि सहित सैकड़ो किसान मौजूद थे। वही धन्यवाद ज्ञापन यशवंत सिंह ने किया।

# बिहार में बेरोजगारी पलायन चरम पर, कानून का राज भी हो चुका है खत्म : राष्ट्रीय संयोजक

छपरा। बिहार में बेरोजगारी और पलायन चरम सीमा पर है, कानून का राज खत्म हो चुका है, आए दिन हत्याएं हो रही है । उक्त बातें राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के संस्थापक सह संयोजक शेर सिंह राणा ने साढ़ा ढाला बाजार समिति रोड स्थित एक पैलेस के सभागार में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। राष्ट्रीय संयोजक शेर सिंह राणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है, वर्ष 2020 कोरोना काल में भी पार्टी ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ा था। लेकिन कोरोना की वजह से पार्टी की तैयारी ठीक ढंग से नहीं हो पाया था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 5 साल तक पार्टी ने पूरी शिद्दत के साथ मेहनत की है, बिहार के लोगों के दुख- दर्द में साथ लेकर चलने का काम किया है। संयोजक ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि पार्टी द्वारा बिहार के सभी 243 सीटों पर तैयारी की जा रही है, कई दलों के संपर्क में भी है, गठबंधन की बात भी चल रही है। लेकिन अभी कुछ कह पाना मुश्किल है। बिहार की राजनीति किस करवट जाएगी,यह तो चुनाव नजदीक आने पर ही पता चल जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में पलायन और बेरोजगारी की सबसे बड़ी समस्या है, बिहार की जनता ने मेरे पार्टी का साथ दिया तो सबसे पहले हर घर नौकरी और बेरोजगारी भत्ता की दिशा में कार्य करेगी। पार्टी के संस्थापक संयोजक शेर सिंह राणा ने कहा कि राजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। बिहार में कानून का राज ध्वस्त हो चुका है, समस्याएं अपार है, सरकार इस दिशा में ईमानदारी से काम नहीं कर पा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि सरकार में हमारे दल का प्रतिनिधित्व मिला तो, निश्चय ही बिहार के बेरोजगारी और पलायन की दिशा में ठोस कदम उठाया जाएगा। जनता की बुनियादी जरूरत के दिशा में सकारात्मक ढंग से कदम उठाया जाएगा। अध्यक्ष शेर सिंह राणा ने अपने संबोधन ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होती है, सभी को साथ लेकर चलने से ही सत्ता के करीब पहुंचा जा सकता है। राष्ट्रीय संयोजक ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार बेरोजगारी और पलायन के साथ-साथ राजनीतिक रूप से भी पिछड़ा है, क्राइम का ग्राफ बढ़ रहा है, रोजगार नहीं होने से बिहार के लोग रोजी-रोटी के अभाव में पलायन कर दूसरे राज्यों में जाने को विवश हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमारी पार्टी को इस चुनाव में एक मौका दें, जनता की उम्मीद पर खडा उतरने का प्रयास करेंगे ' इस कार्यक्रम में राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के कई पदाधिकारिओं ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी के मेनिफेस्टो पर कार्य करने का जोड़ देते हुए बिहार विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ तैयार रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने भी अपने संबोधन में पार्टी की मजबूती और सबों को साथ लेकर चलने का की जरूरत पर बल दिया। इस अवसर पर दर्जनों से अधिक कार्यकर्ताओं को मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक द्वारा मीडिया गण को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कुपोषित बच्चों के लिए जीवनदान बना सदर अस्पताल का पोषण पुनर्वास केंद्र

## 126 कुपोषित बच्चों का उपचार कर किया गया सुपोषित

- कुपोषण के दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। जिले में कुपोषित बच्चों के समुचित इलाज की व्यवस्था के लिए सदर अस्पताल में पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित किया जा रहा है। पोषण पुनर्वास केंद्र कुपोषित बच्चों के लिए जीवनदान साबित हो रहा है। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक 126 कुपोषित बच्चों का उपचार किया गया है, जो अब स्वस्थ जीवन जी रहें है। सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि जिले में कुपोषण के दर में कमी लाने के उद्देश्य से कुपोषण को दूर करने लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई स्तर पर महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है। कुपोषित बच्चों के बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल में पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित किया जा रहा है। सिर्फ 10 से 15 फीसद अति गंभीर कुपोषित बच्चों को संस्था आधारित देखभाल की जरूरत होती है। अति गंभीर कुपोषित बच्चों को स्वस्थ करने के लिए उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्रों में भेजा जाता है। एक अध्ययन के मुताबिक केवल 10 से 15 फीसद ही अति-गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भेजने की जरूरत है। 90 फीसद बच्चे समुदाय आधारित देखभाल से ही स्वस्थ हो सकते हैं। बच्चों की देखभाल में लापरवाही और समाजिक कारणों से कुपोषण की स्थिति पैदा हो जाती है। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम) को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कुपोषित बच्चों की पहचान करें और उन्हें तुरंत एनआरसी भेजें। अतिकुपोषित बच्चों को 21 दिनों तक रखने का प्रावधानःसिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि कुपोषित बच्चों के लिए यहां वार्ड बनाए गए हैं, जहां उपचार के साथ उन्हें अक्षर ज्ञान का भी बोध कराया जाता है। कुपोषित बच्चों व मां को आवासीय सुविधा प्रदान किया जाता है। पौष्टिक आहार की व्यवस्था है। 21 दिन तक रखने का प्रावधान है। जब बच्चे के वजन में बढ़ोतरी होने लगता है तो, उसे 21 दिन के पूर्व ही छोड़ दिया जाता है। सदर अस्पताल में संचालित है 20 बेड का एनआरसी सेंटरः जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी रमेशचंद्र कुमार ने बताया कि एनआरसी में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के इलाज और पुनर्वास की व्यवस्था उपलब्ध है। गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के लिए एनआरसी में 20 बेड की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि जिले में जन्म के बाद नवजात शिशुओं का सही देखभाल नहीं होने से भी कुपोषण की स्थिति उत्पन्न होती है। समय पर बच्चों की देखभाल न होने पर मृत्यु दर बढ़ जाती है। 100 में से 85 बच्चे उपचारित हो जाते हैं यदि उन्हें समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल जाए। देरी होने पर यह संख्या घटकर 10झ15 प्रतिशत ही रह जाती है। भर्ती बच्चों की मां को प्रतिदिन प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। आंगनबाड़ी की सेविका व आशा कार्यकताओं द्वारा सर्वे करके कुपोषित बच्चों की पहचान की जाती है और बच्चों को बेहतर उपचार के लिए एनआरसी लाती हैं।

# सेमरिया श्मशान घाट पर हुआ मृतक अमरेंद्र सिंह की अंत्येष्टि

## मंत्री,विधायक समेत कर राजनीतिक,सामाजिक एवं खेल संगठनों के प्रतिनिधि रहे उपस्थित

रिविलगंज। छपरा के व्यवसायी अमरेंद्र कुमार सिंह एवं उनके सम्बन्धी पूर्व मुखिया शम्भू सिंह का मंगलवार की देर शाम में हुई हत्या के बाद बुधवार को सरयू नदी के किनारे सेमरिया श्मशान घाट पर अमरेंद्र सिंह का अंत्येष्टि हुआ ।इस अंत्येष्टि में सूबे के मंत्री एवं अमनौर के भाजपा विधायक कृष्ण कुमार मंटू सेमरिया श्मसान घाट पर पहुँच कर मृत शरीर को नमन किया एवं उनके पुत्र आर्यन ,बड़ा भाई अरुण,छोटे भाई पंकज से मिलकर ढाढस बढ़ाते हुए कहा कि हम जिला प्रशासन एवं पुलिस कप्तान से इस जघन्य हत्या पर बात कर अपराधी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कराने का प्रयास करेंगे ताकि कानून व्यवस्था बहाल सुदृढ़ हो सके। सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने समाजसेवी एवं व्यवसायिक अमरेन्द्र सिंह एवं पूर्व मुखिया शम्भू सिंह को अपराधियों द्वारा जघन्य हत्या पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी घटना सारण जैसे शांति प्रिय जगह पर होना बहुत खराब है , जिला प्रशासन तुरन्त इस पर कार्रवाई करके अपराधियो को धर दबोचे ताकि अपराधियों को मनोबल कमजोर हो एवं इस तरह के घटना न करने का साहस करे ।फिलहाल सारण सांसद सिंदूर ऑपरेशन को बताने के लिये केंद सरकार के शिष्टमण्डल में विदेश में है। छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा कि हम अंत्येष्टि में आने से पहले सारण के डी आई जी से एक शिष्टमण्डल के साथ मिला जिसमे पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह , सीपीएस के डायरेक्टर डॉ. हरेंद्र सिंह शामिल थे। इस घटना के जानकारी एवं हत्यारे को जल्द से जल्द गिरप्तार किया जाय एवं छपरा में अमन चैन की व्यवस्था जल्द हो। सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने ऐसी घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन को ऐसी घटना पर अंकुश लगाने की जरूरत है। अंत्येष्टि में रिविलगंज प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास सिंह, गरखा के जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अजय मांझी,रिविलगंज प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी रितेश कुमार सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्यक्ष खेल शिक्षक सुरेश सिंह पूर्व के वरिष्ठ पत्रकार डॉ एच के वर्मा ,रिविलगंज नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि मुकेश कुमार यादव उर्फ सोनू , सत्येंद्र शर्मा ,अनुरंजन प्रसाद सहित सारण जिला के रोटेरियन , खेल कमिटी के वरिस्ठ लोग अपनी नम आंखों से समाजसेवी , कई खेल प्रकोष्ठ में बढ़ावा देने वाले एवं एक अच्छे व्यवसायिक अमरेन्द्र की हत्या से मर्माहत है। रिविलगंज शमसान घाट पर हजारो की संख्या में अमरेंद्र सिंह के प्रेम रखने वाले शामिल हुए।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर महिला एवं बाल विकास निगम ने कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय में कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय, न्यू पुलिस लाइन आरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, प्रतिनिधि, शिक्षा विभाग, चिकित्सा पदाधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, केन्द्र प्रशासन, विद्यालय के शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

रश्मि सिन्हा, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा कहा गया है। माहवारी पर स्वच्छता प्रबंधन की जानकारी अति आवश्यक है। जानकारी नहीं रहने के कारण किशोरिया बहुत सी बिमारियों से ग्रसित हो जाती है। माहवारी में उपयोग की जानेवाली वस्तुएँ, पैड, कपड़े इत्यादि सही प्रयोग साफ-सुथरा रहने इत्यादि के विषय पर नसीहत दी।

रश्मि चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा माहवारी प्रबंधन को ढंढ्ढ के माध्यम से विस्तार पुवर्क बताया गया। उन्होंने माहवारी में किस प्रकार रहना, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने इत्यादि को बताया गया। पैड की उपयोग एवं उपयोग के बाद निरस्त करने इत्यादि के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि माहवारी महिलाओं/ किशोरियो के लिए अतिआवश्यक है। उसमे लज्जा/शर्म जैसी कोई बात नहीं है। आज कल कि मिथक जैसे नहाना नहीं, समाज में उतने बैठने नही जैसे भ्रांतियो पर ध्यान नहीं देना है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी भोजपुर द्वारा कहा गया महिलाओं / किशोरियो पर माहवारी एक प्राकृतिक चक्र है। इसमें शर्म करने जैसी कोई बात नहीं दे। इस पर खुलकर बात करने की आवश्यकता है।

मो० तैयब अहमद, जिला मिशन समन्वयक द्वारा बताया गया जर्मनी स्थित एन०जी.ओ. वाश युनाईटेड द्वारा 2013 में पहली बार माहवारी दिवस मनाया गया। तब से ही प्रत्येक 28 मई को विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इसका उद्देश्य पुरे विश्व में जागरूकता बढाना तथा माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को उचित प्रथाओं को बढ़ावा देना है। लडकियों के मासिक धर्म की जानकारी उनकी माताओं, महिला मित्रों और बड़ी बहनों से भी प्राप्त करना चाहिए।

वहीं उपस्थित सभी छात्राओं को माहवारी स्वच्छता प्रबंधक कीट का भी वितरण किया गया एवं उन्हें इस्तेमाल करेन की जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (कउळ) जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि, जिला मिशन समन्वयक, केन्द्र प्रशासक मनोसमाजिक परामर्शी, ढळर ,विद्यालय के वार्डेन, शिक्षिकाएं एवं अन्य मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री के आगमन की खबर से शाहाबाद वासियों में छाया उत्साह : अभय विश्वास

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। रोहतास के बिक्रमगंज में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की खबर जैसे ही गाँवों में जा रही, लोगो के चेहरे पर खुशी की लहर आ जा रही है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार प्रधानमंत्री बिहार दौरे पर आ रहे है और इसकी चर्चा करते हुए ग्रामीण कह रहे कि पहलगाम घटना के बाद जिस प्रकार से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया उससे जनता अपने आप को गौरवान्वित महसुस कर रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बिक्रमगंज आने की खबर से शाहाबादवासी गदगद है और लोग उनके कार्यक्रम में भागीदार बनने के लिए उत्साहित है। उक्त बातें जदयू के नोखा विधानसभा प्रभारी सह शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अभय विश्वास भट्ट ने कही। जदयू नेता रालोमो के प्रदेश सचिव सुनील पाठक, हम के प्रदेश मीडिया प्रभारी गिरधारी सिंह, छात्र लोजपा के विकास सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बिक्रमगंज में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर कई गाँवों में भ्रमण किया और लोगो को बिक्रमगंज चलने का आह्वान किया। रालोमो नेता सुनील पाठक एवं हम नेता गिरधारी सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर हर गाँव मे चर्चा जोरो पर है। गाँव के मजदूर, किसान, युवा और विशेषकर महिला वर्ग भी कार्यक्रम में भागीदार बनने के लिए उत्साहित है इन लोगो ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर राजग के हर कार्यकर्ता गाँवो में भ्रमण पर है। लोगो को जाने में कोई असुविधा ना हो इसकी भी तैयारी लोगो को बता रहे। इनलोगो में कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा और बिक्रमगंज इसका गवाह बनेगा।

## चोरी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

आरा। नवादा थाना पुलिस द्वारा मंगलवार को चोरी के मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी टाउन थाना क्षेत्र के बाबू बाजार मुहल्ले से हुई। गिरफ्तार मौलाबाग ईसा गली निवासी रणधीर सिंह का पुत्र मनीष कुमार है। बता दें कि इसी वर्ष 3 मार्च को नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा मोड़ पर स्थित सिद्धि विनायक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। उक्त चोरों द्वारा दुकान में घुसकर इनवर्टर, ट्रॉली, बैटरी एवं 12 हजार रुपये नगद चोरी कर ली गई थी। दुकानदार द्वारा दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज वीडियो के आधार पर पहचान कर नवादा थाना प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में उसने अपने ही दुकान के स्टाफ धीरज कुमार एवं मनीष कुमार को आरोपित बनाया था। पुलिस ने आरोपियों द्वारा बेचे गये चोरी के इनवर्टर, बैटरी व कुछ समान को बरामद कर लिया था। हालांकि आरोपित उसी समय से फरार चल रहा था।

# अलग-अलग सड़क हादसे में तीन जख्मी बाइक सवार

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में बुधवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो दोस्त समेत तीन लोग जख्मी हो गए। पहली घटना नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा मोड़ के समीप की है। जहां बुधवार की दोपहर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो दोस्त जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी मोहल्ला निवासी सत्य नारायण का 25 वर्ष से पुत्र नवनीत कुमार एवं टाउन थाना क्षेत्र के एमपी बाग मोहल्ला निवासी महानंद प्रसाद सिंह का 25 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार शामिल है। दोनो दोस्त है। बताया जाता है कि दोनों बाइक द्वारा बुधवार की दोपहर बीबीगंज गए थे। वापस लौटने के दौरान चंदवा मोड़ के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। वही दूसरी घटना गजराजगंज ओपी क्षेत्र के चौकीपुर गांव के समीप की है। जहां बुधवार की दोपहर बाइक सवार ने यज्ञ देखने जा रहे किशोर को टक्कर मार दी। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल से पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जख्मी गजराजगंज ओपी क्षेत्र के चौकीपुर गांव निवासी बृजेश चौधरी का 12 वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार है। इधर, जख्मी के परिजन ने बताया कि गांव में यज्ञ हो रहा है। बुधवार की दोपहर वह घर से यज्ञ में घूमने जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी।

# भारत प्लस इंडस्ट्रीज ने दिखाई देशभक्ति

## अजय सिंह ने तुर्की की कंपनी से डील रद्द कर इटली की जीबीएस कंपनी को दिया ऑर्डर

प्रातः किरण संवाददाता



आरा (भोजपुर): स्थानीय प्रखंड के भारत प्लस इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सह सीएमडी अजय सिंह ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए देशहित को प्राथमिकता दी। दिल्ली के द्वारका स्थित अपने कार्यालय में बंसल ग्रुप के चेयरमैन सुनील बंसल के साथ हुई विशेष बैठक में अजय सिंह ने यह घोषणा की कि बिहार में बन रही उनकी नई फ्लावर मिल परियोजना के लिए तुर्की की मशीन निमार्ता कंपनी आईएमएएस (तुर्की) से की गई ऑर्डर डील को रद्द कर दिया गया है। इसके स्थान पर उन्होंने विश्व की अग्रणी मिल निमार्ता कंपनी, इटली की जीबीएस से समझौता कर लिया है। अजय सिंह ने बताया कि इस फैसले से लागत में करीब 3 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार आएगा। लेकिन उन्होंने कहा कि दिल को सुकून मिला, क्योंकि ये अपने देश के लिए है।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा हम उन देशों से व्यापार नहीं करेंगे जो हमारे देश के विरोधियों, खासकर पाकिस्तान का समर्थन करते हैं। यह निर्णय भारत प्लस इंडस्ट्रीज की देशभक्ति भावना और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दशार्ता है। यह कदम न केवल एक उद्योगपति की दूरदर्शिता को दशार्ता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि जब बात देश के स्वाभिमान की हो, तो व्यापारिक लाभ से अधिक राष्ट्रधर्म महत्वपूर्ण है।

## अशोक चौधरी ने दी बधाई

आरा। पद्म सम्मान समारोह में शामिल बिहार के मंत्री अशोक चौधरी ने बधाई देते हुए भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। सूबे के मंत्री अशोक चौधरी ने डॉ. भीम सिंह भवेश को पद्मश्री अवार्ड मिलने पर बधाई दिया। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा दी गई पुस्तक मैनें पढ़ लिया है। आरा में आपसे मिलकर आपकी दूसरी पुस्तक लूंगा। उन्होंने डॉ भवेश द्वारा मुसहर समाज के प्रति चलाए जा रहे अभियान में भरपूर सहयोग देने का आश्वासन किया।

# बिहार को आप पर गर्व है: नित्यानंद राय

आरा। दिल्ली में मंगलवार की शाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा देश की जानी-मानी हस्तियों को पद्म सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित लोगों के साथ फोटो सेशन के बाद अभी जलपान चल रहा था कि गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने अचानक डॉ भवेश के कंधे को थपथपाकर कहा कि बधाई हो भवेश भैया, बिहार को आप पर गर्व है। उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही आपको फोन द्वारा बधाई दी थी। आज प्रत्यक्ष रूप से बधाई दे रहा हूँ। श्री राय ने कहा कि 30 मई को रोहतास के बिक्रमगंज में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर आपके क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क में हूं। पुनः परसों जाना है। मंत्री श्री राय ने कहा कि वास्तव में मुसहर समाज के लोग काफी पिछड़े हुए हैं। आप एक जनोपयोगी और पुनित कार्य कर रहे हैं। इस अभियान में मेरी जहां भी जरुरत होगी, मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा।

# डॉ. भीम सिंह भवेश को मिला पद्मश्री अवार्ड

## समाज सेवा के लिए राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। सामाजिक कार्यकर्ता, साहित्यकार सह पत्रकार डॉ. भीम सिंह भवेश को राष्ट्रपति भवन में पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मंगलवार की शाम उन्हें पद्मश्री अवार्ड प्रदान किया गया। डॉ.भवेश को पद्मश्री अवार्ड मिलने पर जिले में हर्ष का माहौल है। जिले के साहित्यकारो, लेखकों, पत्रकारों एवं प्रबुद्ध लोगों ने उन्हें बधाइयां दी है। पद्म श्री पुरस्कार मिलने पर डॉ. भीम सिंह भवेश ने कहा कि वे अपनी मुहिम को निरंतर आगे बढ़ाते रहेंगे। मुसहर समाज के लोगो के उत्थान के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि उदवंतनगर प्रखंड के चौराई मुसहर टोला में एक छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि मुसहर समाज के लोगो को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मुख्य धारा से जोड़ा जाए। डॉ.भवेश को भारत सरकार द्वारा पिछले 25 जनवरी 2025 को पद्मश्री सम्मान की घोषणा की गई थी। बता दें कि आरा शहर के मदन जी का हाता निवासी डॉ.भवेश पिछले दो दशक से अधिक समय से समाज के हाशिए पर खड़ी मुसहर जाति के विकास हेतु प्रयासरत हैं। उनके इस कार्य की प्रशंसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने मन की बात की 110वें एपिसोड में 25 फरवरी 2024 को भी की गई थी। डॉ. भवेश समाज सेवा के साथ साहित्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनके द्वारा चार पुस्तके लिखी गई हैं, जिनमें सान्निध्य का संस्मरण नेम प्लेट हाशिए पर हसरत और कलकत्ता से कोलकता शामिल है। इनमें हाशिए पर हसरत पुस्तक मुसहर जाति के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति के संदर्भ में एक चर्चित पुस्तक है, जिसका लोकार्पण राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश जी ने किया था। उनके द्वारा एक सार्वजनिक पुस्तकालय भी बनवाया गया है।

# पीएम के दौरा को ले लोजपा ने विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया गया,जिसमें 30 मई 2025 को बिक्रमगंज में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम आगमन होनें जा रहा है, इसके लिए लोजपा रामविलास भोजपुर के जिला अध्यक्ष मनोज पासवान अनुसूचित जाति, जन जाति प्रकोष्ठ के नेतृत्व में बहुत से गाँवो का, पंचायतो का दौरा कर लाखोलाख की संख्या में आने के लिए अपील किया गया, साँथ में लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव संतोष पासवान २ू२३, प्रभा सिंहा प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ, विनोद पासवान जिला उपाध्यक्ष, संजू पासवान जिला मीडिया प्रभारी, थे, इस कार्यक्रम के साथ साथ 8 जून 2025 को लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री आदरणीय श्री चिराग पासवान जी का आगमन होनें जा रहा है, स्थान आरा रामना मैंदान वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में नव संकल्प महासभा का आयोजन होगा, दौरा किये गये गाँव का नाम गडहनी में शंम्भू शार्मा, बालबाँध में कुंदन पासवान, चरपोखरी प्रखंड अध्यक्ष विकास पासवान से मिलकर जन सम्पर्क किया गया।

# पांच जून को मनाई जाएगी कुंवर सिंह कॉलेज के संस्थापक राजनाथ की शहादत दिवस

आरा। कुंवर सेना और कुंवर सिंह कॉलेज के संस्थापक तथा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आंदोलन के प्रणेता शहीद राजनाथ की शहादत दिवस पांच जून को मनाई जाएगी। इसको लेकर कुंवर सेना एवं कुंवर सिंह शोध संस्थान के शिवगंज स्थित कार्यालय में केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुंवर सेना के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने किया। जहां बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 5 जून 2025 को सुबह नौ बजे शहीद राजनाथ का 41 वां शहादत दिवस कुंवर सिंह कॉलेज आरा में मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया जाएगा। सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कुंवर सिंह कॉलेज के संस्थापक शहीद राजनाथ की पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में मनाई जाती है, इस बार भी पांच जून को शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि शहीद राजनाथ के द्वारा कुंवर सिंह कॉलेज व कुंवर सेना का स्थापना किया गया। अरवल - सहार पुल, आरा छपरा पुल, सासाराम बड़ी रेल लाइन समेत आरा में यूनिवर्सिटी लाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। शाहाबाद के विकास के लिए उन्होंने जनहित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। मौके पर त्रिभुवन सिंह महासचिव, चंचल मिश्रा, रिंकू सिंह, अवधेश, मो. हारुन, लालजी बिंद, भीम यादव, गणेश राम, विनोद सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## शेरघाटी में डाककर्मियों को आईटी टू प्वाइंट जीरो का दिया गया प्रशिक्षण, जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश

शेरघाटी। डाक विभाग द्वारा आईटी टू प्वाइंट जीरो का प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम एडुकेयर पब्लिक स्कूल शेरघाटी में आयोजित किया गयाइस कार्यक्रम का देखरेख डाक निरीक्षक दीपक कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी शाखा डाकपाल, सहायक शाखा डाकपाल और डाक सेवकों ने भाग लिया.डाक निरीक्षक दीपक कुमार ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि डाक विभाग की सेवाओ को तकनीकी रुप से सशक्त बनाते हुए जनमानस तक अधिक तेज, पारदर्शी और सुलभ सेवाएं पहुंचाया है.साथ ही उन्होने जोर देते हुए कहा कि पीएलआई, आरपीएलआई, टीडी, एसबी, आरडी जैसे खातों के लिए तय किए गए समय सीमा के अंदर लक्ष्यों को इस माह के अंत तक हर हाल में पूरा किया जाना चाहिए.उन्होंने डाक सेवकों को निर्देश दिया कि वे पीएमए (पोस्टल मोवाइल ऐप) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में डाक वस्तुओं की प्रभावी डिलिवरी सुनिश्चित करें.साथ ही, डाक कर्मयोगी पोर्टल पर सभी कर्मियों को साइनअप कराते हुए, उन्हें स्तरीय प्रशिक्षण दिलाने पर भी बल दिया.इस अवसर पर ओवरसियर रविरंजन कुमार, पीए रवि आनंद, राजीव कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा, दीपक कुमार, परशुराम सिंह, संध्या कुमारी, प्रेम प्रकाश, नागेंद्र कुमार, माधुरी सिंह, प्रमिला कुमारी, सोनम सानवी, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में डाककर्मी उपस्थित थे.।

## चार माह से शिक्षकों को नहीं मिला वेतन, शिक्षकों में आक्रोश

कुर्था (अरवल) विगत चार माह से शिक्षकों के वेतन नहीं मिलने से शिक्षकों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है इस संबंध में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट के प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार ने नियोजित शिक्षक के वेतन नहीं मिलने पर गहरा चिंता व्यक्त की शिक्षकों का बुरा हाल हो गया है शिक्षक मानसीक रूप से तनाव मे रह रहे है। इन्हें अविलम्ब वेतन भुगतान कहने मांग कर रहे हैं।उदवंत नगर प्रखंड के मसाढ गांव में मां काली मंदिर के प्रांगड़ में पूर्व केन्द्रीय मंत्री, सांसद माननीय राधा मोहन सिंह जी ने आगामी 30 मई को बिक्रम गंज में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आगमन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित किया, तथा आह्वान किया कि काफी संख्या में बिक्रम गंज चलकर प्रधानमंत्री जी के आत्म निर्भर भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करें,उक्त कार्यक्रम में श्री मनोज कुमार सिंह प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा बिहार, श्री संतोष ओझा पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली, प्रहलाद राय प्रदेश प्रवक्ता किसान मोर्चा,जिला उपाध्यक्ष राम दिनेश यादव ,संचालन पूर्व जिला महामंत्री श्री भगवान सिंहने किया मुखिया प्रतिनिधि राकेश सिंह, पूर्व मुखिया श्री कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष संजय सिंह, समेत सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# साइबर ठगी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार, एएसपी ने दी जानकारी

प्रातः किरण संवाददाता




शेरघाटी।एटीएम से फ्रॉड कर पैसा निकाशी करने वाला आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

घटना थाना क्षेत्र चंडीस्थान स्थित इंडिया बैंक एटीएम से फ्रॉड के एवम फ्रॉड नम्बर चिपकाकर पैसा ठगी करने वाला एक आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है,एएसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि इंडिया एटीएम से अवैध रूप से धन की निकासी की जा रही थी जिसकी पुलिस की सूचना दी गई। जिसका त्वरिक करवाई शुरू किया गया पुलिस ने करवाई करते हुए करते अंजन कुमार चौहान पिता स्वर्गीय नौरंगी चौहान निवासी तेतुलमारी जिला धनबाद झारखंड का है, व्यक्ति का जब विधिवत तलासी लिया गया तो उसके पास से 12 हजार 780 रुपए नगद एवं 11 एटीएम कार्ड 2 मोबाइल फोन और संदिग्ध सामग्री भी बरामद किए गए।एएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि अपने सहयोगियों के साथ मिलकर विभिन्न एटीएम में जाकर कागज पर फर्जी हेल्पलाइन नंबर टांग देते थे इसके अलावा निकासी स्थान पर साइबरस्टिक चिपक कर फ्रॉड कर घटना का अंजाम दिया करते थे।

आरोपी ने पूछताछ के दौरान यह भी बताया कि वह कई कांडों में भी इस तरह से कर चुका है पकड़े गए। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी पता किया जा रहा है। इस कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है, पकड़े गए आरोपी के पास से 12 780 रुपये,एटीएम 11 पिस फेबिक्युक 4 पिस,ब्लेड 2 पीस साइबर पट्टी 5 पीस,मोबाइल फोन 2 पीस,हेल्पलाइन नम्बर लिखा 4 पीस,पर्स 1पीस, गम सटीक 1पीस,उजला टेप 1पीस एवम सिम निकालने वाला 1 पिन बरामद किया गया।

## जमीन के विवाद में अधेड़ को पीटा गया

आरा। जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव में बुधवार की दोपहर जमीनी विवाद में एक अधेड़ की पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव निवासी स्व. कन्हाई राय के 56 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र राय है। वह पेशे से किसान है। इधर, सुरेंद्र राय ने बताया कि उनके पट्टीदार से ही जमीन को लेकर कुछ वर्ष विवाद चल रहा है। बुधवार की दोपहर उसी विवाद को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद उक्त पक्ष द्वारा उनकी लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# एम्स पटना ने विश्व आपातकालीन चिकित्सा दिवस मनाया

## आपकी आपातकालीन देखभाल प्रदान करने पर गर्व है इस बार का थीम

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। एम्स पटना में आपातकालीन चिकित्सा विभाग ने आपातकालीन देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका का जश्न मनाने और जीवन रक्षक हस्तक्षेपों पर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दिन भर की गतिविधियों के साथ विश्व आपातकालीन चिकित्सा दिवस मनाया। इस वर्ष की थीम, ह्लआपकी आपातकालीन देखभाल प्रदान करने पर गर्व हैह्व, आपातकालीन चिकित्सा पेशेवरों की महत्वपूर्ण क्षणों में समय पर, विशेषज्ञ देखभाल प्रदान करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर सौरभ वार्ष्णेय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. दीपक कुमार के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने आधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों में आपातकालीन चिकित्सा की अपरिहार्य भूमिका पर प्रकाश डाला।

पहले सत्र में डॉ. सुनील कुमार द्वारा मायोकार्डियल इंफार्क्शन पर एक जन जागरूकता वार्ता की गई, जिसमें दिल के दौरे की शुरूआती पहचान और तुरंत उपचार पर ध्यान केंद्रित किया गया।इसके बाद डॉ. दीपक कुमार द्वारा हीट स्ट्रोकः रोकथाम और प्रबंधन पर एक आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसमें वर्तमान हीटवेव स्थितियों के बीच समय पर जानकारी दी गई।

समारोह का एक अनूठा और आकर्षक पहलू आपातकालीन चिकित्सा डॉक्टरों के लिए आयोजित शतरंज प्रतियोगिता थी। सीनियर रेजिडेंट डॉ. विनय कुमार सिंह इस कार्यक्रम के विजेता बने। पोस्ट ग्रेजुएट के पहले बैच, जो इस वर्ष अपनी अंतिम परीक्षा देंगे, ने आपातकालीन देखभाल में अपने अनुभवों से व्यक्तिगत कहानियाँ साझा कीं, जिससे दर्शकों को चिकित्सा के अग्रिम मोर्चे पर काम करने की चुनौतियों और संतुष्टि की एक दुर्लभ झलक मिली।कार्यक्रम का समापन केक काटने की रस्म के साथ हुआ, जिसमें चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) अनूप कुमार और डीन (अकादमिक) प्रो. (डॉ.) रुचि सिन्हा, संकाय और निवासियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यकारी निदेशक ने विभागाध्यक्ष डॉ. दिवेन्दु भूषण और उनकी टीम को हार्दिक बधाई और प्रोत्साहन दिया। उन्होंने कई लोगों की जान बचाने में गोल्डन ऑवर्स की अवधारणा पर प्रकाश डाला।

उप निदेशक (प्रशासन) ने भी विभाग को अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया और आपातकालीन चिकित्सा में अनुसंधान पर जोर दिया। डॉ. दिवेन्दु ने सभी निवासियों और नर्सिंग स्टाफ से सामंजस्य और सहानुभूति के साथ काम करने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी से सहानुभूति बढ़ाने और लचीलेपन के साथ काम करने के लिए दैनिक जीवन में योग और ध्यान को शामिल करने का अनुरोध किया।

सहायक प्रोफेसर डॉ. दीपक कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## शिक्षक संघ भोजपुर इकाई ने शिक्षा संवाद का किया आयोजन

आरा। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ ,जगदीशपुर, भोजपुर इकाई द्वारा सवारथ साहु उच्च माध्यमिक विद्यालय, जगदीशपुर में शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शिर्षक - बदलते परिवेश में शिक्षकों की भुभिका पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना रमेश कुमार पाल ,बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु,प्राथमिक शिक्षक संघ गोपगुट के जिलाध्यक्ष कृष्ण सिंह विमल,टेट स्टेट उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।आयोजक वंधु के तरफ से विभागीय पदाधिकारी एवं शिक्षक प्रतिनिधि को चादर एवं माला से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने की।

# अरवल से भारी संख्या में जनता पीएम के कार्यक्रम में आएः केंद्रीय मंत्री बोले ललन सिंह पीएम मोदी ने विश्व में देश का सम्मान बढ़ाया

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मई को बिक्रमगंज के दुगार्डीह में होने वाले कार्यक्रम को लेकर एनडीए के कार्यकर्ताओ का बैठक का दौर जारी है । इसी क्रम में बुधवार को अरवल इंडोर स्टेडियम में एनडीए कार्यकर्ताओ का बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह एवं बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जयसवाल उपस्थित हुए। बैठक की शुरूआत सामूहिक द्वीप प्रज्वलित कर किया गया । मंच का संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने किया। एनडीए घटक दल के सभी जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित एनडीए कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि बिक्रमगंज के दुगार्डीह में दो दिग्गज नेता आ रहे हैं, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। उन्होंने मगही में लोगों से निहोरा करते हुए कहा कि दोनों नेता के सम्मान में विक्रमगंज के दुगार्डीह में अरवल से सब के भारी संख्या में चले ला हई। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने विश्व भर में देश का सम्मान बढ़ाया है, भारत को आत्मनिर्भर बनाया है। आज दुनिया में हिन्दुस्तान सिर उठा कर खड़ा होता है। रक्षा के क्षेत्र में जो आत्मनिर्भर बनाया, उसका परिणाम आपने ऑपरेशन सिंदूर में देखा।

आज हमारा देश जापान को पछाड़कर दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। पीएम नरेन्द्र मोदी बिहार के लिए सौगात लेकर आ रहे हैं। कई योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास के साथ बिहार की दिशा ओर दशा और भी चुस्त दुरुस्त करने आ रहे हैं । वहीं बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जयसवाल ने वहां उपस्थित कर्मठ कार्यकताओं को अपने सम्बोधन में कहा कि हमें गर्व है, स्वाभिमान है, अभिमान है अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनके कुशल नेतृत्व पर है। उन्होंने सेना के साथ मिलकर जो रणनीति बनाई। सेना को खूली छूट दी। सेना को कहा समय आप तय कीजिए, जगह आप तय कीजिए हम चाहते हैं, जनता चाहती है देश से आतंकवाद खत्म हो। जिसके बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 आतंकवादी संगठनों के ठिकानों पर हमला हुआ। इससे आतंकवादियों के अलावा एक भी व्यक्ति पर कोई खरोच नहीं आया। इतना सटीक रणनीति कोई नेता बना सकता है तो वह हमारे नेता नरेंद्र मोदी हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी बिहार में हो रहे विकास की रफ्तार में गति देने आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम मोदी पहली बार बिहार में बिक्रमगंज के दुगार्डीह में आ रहे हैं, ऐसे में उन्हें देखने-सुनने के लिए पूरा शाहाबाद के साथ साथ मगध की धरती अरवल से जनसैलाब उमड़ेगा। लाखों की संख्या में लोग बिक्रमगंज पहुंचे। यही आग्रह निवेदन और आमंत्रण देने के लिए आए हैं ।

वहीं प्रभारी मंत्री हरि सहनी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की दिशा में अग्रसर है। अरवल में एनडीए कार्यकर्ताओ के साथ लगातार मैं समन्वय में हूं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अरवल के लोग अधिकाधिक संख्या में पीएम नरेन्द्र मोदी के भाषण को सुनने के लिए उपस्थित होंगे । एनडीए के इस बैठक में जदयू जिलाध्यक्ष मिथलेश यादव, हम जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा, लोजपा रामविलास जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन, रालोमो जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व विधायक सत्यदेव कुशवाहा, पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रो. रामकिशोर सिंह, प्रदेश परिषद सदस्य ई. संजय कुमार, शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कन्हैया सिंह, जदयू के प्रदेश सचिव जितेन्द्र पटेल, जदयू नेता गुडडू पटेल ,संजीव कुमार, भास्कर कुमार, पप्पू वर्मा, अमृत राज उपाध्याय, चन्दन खत्री सहित सैंकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीटीओ ने बैठक में दी चेतावनी

## प्राइवेट वाहनों का कमर्शियल उपयोग करने पर होगी कार्रवाई



प्रातः किरण संवाददाता


गया प्राइवेट वाहनों को कमर्शियल उपयोग में लाये जाने पर जिला परिवहन विभाग गंभीर हो गया है। इस बैठक के बाद डीटीओ राजेश कुमार ने बताया कि गयाजी जिले में प्राइवेट वाहनों को कमर्शियल उपयोग में लाया जा रहा है, इसकी शिकायत मिल रही है, जांच की जायेगी और वाहनों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जाएगा। साथ ही जुर्माने की भी वसूली की जाएगी।

जिला परिवहन विभाग की बैठक में प्राइवेट नंबर से निबंधित वाहनों को कॉमर्शियल में उपयोग मामले की जांच व कार्रवाई के लिए विशेष टीम गठित की गई है। जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि प्राइवेट वाहनों का कॉमर्शियल उपयोग को अपराध की श्रेणी में रखा गया है और ऐसे मामलों में सजा व जुर्माना दोनों का प्रावधान है।

मुख्यालय के निर्देश पर जिले में टीम का गठन किया गया है। जल्द प्राइवेट वाहनों के कॉमर्शियल उपयोग के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत वाहनों के निबंधन को रद्द किया जा सकता है। परिवहन विभाग की बैठक में डीटीओ राजेश कुमार, एडीटीओ बेबी कुमारी, एमवीआई सुनील कुमार सिंह सहित कई और एमवीआई, प्रवर्तन इंस्पेक्टर शामिल रहे हैं।

# कवि गोपाल प्रसाद व्यास की 20 वीं पुण्यतिथि पर काव्य संवाद

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में आधुनिक हिंदी साहित्य के महान कवि एवं हास्य व्यंग के सशक्त हस्ताक्षर गोपाल प्रसाद व्यास की 20वीं पुण्यतिथि पर काव्य संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह , उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र,महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर संवाद करते हुए जिला उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि गोपाल प्रसाद व्यास जी ब्रजभाषा और पिंगल के मर्मज्ञ विद्वान के रूप में चर्चित थे।दिल्ली में हिंदी भवन के निर्माण में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लाल किले पर विशेष प्रयोजन पर होने वाले राष्ट्रीय कवि सम्मेलन की शुरूआत करने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी कई पत्र पत्रिकाओं का संपादन कार्य भी किया था। दिल्ली हिंदी साहित्य सम्मेलन के संस्थापक और 35 वर्षों तक महामंत्री के रूप में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया था।किसी भी राष्ट्रीय स्तर के साहित्यिक संस्था में उनकी उपस्थिति मात्र से ही उस संस्था की विशेषता का पता चलता था की संस्था की कितनी महता है।अखिल भारतीय स्तर पर महान पर्व होली के मौके पर मूर्ख महा सम्मेलन के जन्मदाता थे और राष्ट्रीय स्तर पर संचालन भी किया करते थे उनकी कालजई कृतियां गोपीन के अधरान की भाषा,हास्य सागर,कदम कदम बढ़ाए जा,रंग जंग और व्यंग्य आधुनिक हिंदी साहित्य की आधारभूत कृतियां हैं जिनके माध्यम से हिंदी साहित्य को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर व ग्रामीण मंडल कार्यसमिति का किया बैठक

## बीजेपी ने अभी से ही चुनावी मूड में रहने के लिए कार्यकर्ताओं को कहा, शेरघाटी से लड़े चुनाव की मांग

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी। शहर के एक मैरिज हॉल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर व ग्रामीण मंडल कार्यसमिति की एक बैठक नगर अध्यक्ष राधेश्याम सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन दीनानाथ पांडे ने किया बैठक के प्रारंभ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते हुए बैठक की कार्यवाही आरंभ की गई। तदोपरान्त आये हुए सभी कार्यकताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि शेरघाटी विधानसभा प्रभारी नरेंद्र दांगी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ सशक्तिकरण को लेकर सभी मंडलों में बैठक आयोजित की जा रही है। अपना बूथ सबसे मजबूत पार्टी का मूल मंत्र है। मंडल स्तर पर बूथ सशक्तिकरण अभियान के कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु मंडल स्तरीय टोली का गठन करना है। मंडल टोली के 25 कार्यकताओं के बीच बूथों का विभाजन करना है। किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता संतोष कुमार गुप्ता ने कार्यकताओं से कहा कि अगले तीन महीना में बिहार में आचार संहिता लग जाएगा। इसलिए सभी कार्यकताओं को अभी से ही चुनावी मूड में कार्य पर लग जाना है। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व से मांग करते हुए कहा कि शेरघाटी विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी ही लड़े। यह सभी कार्यकताओं की इच्छा है। विधानसभा संयोजक अजीत मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी कार्यकताओं के बल पर भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की नंबर वन पार्टी है। उन्होंने कहा कि जो मंडल की टोली बनेगी। वह टोली मंडल के बैठक में सरल ऐप डाटा अपलोड कराने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उक्त बैठक के दौरान ग्रामीण अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, जिला मंत्री अशोक कुमार सिंह एवं अरुण चंद्रवंशी, राम जय सिंह, राजेश सिंह, अमरेश सिंह, मुरारी प्रसाद सिन्हा, आनंद कुमार आदि थे

# समर कैंप के पांचवे दिन छात्रों ने अपनी प्रतिभा को निखारा



अरवल। दिल्ली पब्लिक स्कूल तेजपुर अरवल में सात दिवसीय समर कैंप का पांचवे दिन भी वॉलीबॉल का शुभारंभ किया गया जिसका मुख्य अतिथि के रूप में युवा राजद जिला अध्यक्ष प्रवीण यादव एवं भाजपा नेता कुशवाहा चंदन शिक्षक विकास यादव चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष अमितेश कुमार वॉलीबॉल का शुभारंभ किया दिल्ली पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि खेल से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास की एक अलग ही पहलू होती है वही विकास यादव ने कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल में जो गेम हम टीवी चैनल के माध्यम से देखते थे आज वही गेम दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा देखने को मिल रहा है युवा राजद जिला अध्यक्ष ने कहा कि सपोर्ट कोटा से भी हम एसपी डीएसपी बन सकते हैं गेम खेलना ही बहुत जरूरी है इस अवसर पर खेल के शारीरिक शिक्षक रोशन कुमार एवं सूरज कुमार इस गेम में का सहयोगी शशि कुमार रवि कुमार सहयोगिक शिक्षक मोहम्मद सनाउल्लाह शंकर कुमार सौरभ कुमार बहुत सारे लोग इस समर कैंप में सहयोग किया

# जिप अध्यक्ष पर सोलर लाइट योजना में घोटाला और प्रताड़ना करने का आरोप

➤ **जिला परिषद सदस्य ज्योति पासवान ने जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी और उनके पति पर लगाए गंभीर आरोप, बोली- मुझे दलित समझकर कर रही प्रताड़ित**

प्रात : किरण संवाददाता



गयाः गया जी में बुधवार को दोपहर 2:00 बजे गया के सर्किट हाउस में बोधगया क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य सह नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ज्योति पासवान ने प्रेस वार्ता कर जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी पर सोलर लाइट योजना में घोटाला, धमकी देने सहित अन्य गंभीर आरोप लगाई है। ज्योति पासवान ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बोली की जिला परिषद के अध्यक्ष नैना कुमारी के द्वारा मुझे दलित समझकर प्रताड़ित किया जा रहा है।

पिछले तीन-चार सालों से मानसिक तनाव से गुजर रहा हूं। हम लोग 2021 में जिला परिषद सदस्य का चुनाव जीतकर आए, उसके बाद हम लोगों ने नैना कुमारी को जिला परिषद अध्यक्ष के पद पर चुना। 2022 में पंचायत स्तर पर सोलर लाइट लगाने का काम आया था, जिसमें आपस में हम दोनों ने मिलकर काम करने का निर्णय लिए थे। पंचायत स्तर पर सोलर लाइट को लगाना था। जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी और उनके पति सरदार ने हमसे 50 लाख रुपए लिए थे, जिसमें 40 लाख रुपए अकाउंट से दिये हैं और 10 लाख रुपया कैश दिए थे। हम दोनों ने मिलकर काम को भी पूरा कर दिया लेकिन, जब हमने दिए हुए 50 लाख रुपए का मांग करने लगे, तो वो हमसे मिलना बंद कर दिए और जब आवास पर जाते थे तो गार्ड के द्वारा नहीं होने का हवाला देकर लौटा दिया जाता था। काफी दिनों तक हमें ताल-मटोल करते रहे। उसके बाद हमें बुलाकर 10-10 लाख रुपए का तीन चेक दिए जो सभी का सभी बाउंस हो गया है। 15 मई को जब हमने कॉल करके रूपए का मांग किया तो हमें धमकी दी गई और भद्दी-भद्दी गालियां दी गई। जिसका रिकॉर्डिंग भी मेरे पास है।

इसके बाद हमने मगध मेडिकल थाना में लिखित आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कार्रवाई हूं। हमें गुमराह करके जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी और उनके पति रुपए लिए हैं। जब हमें खुद में महसूस हुआ कि हम ठगा गया हूं, तब जाकर हमने थाने में लिखित आवेदन देखकर एफआईआर दर्ज करवाई और कोर्ट में भी चेक बाउंस का अपील दायर भी की हूं। उन्होंने कहा कि यह हम लोग का आपसी मामला था। आपस में ही इसे निपटा लिया जाना चाहिए था लेकिन हमें पहले ठगा उसके बाद फिर हमें मानसिक प्रस्तावना की जा रही है।

जब हमने कॉल करके दिए हुए रुपए का मांग किया, देख लेने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष नैना कुमारी को मोहरा बनाकर उनके पति सरदार जिला परिषद सदस्यों से ठगते हैं। हम लोग के क्षेत्र में विकास के काम कुछ नहीं हो रहा है। जनता हमें जिताकर विकास के लिए भेजी है लेकिन उनके पति द्वारा गुमराह करके लोगों को ठगी जा रही है। हम चाहते हैं कि इसकी उच्च स्तरीय जांच कर हमें न्याय दिलाया जाए और उनकी गिरफ्तारी किया जाए।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर कार्यशाला आयोजित

➤ **रेड डॉट चैलेंज, माहवारी कीट वितरण, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया : आरती कुमारी**




गया ।गया जिला में महिला एवं बाल विकास निगम के अंतर्गत संचालित वन स्टॉप सेंटर, गया द्वारा विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक आरती कुमारी ने बताया कि आज विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम, गया के अंतर्गत जिला में विभिन्न कार्यक्रम वन स्टॉप सेंटर एवं जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ विमेन द्वारा गया जिला में विभिन्न कार्यक्रम, कार्यशाला,रेड डॉट चैलेंज, माहवारी कीट वितरण, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।वन स्टॉप सेंटर में दर्ज मामलों में प्रति दिन 50-100 की संख्या में आम जनता आते रहते हैं, गया समाहरणालय परिसर में सभी आम जनता पीरियड फ्रेंडली वर्ल्ड थीम के आधार पर एक साथ मिलकर सभी को पीरियड फ्रेंडली बनाने पर जोर दिया गया हू। माहवारी कोई शर्म की बात नही है,यह स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण की पहचान है ।आज बिहार की हर बेटी,बहन और मॉ को यह जानना जरूरी है कि माहवारी के दौरान स्वच्छता अपनाना न सिर्फ जरुरी है बल्कि यह एक स्वस्थ जीवनशैली की बुनियाद भी है। हमारा संकल्प है हर महिला को मिले स्वच्छता, सुविधा और सम्मान।

# 07 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार



प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुरः ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनके सुविधाजनक आवागमन हेतु चलायी जा रही 07 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 04504 चंडीगढ़-पटना स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे चंडीगढ़ से 05.06.2025 से 10.07.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को चलायी जाएगी।

2.गाड़ी सं. 04503 पटना-चंडीगढ़ स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे पटना.से 06.06.2025 से 11.07.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को चलायी जाएगी।

3.गाड़ी सं. 09067 उधना-जयनगर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे उधना से 01.06.2025 से 29.06.2025 तक प्रत्येक रविवार को चलायी जाएगी ।

4.गाड़ी सं. 09068 जयनगर-उधना स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे जयनगर से 02.06.2025 से 30.06.2025 तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जाएगी।

5.गाड़ी सं. 09069 उधना-समस्तीपुर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे उधना से 07.06.2025 से 28.06.2025 तक प्रत्येक शनिवार को चलायी जाएगी।

6.गाड़ी सं. 09070 समस्तीपुर-उधना स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे समस्तीपुर से 09.06.2025 से 30.06.2025 तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जाएगी। 7.गाड़ी सं. 07315 हुब्बल्लि-मुजफ्फरपुर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे हुब्बल्लि से 02.06.2025 से 30.06.2025 तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जाएगी।

8.गाड़ी सं. 07316 मुजफ्फरपुर-हुब्बल्लि स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे मुजफ्फरपुर से 05.06.2025 से 03.07.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को चलायी जाएगी ।

9.गाड़ी सं. 07311 वास्को द गामा-मुजफ्फरपुर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे वास्को द गामा से 09.06.2025 से 23.06.2025 तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जाएगी।

10. गाड़ी सं. 07312 मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे मुजफ्फरपुर से 12.06.2025 से 26.06.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को चलायी जाएगी।

11.गाड़ी सं. 06563 यशवंतपुर-गया स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे यशवंतपुर से 21.06.2025 एवं 28.06.2025 (शनिवार) को चलायी जाएगी।

12. गाड़ी सं. 06564 गया-यशवंतपुर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे गया से 23.06.2025 एवं 30.06.2025 (सोमवार) को चलायी जाएगी।

13.गाड़ी सं. 06211 मैसूर-दरभंगा स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे मैसूर से 17.06.2025 एवं 24.06.2025 (मंगलवार) को चलायी जाएगी।

14.गाड़ी सं. 06212 दरभंगा-मैसूर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे दरभंगा से 21.06.2025 एवं 28.06.2025 (शनिवार) को चलायी जाएगी।

# जिला कॉंग्रेस महासचिव डॉ देविका सरयार मिश्र के नेतृत्व में टाऊन विधानसभा में हर घर झंडा कार्यक्रम चलाया गया

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।जिला कांग्रेस कमिटी की महासचिव डॉ देविका सरयार मिश्र के नेतृत्व में और पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्र की उपस्थिति में गया टाऊन विधानसभा में हर घर झंडा कार्यक्रम चलाया गया है ।इसके तहत आज शहर के ढोलकिया गली,स्वराजपुरी रोड, पंचायती अखाड़ा, किरानीघाट और बैरागी में हर घर झंडा कार्यक्रम चलाया गया है। डॉ देविका के द्वारा महिलाओं को माई बहिन मान योजना की भी जानकारी दी गई है ।आज लगभग 100 से ज्यादा घरों में कांग्रेस पार्टी का झंडा लगाया गया है। माई बहिन योजना को लेकर शहर को महिलाओं में उत्साह देखा गया है ।लोगों ने बहुत हीं मन से झंडा लगवाया और कहा कि अगर सही प्रत्याशी होगा तो निश्चित रूप से गया शहर बदलाव के लिए तैयार है। डॉ गगन ने बताया कि डॉ देविका के नेतृत्व में शहर में कमसे के 5000 झंडा लगाने की तैयारी है। इंस्टॉल साथ हीं टाऊन विधानसभा की हर महिला को माई बहिन मान योजना से जोड़ा जाएगा और इस विधानसभा में इस सीट को जिताने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजन




अरवल । महिला एवं बाल विकास निगम बिहार पटना एवं जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव के निदेशानुसार जिला प्रशासन अरवल द्वारा विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महादलित टोलों के किशोरियों, आँगनबाड़ी सेविकाएं, एएनएम, जीएनएम कॉलेज की छात्राएं व बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं ने शिरकत की। इस अवसर पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, रचना सिन्हा द्वारा सर्वप्रथम हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। छात्राओं व महादलित टोलों के किशोरियों, जीएनएम, आँगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा भगत सिंह चौक से इंडोर स्टेडियम अरवल तक हाथों में बैनर, तख्ती लिए प्रभात फेरी निकाली। जहाँ किशोरियों एवं महिलाओं के बीच माहवारी के समय स्वच्छता बनाये रखने के लिए हाथों में रेड डॉट बनाकर एवं तख्ती व बैनर पर लिखे नारों के माध्यम से जागरूक किया गया। किशोरियों को सेनेटरी पैड नैपकीन उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं इंडोर स्टेडियम में महादलित टोलों के किशोरियों व छात्राओं के बीच माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कीट का वितरण किया गया।

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, श्रीमति रचना सिन्हा ने माहवारी स्वच्छता किट वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लड़कियों में किशोरावस्था में शारीरिक बदलाव के साथ भावनात्मक बदलाव भी आते हैं। माहवारी स्वच्छता उत्पादों की कमी के कारण हमारी कई बच्चियाँ अस्वच्छ उपायों का चयन कर कई बीमारियों को न्यौता देती हैं। ऐसे में अभिभावक और शिक्षकों की भूमिका अहम हो जाती है। अभिभावक व शिक्षकों को उन्हें सही सलाह देकर माहवारी स्वच्छता प्रबंधन में मदद कर सकते हैं। वहीं अंचल अधिकारी विजया कुमारी ने कहा कि माहवारी स्वच्छता एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसपर खुलकर चर्चा होनी चाहिए ताकि प्रत्येक किशोरियों को स्वच्छता संबंधी सही जानकारी प्राप्त हो सके। माहवारी एक प्राकृतिक वरदान है जिसके कारण महिलायें माँ बनती है। माहवारी के उचित प्रबंधन के साथ किशोरिया शारीरिक कार्य कर रही है और खेल-कूद के क्षेत्र में कीर्तिमान रच रही हैं। वहीं डीपीएम विनय प्रताप ने कहा कि माहवारी एक नियमित प्रक्रिया है, जो स्वस्थ्य महिलाओं को प्रत्येक 28वें दिन एक चक्र की भांति आता है। उसके बारे में खुलकर बात करने से कई भ्रांतियों से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि माहवारी एक कुदरती वरदान है जिसके कारण महिलायें मों बनती है।

वहीं मिशन शक्ति के जिला समन्वयक धीरेन्द्र कुमार ने कहा कि स्वच्छता के बिना हम अच्छी जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। माहवारी के दिनों में सुरक्षित प्रबंधन जरूरी है, जानकारी के अभाव में महिलाएं एवं छात्राओं के द्वारा असुरक्षित प्रबंधन करना कई बीमारियों को निमंत्रण देना है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था तथा इस दिवस का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छत्ता के बारे में शिक्षित करना है। इससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचने में मदद मिलती है। हालांकि महिला एवं बाल विकास निगम के बैनर तले जन जागरूकता हेतु विभिन्न जगहों पर माहवारी स्वच्छता प्रबंधन से संबंधित फ्लैक्स का कई सार्वजनिक स्थानों पर अधिष्ठापन भी किया गया तथा बालिका उच्च विद्यालय में एक वीडियो फिल्म खिलती कलियाँ प्रदर्शित कर छात्राओं व किशोरियों को प्रेरित किया गया। इस मौके पर अरवल सीडीपीओ उर्मिला जयश्री, ओएससी केंद्र प्रशासक शिम्पू कुमारी के साथ अन्य महिला पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# पारा विधिक स्वयं सेवक कई स्तरों पर अपने कर्तव्यों और दायित्वों के निर्वहन में निभाते हैं अहम भूमिका : सचिव


प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के दो पारा विधिक स्वयं सेवक जिन्हें अधिकार मित्र भी कहा जाता है के द्वारा खोजा गया व्यक्ति रामजन्म मौर्या पुत्र स्व0 जयराम मोर्या निवासी ग्राम बडेरिया पो0 बेनीपुर तहसील भीती थाना भीती जिला अम्बेदकर नगर राज्य उत्तर प्रदेश को जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव तान्या पटेल द्वारा आज अपने प्रकोष्ठ में उनके परिजनों की उपस्थिति में सौपा गया। इस अवसर पर रामजन्म मौर्या के बड़े भाई विजय लाल मोर्या द्वारा सचिव को बताया गया कि रामजन्म मौर्या लगभग 15 वर्ष पूर्व घर से गायब हुए थे जिनकी तलाश कई स्तर पर किये जाने के बावजूद कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई थी परन्तु जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधिकार मित्र द्वारा खोजने की सूचना मिलने पर आज उपस्थित होकर अपने भाई को सकुशल देखकर काफी हर्ष हो रहा है। ज्ञातव्य है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधिकार मित्र नरेन्द्र कुमार एवं राजेन्द्र यादव द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय को यह सूचना दी गयी थी कि जिला पदाधिकारी और सिंह कोठी के आवास के बीच नाले के समीप झाड़ी के आस-पास कई दिनों से अधेड़ को देखा जा रहा है इसपर कार्यालय द्वारा दिये गये निर्देश पर अधिकार मित्र द्वारा अधेड़ व्यक्ति से पूछा गया कि आप कौन है और आप कहां के रहने वाले हैं, उनसे पूछताछ करने पर सारा मामला पता चला और उस अधेड़ व्यक्ति के द्वारा अपना नाम और गाव की जानकारी अधिकार मित्र को दी गयी इसपरा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर अधिकार मित्र द्वारा सत्यापन हेतु भीती थाना से सम्पर्क कर इनके घर वालों से बात की और सत्यापन हो जाने के उपरान्त इसकी सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय को दिया गया। गुमशुदा व्यक्ति के परिजन से सम्पर्क करने पर उनके द्वारा बताया गया कि औरंगाबाद आ रहे हैं ।




# पावर कंपनी से मिला बड़ा ठेका शेयर खरीदने की मच गई होड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बोंडाडा इंजीनियरिंग लिमिटेड के शेयर आज मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयर आज करीबन 10 प्रतिशत तक चढ़कर 510 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। कंपनी के शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऑर्डर है। दरअसल, कंपनी ने कहा कि उसे तेलंगाना पावर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड से 204.2 करोड़ की लागत से बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम स्थापित करने के लिए ठेका मिला है।



**कंपनी ने क्या कहा–** कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार, बोंडाडा इंजीनियरिंग तेलंगाना में मांग पर उपयोग के लिए 100 मेगावाट घंटे की बैटरी एनर्जी स्टोरेज प्रणाली स्थापित करेगी, जो कि टैरिफ आधारित वैश्विक प्रतिस्पर्धी बोली के तहत व्यवहार्यता अंतर निधि के साथ शंकरपल्ली में ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ तेलंगाना सरकार के 400/220 केवी सबस्टेशन के पास बिल्ड ओन ऑपरेट (ङ्कह्रह्र) के तहत होगी। यह ऑर्डर बिजली खरीद समझौते के एग्जिक्यूश से 18 महीने के भीतर पूरा किया जाना है। कंपनी ने कहा कि ऑर्डर के लिए व्यापक विचार 12 वर्षों के लिए 204.2 करोड़ होगा।

**लगातार मिल रहे ऑर्डर–** पिछले सप्ताह कंपनी ने कहा था कि उसे आंध्र प्रदेश सरकार से राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर एक ऐतिहासिक सोलर एनर्जी परियोजना के आवंटन के लिए 9,000 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने कहा कि परियोजना का आवंटन इस बात को सुनिश्चित करने के अधीन है कि अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अन्य डेवलपर्स को पहले से आवंटित क्षेत्रों या पवन संसाधन मूल्यांकन अध्ययनों के साथ कोई ओवरलैप नहीं होगा। इस परियोजना को 24 महीनों के भीतर लागू किया जाना चाहिए।

## बहुत-से ऐसे भाव होते हैं जो साफ़ नहीं होते: महेश शेट्टी

**मुंबई।** महेश शेट्ट ने कहा कि'कानखजूरा' जैसे शो में अपराधबोध और पारिवारिक रहस्यों जैसे गंभीर विषयों से जुड़ना एक भावनात्मक अनुभव रहा होगा। क्या इस मानसिक स्थिति में बने रहना मुश्किल था, या फिर शॉट्स के बीच आप खुद को उससे अलग कर पाते थे हर परिवार और हर रिश्ते में अच्छाई-बुराई के साथ-साथ बहुत-से ऐसे भाव होते हैं जो साफ़ नहीं होते, और यही हमें इंसान बनाते हैं। 'कानखजूरा' ने इन्हीं परतों को गहराई से छुआ है और बहुत वास्तविक तरीके से पेश किया है, जिससे उस भावनात्मक ज़ोन में जाना मेरे लिए आसान हो गया।जहां तक दृश्यों के बीच खुद को उस भाव से बाहर निकालने की बात है, तो मुझे लगता है ये एक अभिनेता की दिनचर्या का हिस्सा होता है।

# शक्ति पम्पस् ने मनाया 'फाउंडर्स डे', शक्ति कोड ऑफ़ कंडक्ट जारी किया

**इंदौर, एजेंसी।** शक्ति पम्पस् इंडिया लिमिटेड ने (25 मई को) अपने संस्थापक, स्वर्गीय श्री मनोहर लाल जी पाटीदार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में फाउंडर्स डे का आयोजन किया। यह दिन उनके असाधारण समर्पण, दूरदर्शिता और सफलता को याद करने और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने की प्रेरणा लेने के लिए समर्पित था।




इस अवसर पर, शक्ति पंप्स इंडिया लिमिटेड के साथ-साथ सभी अनुषंगी कंपनियों के डायरेक्टर्स, समस्त टीम मेंबर्स और उनके परिवार के सदस्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यह समारोह न केवल श्री पाटीदार के जीवन और कार्य को श्रद्धांजलि देने का माध्यम था, बल्कि यह कंपनी की एकता, सामूहिक भावना और भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता था। फाउंडर्स डे का यह आयोजन टीम के सदस्यों के लिए एक साथ आने, एक-दूसरे के साथ जुड़ने और कंपनी के मूल मूल्यों को फिर से आत्मसात करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था। कार्यक्रम में शक्ति परिवार के 3000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। शक्ति पम्पस इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन श्री दिनेश पाटीदार ने कर्मचारियों और उनके परिवारों से बातचीत में श्री मनोहर लाल जी पाटीदार के शुरुआती प्रयासों, उनके दूरदर्शी विचारों और कैसे उन्होंने एक छोटे से सपने को एक सफल उद्यम में बदल दिया, इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कंपनी की कोर वैल्यूस - सीखने का जुनून रखे, व्यक्ति का सम्मान करें, सिस्टम एवं कार्यविधि का सम्मान करें, श्रेष्ठता के लिये प्रयासरत रहें, ग्राहक केंद्रित रहें, ईमानदार एवं नैतिक रहें, को दोहराया।

श्री पाटीदार ने कहा कि शक्ति पम्पस नाम के इस पौधे ने आज एक वटवृक्ष बनकर कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे न केवल कंपनी को बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी लाभ हुआ है। इसी के अगले क्रम में हम सोलर और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी से जुड़े उत्पादों में भविष्य देख रहे हैं। श्री दिनेश पाटीदार ने सभी उपस्थित लोगों को उनके स्वास्थ्य, प्रसन्नता और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## फंड जुटाने की तैयारी में वोडाफोन-आइडिया , 30 मई को बैठक, 7 से भी कम शेयर की कीमत

नई दिल्ली, एजेंसी। कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया का निदेशक मंडल 30 मई की बैठक में फंड जुटाने के विकल्पों पर विचार करेगा। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वोडाफोन आइडिया ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि इस बैठक में निदेशक मंडल कंपनी के वित्तीय नतीजों की मंजूरी पर भी विचार करेगा। घाटे में चल रही इस कंपनी ने सरकार से वित्तीय सहायता मिलने के बावजूद नकदी की कमी के कारण चालू वित्त वर्ष के बाद अपने अस्तित्व को लेकर आशंका जताई है। वोडाफोन-आइडिया ने कहा कि इस बैठक में राइट्स इश्यू, पब्लिक इश्यू या प्राइवेट अलॉटमेंट के जरिये एक या एक से अधिक चरणों में कोष जुटाने के प्रस्तावों पर विचार और उनका मूल्यांकन किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में ऋण बॉन्ड सहित किसी अन्य स्वीकार्य तरीके से कोष जुटाने के प्रस्ताव का भी मूल्यांकन किया जाएगा। बैठक में फंड जुटाने के प्रस्ताव पर शेयरधारकों की मंजूरी लेने के लिए असाधारण आम बैठक आयोजित करने पर भी फैसला होगा। वोडाफोन-आइडिया के शेयर की बात करें तो यह 7 रुपये के नीचे है। पिछली क्लोजिंग 6.94 रुपये के मुकाबले शेयर 6.96 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान शेयर 7 रुपये के पार भी गया था। 9 मई 2025 को यह शेयर 6.46 रुपये पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। हाल ही में आर्थिक संकट से जूझ रही वोडाफोन आइडिया ने दूरसंचार विभाग से कहा है कि समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया पर सरकार से समय पर समर्थन न मिलने की स्थिति में वह वित्त वर्ष 2025-26 से आगे परिचालन नहीं कर पाएगी। वोडाफोन आइडिया में सबसे अधिक 49 प्रतिशत हिस्सेदारी सरकार के पास है। स्पेक्ट्रम शुल्क और एजीआर बकाया को इक्विटी हिस्सेदारी में बदले जाने से सरकार इस कंपनी में सबसे बड़ी शेयरधारक बन चुकी है।

# सरकारी कंपनी बन जाएगी आईटीसी?

## सबसे बड़ा शेयरहोल्डर बेच रहा हिस्सेदारी, सस्ते में मिल रहा शेयर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज एफएमसीजी कंपनी आईटीसी के शेयरहोल्डर्स के लिए जरूरी खबर है। आईटीसी की सबसे बड़ी शेयरहोल्डर ब्रिटिश अमेरिकन टोबैको कंपनी में अपनी कुछ हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में है। बीएटी दुनिया भर में सिगरेट और तम्बाकू के प्रोडक्ट बनाती है। वहीं आईटीसी सिगरेट के साथ-साथ खाने-पीने का सामान भी बनाती है। बीएटी अब आईटीसी में लगभग 2.3 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 11,600 करोड़ रुपये (.1.4 बिलियन) से ज्यादा जुटाना चाहती है। पिछले साल मार्च में भी बीएटी ने आईटीसी में अपनी 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर लगभग 17,500 करोड़ रुपये (2.1 बिलियन) कमाए थे। यह भारत में अब तक की सबसे बड़ी ब्लॉक डील में से एक थी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इस बार हिस्सेदारी बेचने के बाद आईटीसी में बीएटी की हिस्सेदारी 25.4 प्रतिशत से घटकर 23.1 प्रतिशत रह जाएगी। बीएटी का कहना है कि इस हिस्सेदारी की बिक्री से उसे ज्यादा पैसे मिलेंगे। इन पैसों का इस्तेमाल कंपनी अपने कारोबार को बदलने, कर्ज कम करने और शेयरहोल्डर्स को अच्छा रिटर्न देने के लिए करेगी। बीएटी के चीफ एग्जीक्यूटिव टेडेउ मारोको ने एक बयान में कहा कि हम आईटीसी को अपने ग्लोबल कारोबार का एक अहम हिस्सा मानते हैं। हम भारत में बिजनेस के मौकों पर आईटीसी के साथ मिलकर काम करेंगे। इसका मतलब है कि बीएटी अभी भी आईटीसी को एक महत्वपूर्ण कंपनी मानती है और भारत में उसके साथ मिलकर काम करना चाहती है।

कितने में मिल रहा है शेयर

बीएटी की सहायक कंपनी टोबैको मैन्युफैक्चरर्स (इंडिया) आईटीसी के 290 मिलियन शेयर बेच रही है। यह आईटीसी की कुल शेयरहोल्डिंग का लगभग 2.3 प्रतिशत है। यह बिक्री भारतीय शेयर बाजारों में होगी। इस डील को गोल्डमैन सैश और सिटीग्रुप मैनेज कर रही हैं। यह पूरी तरह से सेकेंडरी सेल है। इसका मतलब है कि कंपनी नए शेयर जारी नहीं कर रही है, बल्कि अपने पुराने शेयर बेच रही है।

शेयरों की कीमत 400 रुपये प्रति शेयर तय की गई है। यह आईटीसी के 27 मई के बंद भाव 433.9 रुपये से 7.8 प्रतिशत कम है। इस डील का साइज लगभग 11,613 करोड़ रुपये (लगभग .1.4 बिलियन) है। जो निवेशक ये शेयर खरीदेंगे उन्हें हाल ही में घोषित 7.9 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड नहीं मिलेगा क्योंकि स्टॉक 28 मई को एक्स-डिविडेंड हो जाएगा और ञ्ज+1 सेटलमेंट साइकिल पर काम करता है। ञ्ज+1 का मतलब है कि शेयर खरीदने के एक दिन बाद ही आपके डीमैट अकाउंट में आ जाएंगे।

सरकार की हिस्सेदारी

पहले बीएटी ने कहा था कि आईटीसी में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी रखना उसके लिए जरूरी है क्योंकि इससे उसे बोर्ड में वीटो का अधिकार मिलता है और वह कंपनी के फैसलों को प्रभावित कर सकती है। वीटो का अधिकार होने से बीएटी किसी भी फैसले को रोक सकती है। मंगलवार को बीएटी ने कहा कि इस बिक्री से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल 2026 के अंत तक अपने कर्ज को कम करने और शेयर बायबैक प्रोग्राम को जारी रखने के लिए किया जाएगा।

कंपनी ने 2025 में शेयर बायबैक के लिए 200 मिलियन पाउंड बढ़ाने का फैसला किया है, जिससे कुल बायबैक 1.1 बिलियन पाउंड हो जाएगा। इस साल की शुरुआत में आईटीसी के होटल कारोबार को अलग कर दिया गया था और एक नई कंपनी बनाई गई थी। इस कंपनी के शेयर आईटीसी के शेयरहोल्डर्स को दिए गए थे। बीएटी ने पहले ही होटल कारोबार से बाहर निकलने का इरादा जाहिर कर दिया है।

## गिग वर्कर्स को मिलेगी पेंशन, लेकिन कंपनियों का पैसा कहां से कटेगा?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जल्द ही गिग वर्कर्स की पेंशन के लिए कंपनियों के अंशदान का नियम तय होगा। कंपनियां मान तो रही हैं कि वे हर महीने पेंशन में पैसा देंगी, लेकिन अभी ये सवाल बना हुआ है कि ये पैसा कंपनी के मुनाफे से लिया जाएगा या फिर उसके कुल कारोबार (टर्नओवर) से। दरअसल, सामाजिक सुरक्षा कानून 2020 के मुताबिक, कंपनियों को अपने सीएसआर फंड में 1.5 प्रतिशत से 2 प्रतिशत तक योगदान देना होता है। अब इसी पैसे को गिग वर्कर्स की पेंशन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

सरकारी सूत्रों की मानें तो मंत्रालय मुनाफे के आधार पर अंशदान लेने के पक्ष में नहीं है। उन्हें डर है कि अगर कंपनियों की ऑडिट रिपोर्ट या बैलेंस शीट देखकर पैसा तय किया गया, तो ये व्यवस्था ठीक से काम नहीं करेगी। इसलिए ज्यादा चांस है कि अंशदान कंपनी के टर्नओवर के हिसाब से तय होगा। जैसे ही ये नियम फाइनल होगा, प्रस्ताव कैबिनेट के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। उसके बाद ही पेंशन योजना शुरू हो पाएगी।

**गिग वर्कर्स की हालत पर चौंकाने वाले आंकड़े :** नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है कि 2020-21 में भारत में लगभग 77 लाख गिग वर्कर्स थे। 2030 तक ये संख्या बढ़कर 2.35 करोड़ (यानी ढाई करोड़) होने का अनुमान है। इनमें से 85 प्रतिशत वर्कर्स की उम्र 30 से 50 साल के बीच है।

पहले के मुकाबले अब गिग वर्कर्स की महीने की कमाई घटी है। लोन, वाहन की मरम्मत और पेट्रोल-डीजल के खर्चे काटने के बाद उनकी औसत आय 15,000 से 20,000 रुपये रह गई है।

## भारत में बिजनस करने आ रहा दुनिया का सबसे ताकतवर इंसान, अंबानी से मिलाया हाथ

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी ब्लैकरॉक भारत में म्युचुअल फंड बिजनस में उतरने की तैयारी में है। जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को भारत में म्यूचुअल फंड बिजनस के लिए मार्केट रेगुलेटर सेबी की मंजूरी मिल गई है। यह कंपनी जियो फाइनेंस सर्विसेस लिमिटेड और ब्लैकरॉक कंपनी का सयुंक्त उद्यम है। उम्मीद की जा रही है कि अब जल्द ही कंपनी भारतीय म्यूचुअल फंड बाजार में कदम रखेगी। सिड स्वामीनाथन को जियोब्लैकरॉक ने कंपनी का एमडी और सीईओ बनाया गया है।

जेएफएसएल की गैर-कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने कहा कि ब्लैकरॉक के पास वैश्विक निवेश विशेषज्ञता है तो जियो के पास डिजिटल-फर्स्ट इनोवेशन। ब्लैकरॉक के साथ हमारी यह साझेदारी एक सशक्त साझेदारी है। साथ मिलकर हम हर भारतीय के लिए निवेश को सरल, सुलभ और समावेशी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें विश्वास है कि जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट भारत में वित्तीय सशक्तीकरण के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ब्लैकरॉक में इंटरनेशनल हेड रेचल लॉर्ड ने कहा कि आज भारत में एसेट मैनेजमेंट एक खास मुकाम पर खड़ा है। जियोब्लैकरॉक सीधे निवेशकों को कम लागत पर संस्थागत गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने, भारत में अधिक लोगों को पूंजी बाजारों तक पहुंच बनाने में मदद करेगा। अपने साझेदार छ्नस्रस्रु के साथ हम भारत को बचतकर्ताओं के देश की छवि से निकाल कर निवेशकों का देश बनाने में योगदान देने को तैयार हैं। ब्लैकरॉक में इंटरनेशनल इंडेक्स इक्विटी के पूर्व प्रमुख रहे सिड स्वामीनाथन को जियोब्लैकरॉक की जिम्मेदारी मिली है। वह 1.25 ट्रिलियन डॉलर के एसेट मैनेज कर चुके हैं।

## मिआ बाए तनिष्क की आकर्षक ऑफर्स के साथ जॉय ऑफ़ गिफ्टिंग के इस सीज़न में हर पड़ाव को स्टाइल में मनाएं

### शादी हो या ग्रेजुएशन - हर पल को चमकदार बनाएं




**मुंबई एजेंसी।** भारत का एक अग्रणी फाइन ज्वेलरी ब्रांड मिआ बाए तनिष्क ने वेडिंग सीज़न और ग्रेजुएशन सेलिब्रेशन के लिए शुरू किया है जॉय ऑफ गिफ्टिंग फेस्टिवल। यह ऑफर सीमित समय तक ही रहेगा। इसमें मिआ बाए तनिष्क में ग्राहकों को हीरे के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 20त्न की आकर्षक छूट मिल रही है। अपनी इस शानदार ऑफर के साथ मिआ ने इस दौर को जीवन की प्रमुख उपलब्धियों के लिए कीमती उपहार देना और भी आसान बना दिया है।

शादियों के सीज़न के लिए मिआ ने पेश किया है, बहुत ही सोच-समझकर, कुशलतापूर्वक बनाए गए आभूषणों का कलेक्शन, जो उपहार देने को आसान बनाता है। दुल्हन को उसकी ज़िन्दगी के सबसे बड़े दिन पर आशीर्वाद देना हो, ब्राइड्समेड्स के लिए शानदार आभूषण चुनना हो, या जोड़े के परिवार और दोस्तों को उपहार देना हो, मिआ में आपको मिलेगा जॉय ऑफ़ गिफ्टिंग। मिआ के डिज़ाइन आधुनिक होने के बावजूद, बदलते समय के साथ अपनी सुंदरता और प्रासंगिकता बनाए रखते हैं, हर तरह के जश्न की शान बढ़ाते हैं। मिआ बाए तनिष्क के आभूषण आपके खास पल जितने ही यादगार होते हैं।

शादियों के अलावा, जॉय ऑफ गिफ्टिंग फेस्टिवल छात्रों के लिए भी एकदम सही समय पर आया है। अपने महत्त्वपूर्ण शैक्षणिक पड़ाव को हासिल करने का जश्न एक बेहतरीन आभूषण के साथ मनाएं, जो न केवल आपकी सफलता का प्रतीक बनेगा, बल्कि भविष्य का वादा भी करेगा। किसी प्रियजन के लिए हो या अपने आप को पुरस्कृत करने के लिए, मिआ के कलेक्शन ग्रेजुएशन के क्षणों को चमकाने के लिए एकदम सही है।

# सत्व सुकून लाइफकेयर लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 के मजबूत परिणाम घोषित किए

## कंपनी के 48 करोड़ के राइट्स इश्यू ने इन परिणामों का समर्थन किया

**मुंबई एजेंसी।** होम डेकोर और विभिन्न सुगंध उत्पादों के विनिर्माण से जुड़ी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड ने 1.00 प्रति राइट्स इक्विटी शेयर के नकद मूल्य पर 48 करोड़ इक्विटी शेयरों के राइट्स इश्यू की घोषणा की है, जिससे कुल 48 करोड़ की राशि प्राप्त होगी। इस




रणनीतिक कदम का उद्देश्य कंपनी के पूंजी आधार को मजबूत करना और इसके विस्तार के अगले चरण को समर्थन देना है। यह राइट्स इश्यू पात्र इक्विटी शेयरधारकों को 9 मई, 2025 की रिकॉर्ड तिथि तक धारित प्रत्येक 2 फुल्ली पैड इक्विटी शेयरों के लिए 5 राइट्स इक्विटी शेयरों के रेशियों दिए जा रहे हैं। यह इश्यू 30 दिनों की अवधि के लिए खुला रहेगा, जो 28 मई, 2025 को शुरू होगा और 26 जून, 2026 को बंद होगा। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि इस इश्यू की समापन तिथि को बढ़ाया नहीं जा सकता है। सेबी के नियमों के अनुसार, सभी अधिकार और आवंटन प्रक्रिया केवल डीमैट रूप में ही की जाएगी। नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार आंशिक, आंशिक अधिकारों को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। हालांकि, पात्र शेयरधारक जिनके आंशिक अधिकारों की उपेक्षा की गई है, उन्हें उपलब्धता के अधीन, अपने अधिकारों से अधिक शेयरों के लिए आवेदन करने पर एक अतिरिक्त शेयर के आवंटन के लिए प्रेफरेंशियल विचार किया जा सकता है। सत्व सुकून लाइफकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मीत टी. ब्रह्मभट्ट ने कहा कि यह राइट्स इश्यू हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आय से हम परिचालन को बढ़ा सकेंगे, उत्पाद नवाचार को बढ़ा सकेंगे और बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर सकेंगे। पिछले एक साल में हमारा मजबूत वित्तीय प्रदर्शन मूल्य सृजन और दीर्घकालिक व्यावसायिक स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डीमैट खातों में जमा राइट्स अधिकारों को स्टॉक एक्सचेंज मैकेनिज्म या ऑफ-मार्केट ट्रांसफर के माध्यम से आंशिक या पूर्ण रूप से समर्पित किया जा सकता है। बाजार आधारित निकासी की अंतिम तिथि शुक्रवार, 20 जून 2025 है। यह ध्यान देने योग्य है कि यह पूंजी निवेश ऐसे समय में किया गया है जब कंपनी मजबूत वित्तीय प्रदर्शन कर रही है। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 74.8त्न बढ़कर 84.22 लाख हुआ था, जबकि परिचालन से आय 6त्न बढ़कर 105.16 लाख हुई थी।

## टाटा एआईए ने वित्त वर्ष 25 के लिए 1,842 करोड़ का बोनस घोषित किया; यह उनका अब तक का सबसे अधिक बोनस है

**मुंबई एजेंसी।** भारत की सबसे भरोसेमंद जीवन बीमा कंपनियों में से एक टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए अपनी सहभागी योजनाओं में 1,842 करोड़ के रिकॉर्ड बोनस भुगतान की घोषणा की है। 8.15 लाख से अधिक पॉलिसियों को इसका लाभ मिलेगा। इस वर्ष का भुगतान पिछले वर्ष के 1,465 करोड़ के बोनस से 26त्न अधिक है, यह कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक बोनस है। अन्य सहभागी योजनाओं के अलावा, डायमंड सेविंग्स प्लान, स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान, वैल्यू इनकम प्लान और शुभ फ्लेक्सी इनकम प्लान जैसी प्रमुख सहभागी योजनाओं के लिए बोनस घोषित किया गया है। सहभागी बीमा योजनाओं को पार योजनाएं भी कहा जाता है, यह वो जीवन बीमा पॉलिसियां हैं जो बोनस या लाभांश के रूप में पॉलिसीधारकों के साथ लाभ साझा करती हैं। ये बोनस गारंटीड नहीं होते हैं, लेकिन आम तौर पर इन्हें सालाना घोषित किया जाता है, जो बीमाकर्ता के सहभागी (या लाभ के साथ) फंड के प्रदर्शन पर निर्भर करता है।पॉलिसीधारकों के लिए इसका क्या मतलब है यह घोषणा टाटा एआईए की अपने उपभोक्ताओं के साथ साझेदारी करने और उन्हें उनके सपने पूरे करने में सक्षम बनाने की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

# इंग्लैंड का टेस्ट दौरा भारतीय क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है : पुजारा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी शीर्ष क्रम बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना ??है कि इंग्लैंड का आगामी 5 मैचों का टेस्ट दौरा भारतीय क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। उन्होंने 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए चुने गए युवा खिलाड़ियों के समूह का हवाला दिया। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद टेस्ट खेलने के नए युग में कदम रखने के लिए भारत के पास क्रमशः शुभमन गिल और ऋषभ पंत के रूप में एक नया कप्तान और उप-कप्तान है। ऐतिहासिक रूप से, भारत ने इंग्लैंड में 19 में से केवल तीन श्रृंखलाएं जीती हैं जिसमें आखिरी बार 2007 में राहुल द्रविड़ ने टीम की कप्तानी की थी।

उन्होंने कहा, भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज हमेशा से ही टीम के धैर्य और अनुकूलनशीलता का सही माप रही है। पिछले 100 वर्षों में भारत ने इंग्लैंड की धरती पर खेली गई 19 सीरीज में से केवल 3 में ही जीत हासिल की है, जो इस बात पर प्रकाश डालता है कि यह प्रतियोगिता हमारे लिए कितनी चुनौतीपूर्ण रही है। एक युवा और गतिशील टीम के साथ, यह दौरा भारतीय क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ का प्रतिनिधित्व करता है। मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि यह समूह किस तरह से इस अवसर पर आगे बढ़ता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए नए मानक स्थापित करता है।

एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और द ओवल भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के शेष खेलों के लिए अन्य स्थल हैं। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला भारत के लिए एक नए आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत भी करती है। भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर इरफान पठान ने गिल की अगुवाई वाली टीम का समर्थन किया है कि वह इंग्लैंड दौरे पर मिलने वाली कड़ी चुनौतियों का सामना करेगी। पठान को प्रसारकों के कवरेज के लिए पैनलिस्ट के रूप में देखा जाएगा, जिनकी टेस्ट श्रृंखला के लिए अभियान की टैगलाइन %ग्राउंड तुम्हारा, जीत हमारी है।

पठान ने कहा, नई पीढ़ी के आगे आने के साथ, टीम इंडिया न केवल विरासत को आगे बढ़ा रही है, वे हमारे क्रिकेट इतिहास में एक नया अध्याय लिख रहे हैं। ग्राउंड तुम्हारा, जीत हमारी, इस टीम के निडर रवैये और लचीलेपन को पूरी तरह से दर्शाता है। मुझे विश्वास है कि इस टीम में सबसे कठिन चुनौतियों का सामना करने और देश भर में प्रशंसकों की एक नई लहर को प्रेरित करने की प्रतिभा और दृढ़ संकल्प है।

## जितेश की पारी आईपीएल के वर्तमान सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी है : टॉम मूडी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी टॉम मूडी ने कहा कि मंगलवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ जितेश शर्मा की असाधारण पारी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी है। कार्यवाहक कप्तान जितेश ने 33 गेंदों पर नाबाद 85 रन की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल के पहले क्वालीफायर में पहुंचा दिया। जब विराट कोहली का विकेट गिरने के बाद जितेश क्रीज पर आए, तब आरसीबी को 228 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 52 गेंदों पर 105 रन की जरूरत थी। जितेश ने इससे पहले वर्तमान सत्र में कोई अर्धशतक नहीं लगाया था लेकिन उन्होंने महत्वपूर्ण मौके पर आकर्षक पारी खेली। मूडी ने कहा, 'मेरे लिए यह पारी आईपीएल के वर्तमान सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी है। हमने युवा और अनुभवी खिलाड़ियों की कुछ बेहतरीन पारियां देखी हैं, लेकिन यह पारी वाकई उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा, 'परिस्थितियां पूरी तरह से प्रतिकूल थी लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया और मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने पूरी चतुराई से बल्लेबाजी की। वह जिस तरह से खेल रहे थे उसे देखकर लग रहा था कि वह इससे पहले भी कई बार ऐसा कर चुके हैं।

## पंत की क्षमता और योग्यता पर कभी संदेह नहीं था: जहीर खान



**लखनऊ (एजेंसी)।** ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में भले ही अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटोर (मार्गदर्शक) जहीर खान ने कहा है कि इस विकेटकीपर बल्लेबाज की क्षमता और योग्यता पर कभी संदेह नहीं रहा। मेगा नीलामी में 27 करोड़ रुपए की भारी भरकम कीमत पर खरीदे गए पंत ने 13 पारियों में सिर्फ 269 रन बनाए। उन्होंने टीम के सत्र के आखिरी मैच में 61 गेंदों पर 118 रन बनाए लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार का सामना करना पड़ा। जहीर ने मैच के बाद कहा, 'उन्होंने कप्तान के रूप में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। यह पूरे सत्र में हमारे लिए सकारात्मक पहलू रहा। बल्ले से उनका प्रदर्शन निश्चित रूप से उनके लिए सीखने वाला अनुभव रहा, क्योंकि इस तरह का सत्र उनके लिए काफी महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा, 'लेकिन उनकी योग्यता और क्षमता पर किसी को कोई संदेह नहीं था। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि इस आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज को शानदार प्रदर्शन करते हुए सत्र का अंत करते देखना अच्छा लगा। जहीर ने कहा, 'हमें खुशी है कि उन्होंने बहुत अच्छे प्रदर्शन के साथ सत्र का समापन किया। उनकी क्षमता ऐसी है और वे खेल पर बहुत प्रभाव डाल सकते हैं।

## भारत ने अर्जेंटीना को पेनल्टी शूटआउट में हराया

**रोसारियो (अर्जेंटीना) (एजेंसी)।** गोलकीपर और कप्तान निधि ने लगातार चार गोल बचाए जिससे भारत ने चार देशों के जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान अर्जेंटीना को मैच 1-1 से बराबर छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से हराया। कनिका (44वें मिनट) ने निर्धारित समय में भारत के लिए एकमात्र गोल किया, जबकि लालरिनपुई और लालथंतलुआंगी ने शूटआउट में गोल करके टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में भारत को जीत दिलाई। अर्जेंटीना ने अच्छी शुरुआत की। मिलग्रोस डेल वैले (10वें मिनट) ने घरेलू टीम को पहले क्वार्टर में बढ़त दिलाई जबकि भारत ने तीसरे क्वार्टर में कनिका के गोल से स्कोर बराबर किया। भारत का अगला मुकाबला शुक्रवार को चिली से होगा।



# भारत के खिलाफ श्रृंखला में होगी क्रॉली और पोप की असली परीक्षा : ज्योफ्री बॉयकॉट



**लंदन (एजेंसी)।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज ज्योफ्री बॉयकॉट इस बात से सहमत नहीं हैं कि जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक बनाने के बावजूद इंग्लैंड के जैक क्रॉली और ओली पोप अपनी 'तकनीकी और मानसिक समस्याओं' से उबर चुके हैं और उनका मानना है कि उन्हें असली चुनौती अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में मिलेगी।

क्रॉली के लिए पिछले कुछ महीने काफी कठिन रहे हैं। न्यूजीलैंड में वे संघर्ष करते रहे, जहां उनका औसत 9 से कम रहा और वे सभी छह पारियों में मैट हेनरी के हाथों आउट हुए। पोप के लिए भी 2024 उतार-चढ़ाव भरा रहा। हैदराबाद में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में 196 रन की शानदार पारी खेलने के बाद उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा।

बॉयकॉट ने डेली टेलीग्राफ में अपने कॉलम में लिखा, 'हम अभी इस नतीजे पर नहीं पहुंच सकते हैं कि क्रॉली और पोप ने अपनी तकनीकी और मानसिक समस्याओं को सुलझा लिया है, जो उनके करियर को प्रभावित कर रही थीं, क्योंकि जिम्बाब्वे की गेंदबाजी बहुत औसत दर्जे की थी। इंग्लैंड के शीर्ष तीन बल्लेबाजों क्रॉली, बेन डकेट और पोप ने शतक लगाए, जिससे मेजबान टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपनी पारी छह विकेट पर 565 रन बनाकर समाप्त घोषित की। इंग्लैंड ने यह एकमात्र टेस्ट मैच पारी और 45 रन से जीता था।

बॉयकॉट ने कहा, 'वे मध्यम गति के गेंदबाज थे, जो क्रॉली और पोप की बल्लेबाजी में किसी भी तरह की खामी को उजागर करने के लिए पर्याप्त अच्छे नहीं थे। हमें भारत के खिलाफ श्रृंखला तक इंतजार करना होगा, ताकि यह देखा जा सके कि बेहतर गेंदबाजों के खिलाफ वास्तव में कोई सुधार हुआ है या नहीं। यह उनके लिए असली परीक्षा होगी और इससे हम बेहतर आकलन कर सकते हैं कि वह अभी किस स्थिति में हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। इंग्लैंड को इसके बाद एशेज श्रृंखला खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है जिसका पहला मैच 21 नवंबर को शुरू होगा।

## सिंधु और प्रणय ने सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

**सिंगापुर (एजेंसी)।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय ने सिंगापुर ओपन में मंगलवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। आज यहां खेले गये महिला एकल वर्ग के मुकाबले में सिंधू ने कनाडा की वेन यु झांग को सीधे सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। सिंधू ने 31 मिनट तक चले मुकाबले में झांग को 21-14, 21-9 से हराया। इसी के साथ भारतीय शटलर का पहले राउंड में हार का सिलसिला समाप्त हो गया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अगले दौर में मुकाबला टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की यू फेई से होगा। पुरुष एकल में भारत के एचएस प्रणय ने डेनमाक के रासमस गेम्के के खिलाफ वापसी करते हुए एक घंटे 12 मिनट में 21-19, 16-21, 14-21 से मुकाबला जीत लिया। एक घंटा 12 मिनट तक चले मुकाबले में पहला गेम हारने के बाद प्रणॉय ने शानदार वापसी करते हुए दोनों गेम में जीत हासिल करते हुए प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया। इस बीच हार के साथ मालविका बंसोड़ और अनमोल खरब का अभियान समाप्त हो गया। मालविका संघर्षपूर्ण मुकाबले में थाईलैंड की सुपनिदा कटेथोंग से 21-14, 18-21, 11-21 से हारी। जबकि अनमोल को चीन की चेन यूफेई से दूसरे गेम में करीबी हार मिली। अनमोल को 21-11, 24-22 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल मुकाबले में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी चीन के चेंग जिंग/झांग ची की जोड़ी से 18-21,13-21 से हार गई।



# जोकोविच ने मैकडोनाल्ड के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज की

**पेरिस, एजेंसी।** नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को अपने 2025 रौलां गैरो अभियान की शुरुआत अपने ट्रेडमार्क अंदाज में की, उन्होंने कोर्ट फिलिप-चैटियर पर पहले दौर में आत्मविश्वास और संयम के साथ प्रदर्शन करते हुए अमेरिकी मैकेंजी मैकडोनाल्ड को 6-3, 6-3, 6-3 से हराया। यह जीत जोकोविच द्वारा जिनेवा ओपन में अपना 100वां टूर-लेवल खिताब जीतने के ठीक तीन दिन बाद मिली। मैकडोनाल्ड के खिलाफ अपना पहला एटीपी हेड2हेड मैच खेलते हुए, जोकोविच एक घंटे, 58 मिनट के मुकाबले में पूरे नियंत्रण में थे।



मैच की शुरुआत में हवा की स्थिति ने कुछ अप्रत्याशितता पैदा की, लेकिन बारिश के कारण दूसरे सेट के बीच में छत बंद हो गई। तब तक, सर्बियाई खिलाड़ी ने पहले ही गति पकड़ ली थी, उन्होंने शुरुआती सेट में 2-2 से सात में से छह गेम जीत लिए थे। जोकोविच ने कोर्ट पर दिए अपने इंटरव्यू में फ्रेंच में कहा, ÷मैं इस बेहद खास और खूबसूरत कोर्ट पर हर पल का लुत्फ उठाने की कोशिश करता हूं।मैं यहां अच्छा महसूस कर रहा हूँ, जाहिर है, और भी ज्यादा क्योंकि मैं पिछले साल के ओलंपिक की यादों को फिर से जी रहा हूं, पिछली बार जब मैंने इस कोर्ट पर खेला था। वे खूबसूरत भावनाएं हैं। मैकडोनाल्ड ने प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए संघर्ष किया और दूसरे सेट में अंतर को कम करने के लिए सर्विस का एक ब्रेक हासिल किया, लेकिन जोकोविच ने तुरंत वापसी की और इसे बंद कर दिया। एटीपी स्टैट्स के अनुसार, 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने नौ में से पांच ब्रेकपॉइंट को कन्वर्ट किया और मैकडोनाल्ड के आक्रमण को रोकने के लिए बेसलाइन से लगातार शॉट्स में गहराई बनाए रखी।

## रेसलिंग की जगह ये काम करना चाहते थे जॉन सीना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई को जॉन सीना जैसा गोट (ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम) शायद कभी नहीं मिलता। एक समय ऐसा था जब जॉन सीना रेसलिंग में आने ही नहीं वाले थे। डब्ल्यूडब्ल्यूई में कई बड़े सितारे हुए हैं जिन्होंने अलग-अलग दौर में अपना नाम बनाया है। जॉन सीना भी उनमें से एक हैं। अनसीन 17 प्रोफेशनल रेसलिंग में बहुत बड़ा नाम है और डब्ल्यूडब्ल्यूई का चेहरा भी रहे हैं। लेकिन, अगर जॉन सीना ने कोई और रास्ता चुना होता तो कंपनी को ऐसा तह्नञ्ज कभी नहीं मिल पाता। दरअसल, जॉन सीना एक समय मरीन कॉर्प्स में भर्ती होना चाहते थे। उसी समय उन्हें कुश्ती का भी ऑफर मिला।

**जॉन सीना ने कैसे चुनी रेसलिंग** – जॉन सीना ने स्टेफनी मैकमैहन के नए शो स्टेफनी प्लेसेस पर अपने संघर्ष के दिनों की एक कहानी बताई। उन्होंने बताया कि शारीरिक गतिविधियों में रुचि होने के बाद वे मरीन कॉर्प्स में जाना चाहते थे। उन्हें लगता था कि यह उनके लिए सही रहेगा। जॉन सीना ने मरीन में भर्ती होने का फैसला कर लिया था। लेकिन, उसी हफ्ते उनके एक दोस्त ने उन्हें ऑरेंज काउंटी में एक ट्रेनिंग सेशन के लिए बुलाया। द फेस दैट रन्स द प्लेस ने वहां जाने का फैसला किया। रिंग देखकर उन्हें रेसलिंग से प्यार हो गया। फिर उन्होंने हफ्ते में एक नौकरी करने और वीकेंड पर रेसलिंग करने का फैसला किया। अगर जॉन सीना उस वीकेंड मरीन में भर्ती होने चले जाते, तो डब्ल्यूडब्ल्यूई को उनका एक बड़ा नाम कभी नहीं मिलता। रेसलिंग की दुनिया भी बहुत अलग होती। लेकिन, सीना ने उस ट्रेनिंग सेशन में जाने का फैसला किया और डब्ल्यूडब्ल्यूई में शामिल हो गए। 25 साल बाद, उन्हें गोट के रूप में जाना जाता है। वे 17 बार डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन रह चुके हैं।



**डब्ल्यूडब्ल्यूई में सीना का योगदान काफी अहम** – जॉन सीना की कहानी प्रेरणादायक है। यह हमें सिखाती है कि हमें अपने सपनों को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। हमें हमेशा अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। डब्ल्यूडब्ल्यूई में जॉन सीना का योगदान बहुत बड़ा है। उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूई को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाया है। वे डब्ल्यूडब्ल्यूई के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं।

# आईपीएल 2025: लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत पर लगा भारी जुर्माना, अन्य प्लेयर्स पर भी गिरी गाज

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत पर मंगलवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ आईपीएल 2025 मैच के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। यह पंत का तीसरा ओवर-रेट अपराध था, पहला और दूसरा अपराध क्रमशः 5 अप्रैल और 26 अप्रैल को हुआ था और उन पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया और प्लेइंग इलेवन के अन्य सदस्यों पर या तो 12 लाख रुपए या उनकी संबंधित मैच फीस का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, का जुर्माना लगाया गया।

आईपीएल के बयान में कहा गया है, चूंकि यह आईपीएल की न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सीजन का तीसरा अपराध था, इसलिए ऋषभ पंत पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसमें कहा गया, %इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग 11 के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 12 लाख रुपए या उनकी संबंधित मैच फीस का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया।



मंगलवार को पंत ने सनसनीखेज शतक के साथ आगे बढ़कर नेतृत्व किया, लेकिन सिर्फ 61 गेंदों पर उनकी नाबाद 118 रन की पारी बेकार चली गई क्योंकि रूस्न अपने अंतिम ढ्ढक्क2025 लीग गेम में ऋष्टक्कसे हार गई। बल्लेबाजी करने के लिए भेजे जाने पर पंत ने अपना दूसरा आईपीएल शतक जड़ते हुए फॉर्म में वापसी की, जबकि मिशेल मार्श ने 37 गेंदों में 67 रनों की पारी खेली और रूस्न को 227/3 पर पहुंचाया।

एलएजी के गेंदबाजों ने महत्वपूर्ण विकेट चटकाए और आरसीबी को 123/4 पर सीमित कर दिया। इसके बाद जितेश शर्मा और मयंक अग्रवाल ने मैच-विजेता 107 रनों की साझेदारी करके 18.4 ओवर में लक्ष्य हासिल करते हुए लखनऊ की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। एलएसजी ने 14 मैचों में छह जीत के साथ 12 अंकों के साथ आईपीएल 2025 अभियान का समापन किया। इस बीच आरसीबी ने लीग चरण से 19 अंकों के साथ क्वालीफायर 1 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

# आईपीएल प्लेऑफ: अय्यर की रणनीति और आरसीबी की प्रतिभा के बीच होगी जंग

**मुलांपुर (चंडीगढ़) (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर की प्रेरक नेतृत्व क्षमता की अब तक की सबसे कठिन परीक्षा होगी जब पंजाब किंग्स गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) के पहले क्वालीफायर में उत्साह से भरी एक अन्य टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की मेजबानी करेगा। शीर्ष दो में स्थान प्राप्त करने के बाद इन दोनों टीम से फाइनल में पहुंचने की उम्मीद की जा रही है क्योंकि पहले क्वालीफायर में हारने के बावजूद उन्हें खिताबी मुकाबले में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। इसका श्रेय अय्यर और रिकी पोंटिंग (मुख्य कोच) की जोड़ी को जाता है जिन्होंने टीम की संस्कृति को बदलकर उसे नया स्वरूप प्रदान किया। दूसरी ओर आरसीबी को नॉकआउट चरण में कई बार हार का सामना करना पड़ा तथा इस बार वह खिताब के सूखे को खत्म करने की उम्मीद कर रही है। उनके अपने शब्दों में खिताब के दोनों दावेदारों के लिए काम अभी आधा ही हुआ है।

अय्यर-पोंटिंग की जोड़ी पंजाब किंग्स में शानदार बदलाव लेकर आई है और टीम ने लीग चरण में शुरू से लेकर आखिर तक अच्छा प्रदर्शन किया है। यह संयोजन खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सफल रहा है, जिससे यह एक मजबूत टीम बन गई है। प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की सलामी जोड़ी ने अय्यर और जोश इंगलिस जैसे खिलाड़ियों के लिए मंच तैयार किया है। फिनिशर शशांक सिंह ने लगातार अपने खेल में सुधार किया है जबकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस ने बल्ले से अपनी क्षमता का पता लगाकर बल्लेबाजी को और अधिक मजबूत बना दिया है।



पंजाब के लिए चिंता का विषय गेंदबाजी विभाग है, विशेषकर दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन के जाने के बाद, जो राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने के लिए स्वदेश लौट गए हैं। यानसन ने पावरप्ले और डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण ओवर फेंके और टीम को निश्चित रूप से उनकी कमी खलेगी। काइल जैमीसन ने आपने पहले मैच में कुछ उम्मीद जगाई है, लेकिन उन्हें प्रभाव छोड़ने के लिए बेहतर गेंदबाजी करनी होगी।

ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई भी यानसन की जगह ले सकते हैं। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल उंगली की चोट के कारण पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे। उनके इस महत्वपूर्ण मैच में वापसी करने और हमेशा सटीक गेंदबाजी करने वाले हरप्रीत बरार के साथ मजबूत जोड़ी बनाने की उम्मीद है। अर्शदीप सिंह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए लंबे समय से बेहतरीन तेज गेंदबाज रहे हैं और उन्होंने खेल के सभी चरणों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

आरसीबी को भी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में कुछ खिलाड़ियों की चोट को लेकर चिंता थी लेकिन वह काफी हद तक दूर हो गई है। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है और टिम डेविड भी चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिससे टीम में अधिक संतुलन आएगा। ऋष्टक्क पिछले कई वर्षों से अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर निर्भर रही है, लेकिन जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ियों के मध्यक्रम में अपनी क्षमता दिखाने के बाद ऐसा लगता है कि यह बदल रहा है।

जितेश ने मंगलवार रात को अपने आईपीएल करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली और प्लेऑफ में जाने से पहले उनका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होगा। टीम के दृष्टिकोण से यह महत्वपूर्ण होगा कि फिल साल्ट पावरप्ले में अपनी सर्वश्रेष्ठ विस्फोटक बल्लेबाजी करें और विराट कोहली उसी तरह बल्लेबाजी करते रहें जैसे वे पूरे सत्र में करते आए हैं।

### संभावित प्लेइंग 11

**पंजाब किंग्स** – प्रियांश आर्य, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, मार्को जानसन, हरप्रीत बराड़, काइल जैमीसन, विजयकुमार विशक, अर्शदीप सिंह

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** – फिलिप साल्ट, विराट कोहली, मयंक अग्रवाल, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (कप्तान और विकेटकीपर), रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, यश दयाल, नुवान तुषारा, सुयश शर्मा

**समय** – शाम 7.30 बजे।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद फिर कैंपों में लौटने लगे आतंकी, पीओके में हुए ऐक्टिव, बीएसएफ अलर्ट

**जम्मू, एजेंसी।** सीमा सुरक्षा बल ने मंगलवार को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकी लॉन्चपैड्स और ट्रेनिंग कैंपों में आतंकियों की फिर से वापसी हो रही है। बीएसएफ के इंस्पेक्टर जनरल (आईजी) शशांक आनंद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा दोनों से आतंकियों की घुसपैठ की संभावनाओं के इनपुट मिल रहे हैं, जिनसे सतर्क रहना बेहद जरूरी है।

- **घुसपैठ की कोई तय तारीख नहीं, लेकिन तैयारी जोरों पर-** आईजी शशांक आनंद ने कहा, फिलहाल हमारे पास किसी खास दिन की जानकारी नहीं है जब आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन हमें लगातार सूचना मिल रही है कि आतंकी संगठन एक्टिव हैं। वे फिर से अपने कैंपों में लौटे हैं, ट्रेनिंग ले रहे हैं, और ऐसे रास्तों से घुसपैठ की कोशिश करेंगे जहां उन्हें सुरक्षा में ढील महसूस होगी। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू और कश्मीर दोनों क्षेत्रों में एलओसी और आईबी पर खुफिया एजेंसियों से लगातार इनपुट मिल रहे हैं, इसलिए हर इलाके में सुरक्षा बलों को अलर्ट मोड में रहना होगा।
- **100 से ज्यादा आतंकियों का सफाया, ऑपरेशन सिंदूर की सटीक स्ट्राइक-** भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीओके और पाकिस्तान में मौजूद 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया। इसके अलावा पाकिस्तानी ड्रोन हमलों की कोशिशों को भी नाकाम किया गया। 13 मई को ऑपरेशन केलर के तहत चार लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों को मार गिराया गया और उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।



- **ड्रोन हमले में तीन जवान शहीद, पोस्ट को मिलेगी वीरता की पहचान-** 10 मई की सुबह पाकिस्तान ने जम्मू के सांबा सेक्टर में बीएसएफ की पोस्ट्स पर ड्रोन के जरिए हमला किया। इस हमले में बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज, कांस्टेबल दीपक कुमार और भारतीय सेना के नायक सुनील कुमार शहीद हो गए। आईजी आनंद ने कहा, हम इन शहीदों की बहादुरी को सम्मान देने के लिए दो पोस्ट्स का नामकरण उनके नाम पर करने का प्रस्ताव रख रहे हैं, और एक पोस्ट का नाम 'सिंदूर' रखा जाएगा, जो ऑपरेशन सिंदूर की याद दिलाएगा।
- **पाकिस्तान की गोलीबारी का माकूल जवाब-** उन्होंने यह भी बताया कि 7 मई को जब ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ था, तब यह आशंका थी कि पाकिस्तान जवाब में फायरिंग करेगा। क्च्स्स्न ने इस आशंका को ध्यान में रखते हुए जम्मू के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र पर चौकसी बढ़ा दी थी। जब पाकिस्तान ने अकारण गोलीबारी की, तो क्च्स्स्न ने उसका करारा जवाब दिया।

उन्होंने बताया, हमारे निगरानी उपकरणों में यह सब रिकॉर्ड हुआ है। हमने पाकिस्तान में मौजूद तीन आतंकी लॉन्चपैड्स को भी निशाना बनाकर नष्ट किया है। यह संदेश स्पष्ट है - भारत किसी भी आतंकी घुसपैठ को बर्दाश्त नहीं करेगा। बीएसएफ के जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी) शशांक आनंद ने कहा कि खुफिया जानकारी से पुष्टि हुई है कि कई 'लॉन्च पैड' नष्ट हुए हैं तथा सटीक हमलों के दौरान आतंकवादियों और पाकिस्तानी रेंजर्स में से कई की मौत हो गई। आईजी ने कहा, ''चिकन नेक क्षेत्र के सामने लश्कर-ए-तैयबा के लॉन्च पैड को 9-10 मई की रात को एक विशेष हथियार प्रणाली का उपयोग करके नष्ट कर दिया गया।''

## 'आतंकी लॉन्च पैड' को भी नष्ट किया

बीएसएफ ने बताया कि उसने उन तीन 'आतंकी लॉन्च पैड' को भी नष्ट किया, जहां से आतंकवादियों के घुसपैठ की आशंका थी। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ की यह कार्रवाई पाकिस्तान द्वारा 60 भारतीय चौकियों और 49 अग्रिम रक्षा ठिकानों पर भारी गोलीबारी और बमबारी शुरू करने के बाद हुई, जिसका मकसद कथित तौर पर 40-50 आतंकवादियों को सीमा पार घुसपैठ कराना था। बीएसएफ के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) चित्रपाल सिंह ने यहां संवाददाताओं को बताया, ''पाकिस्तान ने हमारी 60 सीमा चौकियों और 49 अग्रिम रक्षा ठिकानों पर गोलीबारी की। जवाब में हमने उनकी 76 चौकियों और 42 अग्रिम रक्षा ठिकानों पर गोलीबारी की।'' सिंह ने बताया कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) द्वारा सुंदरबनी सेक्टर के पास संचालित एक प्रमुख 'आतंकी लॉन्च पैड' को नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ''अब उस क्षेत्र से कोई हलचल नहीं देखी गई है।''

## संक्षिप्त समाचार

### घरवालों से बात करने को तड़प रहा जेल में बंद तहव्वुर राणा

#### अदालत का खटखटाया दरवाजा

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा ने अपने परिवार से बात करने की इजाजत मांगी है। इसके लिए उसने मंगलवार को नई दिल्ली की एक अदालत में याचिका दायर की। राणा के वकील के माध्यम से दायर आवेदन पर बुधवार को विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह के समक्ष सुनवाई होने की संभावना है। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई व्यवसायी राणा फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकवादी हमले के मुख्य षड्यंत्रकारी डेविड कोलमैन हेडली उर्फ ??दाऊद गिलानी के करीबी सहयोगी राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पण कर भारत लाया गया है। सीनियर वकील दयान कृष्णन और विशेष लोक




अभियोजक नरेंद्र मान राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (ह्द्ब) की ओर से पेश हुए। कार्यवाही शुरू होने से पहले अदालत ने राणा से पूछा कि क्या उसके पास कोई वकील है। राणा ने बताया कि उसके पास कोई वकील नहीं है। इस पर अदालत ने बताया कि दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उसे वकील मुहैया कराया जा रहा है। इसके बाद वकील पीयूष सचदेवा को उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किया गया।

**हाफिज सईद, साजिद मीर को भी सौंपने की मांग-** दूसरी ओर, इजरायल में भारत के राजदूत जेपी सिंह ने कहा है कि जैसे अमेरिका ने 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से तहव्वुर हुसैन राणा को भारत को सौंपा था, उसी तरह पाकिस्तान को प्रमुख आतंकवादियों हाफिज सईद, साजिद मीर और जकीउर रहमान लखवी को भारत को सौंप देना चाहिए। सिंह ने आतंकवाद को वैश्विक खतरा बताते हुए इसके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने का भी आह्वान किया। इजराइली टीवी चैनल आई24 को सोमवार को दिए गए साक्षात्कार में सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत का ऑपरेशन सिंदूर रोका गया है, यह खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने इस संबंध में घटनाक्रम की पूरी जानकारी दी कि भारत को कार्रवाई क्यों करनी पड़ी और कहा कि यह अभियान पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी संगठनों के खिलाफ था।

### सांप्रदायिक तनाव भड़काने के आरोप में पुलिस ने विहिप नेता को गिरफ्तार किया

**मंगलुरु, एजेंसी।** मंगलुरु में इस महीने के शुरू में एक हिन्दूवादी नेता की हत्या के बाद भड़काऊ भाषण देने, सांप्रदायिक तनाव भड़काने और सार्वजनिक शांति भंग करने के आरोप में पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के वरिष्ठ नेता शरण पंपवेल को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गत एक मई को बाजपे थाना क्षेत्र में विहिप कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या के बाद उनके शव का पोस्टमार्टम ए.जे. अस्पताल के शवगृह में किया गया था। आरोप है कि अस्पताल परिसर के बाहर हिंदू संगठन के नेता शरण पंपवेल ने मीडिया से बातचीत में शेट्टी की हत्या में प्रतिबंधित संगठन पीएफआई और 'जिहादी इस्लामी आतंकवादियों' के शामिल होने का दावा करते हुए भड़काऊ बयान दिया था।

उन्होंने दो मई को जिले में बंद का आह्वान भी किया था। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि जब जनता ने बंद का समर्थन नहीं किया तो पंपवेल के बयान से भड़के उनके समर्थकों ने मंगलुरु के विभिन्न हिस्सों में तोड़फोड़ की और जबरन दुकानें एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद करवाने के लिए अशांति पैदा की जिससे सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा, सांप्रदायिक तनाव बढ़ा और सार्वजनिक शांति भंग हुई। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद मंगलुरु पूर्व पुलिस थाने में पुलिस ने स्वत : संज्ञान लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने बताया कि जांच के दौरान आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए तथा शरण पंपवेल को पूछताछ के लिए दो नोटिस दिए गए लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए और उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया।

# नड्डा टटोलेंगे संगठन की नब्ज! 31 मई को आएंगे जयपुर, कुछ यूं रहेगा कार्यक्रम



**जयपुर, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 31 मई को जयपुर के एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। हालांकि, यह दौरा महज़ एक महिला केंद्रित कार्यक्रम में शिरकत तक सीमित नहीं रहने वाला है। सूत्रों के अनुसार, नड्डा प्रदेश संगठन की स्थिति को भी परख सकते हैं और इसके लिए एक अहम अनौपचारिक बैठक आयोजित की जा सकती है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि नड्डा दोपहर बाद प्रदेश भाजपा कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सकते हैं। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया सहित अन्य प्रमुख चेहरे मौजूद रह सकते हैं। प्रदेश कार्यालय में तैयारियां तेज़ कर दी गई हैं, हालांकि अभी तक भाजपा की ओर से बैठक का कोई आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है।

माना जा रहा है कि यह बैठक संगठनात्मक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण हो सकती है। नड्डा आगामी महीनों में चलाए जाने वाले विभिन्न संगठनात्मक अभियानों की रूपरेखा पर चर्चा कर सकते हैं। इसके साथ ही प्रदेश भाजपा की नई कार्यकारिणी को लेकर प्रारंभिक चर्चा की भी संभावना जताई जा रही है। पार्टी के भीतर से फीडबैक लिया जाएगा कि कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच संवाद और समन्वय कैसा चल रहा है।

सूत्रों के अनुसार, नड्डा इस दौरान यह भी जानने की कोशिश करेंगे कि प्रदेश सरकार और संगठन के बीच तालमेल किस स्तर का है। हाल ही में हुई बैठकों और घटनाक्रमों के आधार पर स्थानीय स्तर पर उभरे गुटबाजी और मतभेदों की रिपोर्ट भी उनके समक्ष रखी जा सकती है। यह बैठक भले ही अनौपचारिक हो, लेकिन इसके दूरगामी राजनीतिक असर माने जा रहे हैं।

इसके अलावा, नड्डा निकट भविष्य में होने वाले निकाय चुनावों को लेकर भी नेताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दे सकते हैं। यह दौरा जहां एक ओर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के माध्यम से जनसंपर्क की रणनीति को बल देगा, वहीं दूसरी ओर संगठनात्मक कसौटी पर नेताओं की भूमिका और सक्रियता को भी परखेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, यह दौरा राजस्थान भाजपा के लिए आत्मविश्लेषण और सुधार की दिशा में एक निर्णायक मोड़ हो सकता है। आने वाले समय में यदि संगठन में कोई बड़ा बदलाव होता है तो उसकी झलक इस बैठक में देखी जा सकती है।

# संजय राउत के बयान पर महाराष्ट्र सरकार ने जताया कड़ा ऐतराज

## महाराष्ट्र के गृहराज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि ऐसा बयान पूरे देश का अपमान

**मुंबई, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर को फेल बताने पर महाराष्ट्र सरकार ने कड़ा ऐतराज जताया है। महाराष्ट्र के गृहराज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि ऐसा बयान पूरे देश का अपमान है। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में कदम ने कहा, %ऑपरेशन सिंदूर को फेल बताना गलत है। हमारे देश के जवानों ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया। आज तक पाकिस्तान में किसे ने ऐसी कार्रवाई नहीं की थी। पूरी दुनिया को पता है कि पाकिस्तान आतंकियों का हब है, उस पर हमला करने की हिम्मत भारत ने दिखाई। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाकर आप देश की बदनामी पूरी दुनिया में कर रहे हो। मुझे लगता है कि अगर आप सपोर्ट नहीं कर सकते तो कम से कम चुप बैठना चाहिए। ऐसी मानसिकता को सड़ा हुआ दिमाग ही कहेंगे। दरअसल, राज्यसभा सांसद संजय राउत ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर को फेल बताया था। शिवसेना यूबीटी नेता का यह बयान तब आया जब भारतीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल दुनिया भर में भेजा गया है। साथ ही, विपक्षी नेता पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक की भी मांग की है। राउत ने कहा, %ऑपरेशन सिंदूर विफल रहा। हालांकि, राष्ट्रहित में विपक्ष इस पर ज्यादा बात नहीं करना चाहता।

# ऑस्ट्रेलिया की मुस्लिम सांसद फातिमा का बड़ा आरोप, शराब पिलाने का दिया ऑफर, टेबल पर चढ़कर...

**केनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की मुस्लिम सांसद फातिमा पेमन ने संसदीय निगरानी संस्था से शिकायत की है कि उन्हें शराब पीने और नाचने के लिए कहा गया। एबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, फातिमा ने बुधवार को कथित तौर पर आरोप लगाया, मेरे एक पुरुष मित्र ने मुझे शराब पीने और मेज पर नाचने के लिए कहा।

सीनेटर फातिमा पेमन (30) ने आगे कहा कि वह शराब नहीं पीती हैं। उन्होंने दावा किया कि उनके वरिष्ठ सहयोगी ने एक आधिकारिक समारोह में बहुत अधिक शराब पीने के बाद कई अनुचित टिप्पणियां कीं। फातिमा पेमन ने दावा किया कि उनसे कहा गया, चलो तुम्हारे लिए कुछ शराब लाते हैं और तुम्हें मेज पर नाचते हुए देखते हैं। मैंने आस कोवर्ज से कहा, अरे माने एक लाइन बनाई है, दोस्त। और औपचारिक शिकायत दर्ज कराई।

आपको बता दें कि फातिमा पेमन का जन्म अफगानिस्तान में हुआ था और वह ऑस्ट्रेलिया की संसद के अंदर हिजाब पहनने वाली पहली सीनेटर हैं। स्वतंत्र सीनेटर पेमन ने 2024 में वामपंथी लेबर सरकार से नाता तोड़ लिया, उस पर गाजा में फिलिस्तीनियों की मदद करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

**पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले** - पूर्व राजनीतिक कर्मचारी ब्रिटनी हिगिंस ने 2021 में आरोप लगाया था कि संसदीय कार्यालय के अंदर उनके सहकर्मी ने उनके साथ बलात्कार किया, जिसके बाद पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हुए।

# विदेश सचिव मिस्री अमेरिका में, रणनीतिक तकनीकी सहयोग और व्यापार वार्ता पर की चर्चा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बुधवार (भारतीय समयानुसार) को अमेरिकी अवर सचिव जेफरी केसलर से मुलाकात की और इंडिया-यूएस स्ट्रैटेजिक ट्रेड डायलॉग (भारत-अमेरिका रणनीतिक व्यापार वार्ता) के शीघ्र आयोजन पर चर्चा की। इसके साथ ही महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों को लेकर गंभीर मंत्रणा की। यह मुलाकात रणनीतिक महत्व के क्षेत्रों में नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच उच्च स्तरीय सहयोग को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

वाशिंगटन में आयोजित बैठक में मौजूदा ढांचे को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच प्रमुख तकनीकी और व्यापार पहलों पर गति बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने एक्स को बताया, विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में भारत-अमेरिका सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए अवर सचिव जेफरी केसलर से मुलाकात की। उन्होंने तकनीकी और व्यापार सहयोग को गहरा करने के लिए भारत-अमेरिका रणनीतिक व्यापार वार्ता के शीघ्र आयोजन पर भी चर्चा की।

मिस्री वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं, इस दौरान उनका ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने का कार्यक्रम है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, उनकी यह यात्रा फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के बाद हो रही है, जहां दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका समझौता - सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के लिए अवसरों को बढ़ावा देना - 21वीं सदी के लिए रणनीतिक सहयोग को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया एक ढांचा लॉन्च किया था। उस यात्रा के दौरान, पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त रूप से 21वीं सदी के लिए अमेरिका-भारत समझौता का अनावरण किया, जिसका उद्देश्य सैन्य, वाणिज्यिक और तकनीकी क्षेत्रों में परिवर्तनकारी प्रगति को बढ़ावा देना है। जनवरी 2025 में राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण के बाद से यह पीएम मोदी की अमेरिका की पहली आधिकारिक यात्रा थी। उल्लेखनीय रूप से, पीएम मोदी नए प्रशासन के गठन के बाद अमेरिका में आमंत्रित किए जाने वाले शुरुआती विश्व नेताओं में से एक थे, यह यात्रा ट्रंप के शपथ ग्रहण के सिर्फ तीन सप्ताह के भीतर हुई थी। यह यात्रा राष्ट्रपति ट्रंप के हाल के दावों के बाद हो रही है जिसमें उनके प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम समझौते की मध्यस्थता का बड़ा दावा किया था। हालांकि, नई दिल्ली ने लगातार कहा है कि युद्ध विराम समझौता पाकिस्तान की शत्रुता समाप्त करने की तत्काल अपील का परिणाम था, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी हवाई ठिकानों पर भारतीय सैन्य हमलों के बाद।

# नेपाली पर्वतारोही कामी रीता ने 31 बार किया माउंट एवरेस्ट फतह

## मशहूर नेपाली पर्वतारोही कामी रीता ने 31 बार किया माउंट एवरेस्ट फतह, अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के मशहूर पर्वतारोही कामी रीता ने मंगलवार को 31वीं बार माउंट एवरेस्ट को फतह किया। इस तरह उन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे ज्यादा बार चढ़ाई करने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया।

इस अभियान के आयोजक और सेवन समिट ट्रेक्स के अध्यक्ष मिंगमा शेरपा ने बताया कि कामी रीता (55 वर्षीय) ने सुबह करीब चार बजे मौसम सामान्य रहने पर 8,849 मीटर ऊंची चोटी के शिखर पर पहुंचे। वह इस बार भारतीय सेना की एडवेंचर विंग के एवरेस्ट अभियान की टीम का मार्गदर्शन कर रहे थे, जिसका नेतृत्व लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज जोशी कर रहे थे।

काठमांडू पोस्ट ने मिंगमा शेरपा के हवाले



से कहा, यह नई उपलब्धि दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे ज्यादा बार चढ़ने वाले वाले व्यक्ति के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करती है। यह एक ऐसा रिकॉर्ड है, जिसके आसपास भी अभी तक कोई नहीं पहुं पाया है।

मिंगमा शेरपा ने आगे बताया कि चोटी पर पहुंचने के बाद कामी रीता सुरक्षित और स्थिर हैं। उन्होंने नीते उतरना शुरू कर दिया है और अब बेस कैंप की ओर लौट रहे हैं। हमेशा की तरह कामी ने अपने बेजोड़ कौशल और पेशेवर अनुभव को फिर से साबित किया है। हम उनकी इस महान उपलब्धि पर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं और जो विरासत वह बना रहे हैं, वह हमारे लिए गौरव का विषय है।

पिछले दो वर्षों में कामी रीता ने हर मौसम में दो बार माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई की। इसके साथ ही उनकी सफल चढ़ाइयों की संख्या 30 हुई। सेवन समिट ट्रेक्स के अभियान निदेशक छांग दावा शेरपा ने बताया कि कामी रीता को कम उम्र से ही पर्वतारोहण का गहरा शौक था और वह बीते दो दशकों से अधिक समय से लगातार पहाड़ों पर चढ़ाई कर रहे हैं।

**कामी रीता कौन हैं?:** शेरपा समुदाय का गढ़ सोलुकुंभी क्षेत्र में जन्मे कामी रीता ने 1992 में अपनी पर्वतारोहण यात्रा शुरू की थी। वे एक सहायक कर्मचारी के रूप में एवरेस्ट पर जाने वाले अभियान समूह में शामिल हुए। उन्होंने पहली बार 1994 में एवरेस्ट पर चढ़ाई की। तब से लगभग हर साल दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर लौटते रहे। कामी रीता के पिता पहले शेरपा पर्वत गाइडों में से एक थे। सेवन समिट ट्रेक्स के अभियान निदेशक छांग दावा शेरपा ने कहा कि कामी ने छोटी उम्र में ही चढ़ाई के लिए गहरा जुनून विकसित कर लिया था। अब दो दशकों से अधिक समय से चोटियों पर चढ़ रहे हैं।

# बेल्जियम की पर्यटकों को चेतावनी: हमारी ऐतिहासिक सड़कों के पत्थर चुराकर मत ले जाइए!

**ब्रुग्स एजेंसी।** बेल्जियम का सुंदर और ऐतिहासिक शहर ब्रुग्स इन दिनों एक अजीब सी परेशानी से जूझ रहा है। यूरोप के सबसे खूबसूरत और आकर्षक पर्यटन स्थलों में गिना जाने वाला यह शहर अपनी मध्ययुगीन इमारतों और खास पत्थर वाली सड़कों के लिए प्रसिद्ध है। इसी ऐतिहासिक सुंदरता के चलते ब्रुग्स का केंद्र यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट भी घोषित किया गया है। लेकिन अब वही खूबसूरती शहर के लिए मुसीबत बनती जा रही है। दरअसल, पर्यटक यहां की ऐतिहासिक सड़कों से चौकोर पत्थर उखाड़कर 'स्मृति-चिह्न' के रूप में अपने साथ ले जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, *हर महीने करीब 50 से 70 पत्थर इस तरह गायब हो रहे हैं। ब्रुग्स प्रशासन के मुताबिक, प्रत्येक वर्ग मीटर सड़क को फिर से बनाने में लगभग 225 डॉलर का खर्च आता है। हालांकि कुछ सैलानी सोचते हैं कि एक-दो ढीले पत्थर उठाने से क्या फर्क पड़ेगा, लेकिन यह काम न सिर्फ विरासत को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। इसी चिंता को लेकर स्थानीय नागरिकों और अधिकारियों ने एक जागरूकता अभियान शुरू किया है जिसमें लोगों से अपील की जा रही है कि कृपया हमारी सड़कों के पत्थर चुराकर मत ले जाइए।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129